रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 27 जून 2024, वर्ष-25, अंक- 145, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 78,674.25 +620.73

डॉलर 83.567 +0.147

रांची सर्राफा

10 ग्राम 71,090 | 01 किलो 94,500



पेज-12 तीन दिनों की सीबीआई रिमांड पर...

# ध्वनिमत से ओम बिरला लगातार दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष

- विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की, किया प्रतिकात्मक विरोध
- संसदीय कार्यमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर और पैनल सदस्यों को धन्यवाद दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद का आज सदन की कार्यवाही में चयन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुछ अन्य सदस्यों ने कोटा से सांसद ओम बिरला का अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिस पर ध्वनिमत से सदन ने मोहर लगा दी। विपक्ष की ओर से अरविंद सावंत और कुछ अन्य नेताओं ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया। हालांकि मत रखने के दौरान ओम बिरला के नाम पर विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की और ध्वनिमत से उन्हें चुन लिया गया। लोकसभा में प्रोटेम स्पीकर ने अध्यक्ष पद का चुनाव कराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजीव रंजन सिंह, जितम राम मांझी, अमित शाह, जाधव प्रतापराव, चिराग पासवान, जोयंता बासुमतारी, एचडी कुमार स्वामी, के राममोहन नायडु, डॉ. इंद्रा हंग सुब्बा, अनुप्रिया पटेल, किशन पाल, डॉ विरेन्द्र कुमार, एसपी सिंह बघेल और अनुप्रिया देवी ने ओम बिरला का नाम प्रस्तावित किया। वहीं अरविंद सावंत, आनंद भदौरिया, सुप्रिया सुले ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया।

इन सदस्यों के प्रस्ताव को आगे एक-एक सदस्य ने अनुमोदन किया। अध्यक्ष के रूप में ध्वनिमत से चयन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मिलकर ओम बिरला को अध्यक्षीय आसन पर बिठाया। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रोटेम स्पीकर की भूमिका में भर्तहरि महताब और पैनल सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## स्पीकर के चुनाव का हुआ प्रतिकात्मक विरोध

18वीं लोकसभा में स्पीकर का निर्विरोध चुनाव नहीं हो सका। विपक्ष इसका सबसे बड़ा कारण डिप्टी स्पीकर की शर्त को सत्ता पक्ष द्वारा मंजूर नहीं किया जाना बताया। विपक्षी सांसद यह मानकर चल रहे थे कि स्पीकर पद पर सत्ता पक्ष की ओर से ओम बिरला का चुना जाना तय है। हालांकि, विपक्ष के सांसदों ने सदन और सदन के बाहर ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुने बधाई भी दी, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनका यह विरोध प्रतिकात्मक था।

## प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने दी बधाई

अध्यक्ष चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी सहित पक्ष और विपक्ष नेताओं ने ओम बिरला को बधाई दी। नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि विपक्ष को बोलने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष को चुप कर देना लोकतंत्र के खिलाफ है। वे संसद के अंतिम मध्यस्त की भूमिका में हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों को उनसे उम्मीद है। विपक्ष भी जनता का ही प्रतिनिधत्व करता है। हम सहयोग करने और सदन को चलाने के पक्ष में हैं। ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने बुधवार को आपातकाल और उसके बाद की गई ज्यादतियों की कड़ी निंदा करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष की सराहना की। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान की गई ज्यादतियों को उजागर किया और यह भी बताया कि किस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया। उन सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े होना भी एक अद्भुत भाव था, जिन्होंने उस दौरान कष्ट झेले।

## नए विजन व नूतन विचारों के साथ उच्च कोटि के मानदंड स्थापित हों : बिरला

अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम बिरला ने देश की 64 करोड़ जनता को मतदान और चुनाव आयोग को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षा और आकांक्षाएं बड़ी हैं। सामूहिक प्रयास के साथ हमें सदन में नए विजन और नूतन विचारों के साथ उच्च कोटि के मानदंड स्थापित करने चाहिए। इस बार 281 नए सदस्य चुनकर आए हैं। उन्हें नियम और परिपाटी का अध्ययन करना चाहिए। बिरला ने संविधान दिवस मनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस सदन को शोषित पीड़ितों के उत्थान के लिए कानून बनाने चाहिए।

**281** नए सदस्य इस बार चुनकर आए हैं, उन्हें नियम और परिपाटी का अध्यन करना चाहिए

## संसद 140 करोड़ देश के नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र : प्रधानमंत्री

18वीं लोकसभा में अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद भवन सिर्फ दीवारें नहीं हैं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र है। अमृत काल में बिरला के दूसरी बार कार्यभार संभालने के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि पांच साल का उनका अनुभव उन्हें सदन का मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाएगा। प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा की रिकॉर्ड उत्पादकता का जिक्र किया जो 97 प्रतिशत रही। उन्होंने बिरला की प्रशंसा की कि उन्होंने महामारी के बावजूद सदन के कामकाज को बाधित नहीं होने दिया और उत्पादकता 170 प्रतिशत तक पहुंच गई।

**97** प्रतिशत रही 17वीं लोकसभा की रिकॉर्ड उत्पादकता जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सराहा

आखिरकार प्रस्ताव हुआ पारित...

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हंगामे के बीच लोकसभा ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** आपातकाल की 50वीं बरसी पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा ने सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं, सदन की कार्यवाही के समापन के बाद केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए सांसदों ने संसद भवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन कर देश में आपातकाल लगाने के लिए कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और माफी मांगने की भी मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और प्रल्हाद जोशी ने आपातकाल लगाने के लिए कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। साथ ही भारतीय लोकतंत्र के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का भी जिक्र करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आपातकाल लगाए जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। उन्होंने कहा, भारत की पहचान पूरी दुनिया में 'लोकतंत्र की जननी' के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया।

ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोप दी गई, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया। इमरजेंसी के दौरान भारत के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर दिए गए, नागरिकों से उनकी आजादी छीन ली गई। ये वो दौर था, जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी थी और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था।

न्यूज ब्रिफ

## राहुल को लोस में विपक्ष के नेता के रूप में मिली मान्यता



**नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज बुधवार 26 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिल गई। 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दे दी है। इस बारे में एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक राहुल गांधी को 9 जून से लोकसभा के नेता के रूप में मान्यता दी गई है। राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद उनके पार्टी के सांसदों ने उन्हें बधाई दी।

## प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कैबिनेट की बैठक 28 को



**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और विभागों से प्रस्ताव मांगा है। इस कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय होने की संभावना है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

आज | कल




# नशा मुक्त झारखंड बनाना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन

## मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

एजेंसी

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विशेष जागरुकता अभियान चलाकर जन-जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री चम्पाई बुधवार को मोरहाबादी मैदान पर आयोजित "मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता" कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों से नशे से बचने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई ने कहा कि वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्कर विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशीली पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन ने कई जगहों पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है।

शेष पेज 11 पर



वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्कर विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशीली पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। -**मुख्यमंत्री, चंपाई सोरेन**

## युवा हमारे राज्य व देश के भविष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं। युवाओं को नशा मुक्त रख कर ही समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी परिवार या समाज नशा मुक्त रहकर ही उन्नति की मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मनुष्य जीवन में नशा नाश का कारण बनता है। नशा शारीरिक खतरा है। नशा से शरीर को क्षति पहुंचती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग अगर नशे की चपेट में रहेंगे

शेष पेज 11 पर

हजारीबाग में कार्रवाई तेज

# नीट पेपर लीक मामले की जांच करने ओएसिस स्कूल पहुंची सीबीआई टीम

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले की जांच करने बुधवार को सीबीआई की टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची। सीबीआई की टीम स्कूल में हर पहलू की जांच-पड़ताल कर रही है। नीट पेपर लीक मामले में इस स्कूल का नाम सामने आया है। पटना के जिस रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुआ नीट यूजी 2024 का अधजला जब्त प्रश्न पत्र मिला था उसका सीरियल कोड हजारीबाग (झारखंड) के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र से लीक हुआ था। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सत्यापन में प्रथम दृष्टया इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और संबंधित पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है।




- प्रश्नपत्रों के बॉक्स तीन मई को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा एसबीआई हजारीबाग पहुंचाए गए थे।

ईओयू की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि पांच मई की सुबह पहुंची थी, जिसके बाद उसे अभ्यर्थियों को रटवाया गया। अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। इसके बाद ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया। सत्यापन में पैकिंग ट्रंक में प्रथम दृष्टया छेड़छाड़ होना पाया गया है।

हजारीबाग ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल सह एनटीए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. एहसान उल हक ने पिछले दिनों बताया था कि एनटीए के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उन्होंने पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। पेपर लीक मामले की जांच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम कर रही है। हजारीबाग पहुंचकर टीम ने जानकारी जुटाई। इसमें उन्होंने पूरा सहयोग किया।

शेष पेज 11 पर

इंडिया



सुनील बादल

*शायद बहुत लोगों को पता नहीं होगा कि पड़ोसी बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्टैबलाइजर या इन्वर्टर न लगते हैं न बिकते हैं जबकि राजधानी रांची में जेनरेटर काल भले समाप्त हो गया हो पर स्टैबलाइजर या इन्वर्टर का कारोबार करोड़ों में है।*

# बिजली : मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों कड़ाई की

देश या दुनिया के नए लोग या कोई झारखंडी जब देशों से घूमकर या बहुत दिनों बाद वापस झारखंड पहुंचता है तो उसे राजधानी रांची की सड़कों में अनुशासनहीनता और सर्वत्र कुव्यवस्था देखकर घोर निराशा होती है। अन्य शहरों में पढ़ाई या नौकरी करने वाले अपनी मातृभूमि अपने माता पिता के पास भी नहीं आना चाहते । बहुत तो छुट्टियों में माता पिता को ही बुला लेते हैं । शायद बहुत लोगों को पता नहीं होगा कि पड़ोसी बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्टैबलाइजर या इन्वर्टर न लगते हैं न बिकते हैं जबकि राजधानी रांची में जेनरेटर काल भले समाप्त हो गया हो पर स्टैबलाइजर या इन्वर्टर का कारोबार करोड़ों में है जबकि लगभग पूरी रांची में करोड़ों के खर्च से अंडरग्राउंड केबलिंग हो चुकी है पर राजधानी रांची से लेकर छोटे बड़े शहर में तारों और केबल का जाल बिजली के पोल में अभी भी दिखते हैं जिनमें सरकारी सीसीटीवी के तार शामिल



हैं तो निजी केबल के भी जिससे बिना तार निर्बाध सेवा की अवधारणा ध्वस्त हो जाती है। बिजली भरपूर होने के बाद भी घरों तक निर्बाध क्यों नहीं पहुंचती यह सवाल कोई नहीं पूछता क्योंकि लोगों ने इसे नियति मान लिया है। इस भारी अव्यस्था से बचने के लिए सरकारी घरों में साइलेंट जेनरेटर लगे हैं सोलर बैकअप भी है पर आम आदमी आज भी गांवों की तरह छतों पर या खुले आसमान के नीचे सोता है । बहुत से घरों और कार्यालयों में अब करोड़ों की लागत से स्मार्ट मीटर को बदलकर प्रीपेड मीटर लगा दिए गए हैं जो कुछ दिनों में काम करने लगेंगे ।बिजली की व्यवस्था पहले से सुधरी है पर भारी संख्या में राज्य में जलने वाले ट्रांसफॉर्मर और मरम्मत के बाद फिर जलने की शिकायत आम है जिससे व्यवस्था पर सवाल उठते हैं । कोलकाता सहित अनेक राज्यों में बिजली के पोल में बिजली की चोरी की शिकायत के लिए छोटे छोटे बोर्ड लगे हैं जिससे शिकायतें बहुत मिलती हैं ।यहां बिजली कटने की शिकायत से लेकर अन्य भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए कोई प्रचारित हेल्पलाइन नंबर नहीं है। एक हेल्पलाइन नंबर +91 94311 35682 सिर्फ व्हाट्सएप्प पर काम करता है इसमें भी कोई जवाब नहीं दिया जाता। लाखों करोड़ों की लागत से स्थापित पुराने 18003456570 /1912 हेल्पलाइन नंबर सरकारों के बदलने के साथ बदलते गए और वर्तमान में आइवीआर तक चालू हैं स्वागत है हमारे प्रतिनिधि से संपर्क करने के लिए प्रतीक्षा करें कहा जाता है पर कोई बात नहीं करता हैं । वस्तुस्थिति यह है कि बिजली खराब हो या आकस्मिकता कनीय अभियंता तक फोन नहीं उठाते जिस कारण परेशान लोग मिस्त्री को फ़ोन करते हैं और मुंहमांगी राशि देने को मजबूर हैं । यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और सभी को दृढ़ विश्वास है कि बिजली का नया कनेक्शन बिना रिश्वत दिए या किसी बड़े प्रभावशाली व्यक्ति से पैरवी कराए नहीं मिल सकता है । लगातार घाटे में चल रहे झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को घाटे से उबारने के लिए चोरी रोकने के सूचना तंत्र को मजबूत बनाना पड़ेगा साथ ही ऑनलाइन आवेदन का रिकॉर्ड रखना पड़ेगा साथ ही उसका अनुश्रवण भी करना पड़ेगा । अभी कोई रिश्वत मांगे और परेशान करे तो एसीबी के अलावा कोई चैनल नहीं जिसमें आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सके ।

# दीपिका दिल्ली रवाना, मंत्री बनाए जाने की चर्चा हुई तेज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल में फेर बदल की संभावना तेज हो गई है।



बुधवार शाम महागामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह अचानक दिल्ली रवाना होने से सूबे का राजनीतक माहौल गरमा गया। मालूम हो कि चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में विधायक इरफान अंसारी और दीपिका के मंत्री बनाए जाने की चर्चा पहले से हो रही है। इरफान अंसारी को जेल में बंद पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री के स्थान पर मंत्री बनाए जाने की संभावना है जबकि दीपिका पांडेय सिंह को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के स्थान पर मंत्री बनाए जाने की चर्चा हो रही है। कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि दीपिका पांडेय को मंत्रालय में शिक्षा विभाग का दायित्व दिया जा सकता है। मालूम हो कि दीपिका पांडेय सिंह को राहुल गांधी के इनर सर्किल का माना जाता है। उन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से विशेष दायित्व भी दिया गया था। दीपिका पांडेय सिंह के झारखंड मंत्रिमंडल में नये चेहरे के रूप में नाम की चर्चा

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### रुडसेट संस्थान में कृषि उद्यमी प्रशिक्षण आज से

**सिल्ली।** रूडसेट संस्थान सिल्ली में आगामी 27 जून से 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण एंव व्यवसायिक वागवानी (फुल एवं फल की खेती) प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। रुडसेट संस्थान के जगदीश चन्द्र महतो ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इच्छुक बेरोजगार युवक एवम महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वो संस्थान कार्यालय मे अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, महिला समूह कोड आदि दस्तावेजों छाया प्रति आवश्यक है। प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क है।प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना व ड्रेस निःशुल्क दिया जाएगा।

### आपसी विवाद में फिर हुई गोलीबारी

**रांची।** आपसी विवाद को लेकर डोरंडा थाना क्षेत्र में एक बार फिर से गोलीबारी का घटना हुई है। यह घटना बुधवार की शाम मणिटोला स्थित सरकारी कुआं के पास हुई है। आपसी विवाद में एक पक्ष की ओर से गोलीबारी करने की बात सामने आ रही है। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। साथ ही, गोलीबारी की घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास डोरंडा थाने की पुलिस कर रही है।

### डीएसपीएमयू के शिक्षक की लिखी पुस्तक का विमोचन कुलपति ने किया

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय डीएसपीएमयू), रांची के आईटी विभाग में शिक्षक डॉ राजेंद्र कुमार महतो द्वारा लिखित पुस्तक 'कंप्यूटर आर्गेनाइजेशन और आर्किटेक्चर' का विमोचन आज अपराह्न 3 बजे कुलपति कक्ष में हुआ। पुस्तक का विमोचन डीएसपीएमयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। मौके पर उन्होंने इस पुस्तक को एक बेहतर संदर्भ ग्रंथ, पठनीय रोचक पुस्तक और नवीन तकनीकों से युक्त पुस्तक बताया।

### अलीशा एक्का की शादी समारोह में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम टांगरबसली पहाड़ टोली में अलीशा एक्का एवं छूटू भगत की शादी समारोह में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत। डॉ. परमेश्वर भगत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और खुशहाली के साथ जीवन यापन करने के लिए शुभकामनाएं दी, साथ ही भगवान से प्रार्थना किया की इनके वैवाहिक जीवन को सुखमय रखे। मौके पर हिरूवा उरांव, सुकरा उरांव, संजय उरांव, किशोर मिंज, जीतवाहन उरांव, सीताराम उरांव, सालु उरांव, फगुवा उरांव एवं सोमरा उरांव आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षण व बाजार मिले तो पूरे विश्व में मिल सकती है मैकलुस्कीगंज के मलारों को पहचान

# 'लॉस्ट वैक्स कास्टिंग' में है महारत, कौशल को चाहिए बाजार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी प्रखंड अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज के मलारों को प्रोत्साहन मिले तो ये पूरी दुनियां में अपनी पहचान बना सकते हैं। यहां रहने वाली मलार जनजाति सरकारी उपेक्षा का शिकार है। पिछले चार दशक से मैक्लुस्कीगंज में करीब 25 मलार परिवार रहते आ रहे हैं। इससे पूर्व ये लोग खानाबदोश जीवन बिता रहे थे। मूल रूप मलार छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के रहने वाले हैं। बिरहोरों की तरह मलार भी विलुप्त होती जनजाति है, जिनकी जनसंख्या काफी कम है। पिछले चार दशक से मैक्लुस्कीगंज में रह रहे इन मलारों के पास मूलभूत सुविधा तक नहीं है। करीब डेढ़ दशक पूर्व जिले के तत्कालीन उपायुक्त केके सोन स्वयं इन मलारों के टोले में आए थे और इन मलारों की सुधि ली थी। उन्होंने आश्वस्त किया था कि सभी परिवारों को इंदिरा आवास, लाल कार्ड आदि उपलब्ध कराएं जाएंगे। बस्ती में दो-तीन इंदिरा आवास बने भी, लेकिन सबों को घर नहीं मिल सका। हां, उपायुक्त के दौरे के बहुत से लोगों को लाल कार्ड मुहैय्या करा दिया गया।

### सामान बेचने के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता है

मैक्लुस्कीगंज के इन मलारों को 'लॉस्ट वैक्स कास्टिंग' में महारत हासिल है। मेटल क्राफ्ट की यह कला हमारे देश में करीब 4000 वर्ष पुरानी है। इस कला में गैर लोहा मेटल को पारंपरिक विधि से ढलाई कर तरह-तरह की वस्तुएं बनाई जाती हैं। इस कला को ये मलार 'ढोकरा' भी कहते हैं। आरंभ में झारखंड, बंगाल, उड़ीसा तथा छत्तीसगढ़ के जनजाति इस विधि का प्रयोग करते थे। बाद में ये ही लोग दक्षिण के केरल तथा पश्चिम में राजस्थान तक गए। इस प्रकार 'लॉस्ट वैक्स कास्टिंग की कला पूरे देश में फैल गई। मैक्लुस्कीगंज के मलार इस विधि से परंपरागत घोड़े, हाथी, मोर, घार्मिक आकृतियां, नापने का पउआ, आकर्षक लैंप आदि बनाते हैं। इन सामानों को बेचने के लिए इन्हें दूर दराज के गांवों में भटकना पड़ता है। ये बताते हैं कि अब इन चीजों के न तो ग्राहक जल्दी मिलते हैं न ही उचित कीमत मिल पाता है। हां विदेश से मैक्लुस्कीगंज आने वाले कुछ पर्यटक इनके सामान विदेशों में ले गए हैं। मैक्लुस्कीगंज निवासी कुछ कला प्रेमी इनसे साज-सज्जा के काफी सामान बनवाएं हैं।

### राधा गोविंद विवि में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**रांची/ रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के शिक्षा विभाग में झारखंड सरकार पत्रांक संख्या आरयूएस/ मिस्क -5/2022/ एचटीईएसडी-180 रांची के आलोक में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 19 जून से 25 जून तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणाम से लोगो को जोड़ना है नशा मुक्त भारत के लिए हमारी जिम्मेदारी नशा रोकना है। जिसमे शिक्षा विभाग के सभी छात्र -छात्राओं ने सम्मिलित रूप वर्कशॉप, सेमिनार, पोस्टर, निबंध प्रश्नोत्तरी एवं लघु नाटक प्रतियोगिता में भाग लिए।साथ ही रामगढ़ झारखंड बुडखुखरा गांवों में जाकर सभी ग्रामीणों एवं नए युवा पीढ़ी को जागरूक किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन.साह ने सभी को हार्दिक बधाई दी। और उन्होंने कहा की आज के युवा पीढ़ी इससे सबसे ज्यादा शिकार हैं वह जागरूक एवं सतर्क हो जाएं तो बहुत सारी की जिंदगी बच सकती है।नशे से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों के साथ- साथ खेलों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना होगा।

## 'रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड' कार्यक्रम के तहत जागरूकता दौड़ का आयोजन

# मादक पदार्थों का उपयोग नहीं करने को लेकर उपायुक्त ने दिलाई सभी को शपथ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ रामगढ़**

मादक पदार्थों के विरुद्ध 19 जून 2024 से 26 जून 2024 तक चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहर के थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने जागरूकता दौड़ में हिस्सा लिया।

दौड़ समाप्त होने के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 19 जून से 26 जून 2024 तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, पंचायत स्तर पर भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। नशे का सेवन करना ना केवल किसी व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर देता हैं बल्कि इसका खामियाजा उस व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को भी झेलना पड़ता है। वर्तमान में हम सभी को नशीली पदार्थों से पूरी तरह से सतर्क रहने एवं अपने घरों में भी इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मौके पर उन्होंने सभी से नशीली पदार्थों के सेवन से पूरी तरह से दूर रहने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने भी नशीली पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति सभी को जागरुक करते हुए सभी को इनसे दूर रहने एवं इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर इसकी जानकारी नजदीकी थाना अथवा प्रशासन को देने की अपील की। रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड समाप्त होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा सभी को नशा मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाया गया वहीं उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों एवं बच्चों ने सेल्फी कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

## एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने एंटी ड्रग दिवस पर ड्रग विरोधी अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, साहित्यिक क्लब, छात्र कल्याण विभाग ने बुधवार को विश्व ड्रग दिवस पर एंटी-ड्रग ड्राइव का आयोजन किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। सत्र के मुख्य वक्ता असित कुमार मोदी, पुलिस निरीक्षक (प्रभारी प्रशिक्षण अनुभाग) जांच प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रांची ने व्यक्तियों, परिवारों और समग्र समाज पर नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में प्रकाश डाला। इसके बाद उन्होंने साक्ष्यों/प्रदर्शनों, तलाशी जब्ती, गिरफ्तारी, आदि के विशेष संदर्भ में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की बारीकियों पर चर्चा की। इसका समापन डॉ प्रभात त्रिपाठी, एसोसिएट डीन छात्र कल्याण विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में करियर मेले का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मेगा करियर मेले का आयोजन फोरम के सहयोग से किया गया। रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स तथा निकटवर्ती जिलों के 10 से अधिक विद्यालयों के 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं और 15 विश्वविद्यालय इस सत्र में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत मेडिटेशन से हुई जिसमें प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का आरंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित के साथ किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। प्राचार्या ने इस सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। सत्र के मुख्य वक्ता नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर प्रनब मुखर्जी थे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें सफलता का वास्तविक अर्थ समझाया। इसके बाद छात्रों और अभिभावकों के लिए करियर मेले का आयोजन किया गया। 'परामर्श के माध्यम से स्कूलों का रूपांतरण' और 'नए युग के कौशल और करियर' पर सत्र हाई स्कूल के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किए गए, जिनका संचालन मूवमेंट के संस्थापक, गणेश कोहली और संस्थान के शैक्षणिक प्रबंधक रतिश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों के लिए बूट कैंप का आयोजन किया गया। इसका विषय फ्रॉम कंपटीशन टू कंपीटेंस। कम्पैशन एंड माइंडफुलनेस इन काउंसलिंग, विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस पैनल चर्चा में प्रो.(डॉ.) गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची, प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा, कुलपति, विश्वविद्यालय, डॉ. सुभाष कुमार, प्राचार्य, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची, डॉ. कैप्टन सुमित कौर, प्राचार्या, गुरु नानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल रांची, तनुश्री सरकार, अध्यक्ष, बाल कल्याण आयोग, डॉ. शालिनी लाल, सहायक प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान विभाग), डीएसपीएमयू, रांची तथा हमारे स्कूल के पूर्व छात्र उज्जवल मोहता जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। दर्शकों को संलग्न रखने के लिए एक विशेष नेटवर्किंग क्विज का आयोजन किया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने मनाया 'नो टोबैको डे'




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तंबाकू के उपयोग से स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु 'नो टोबैको डे' मनाया गया। इस अवसर पर तंबाकू छोड़ने वालों को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। 'प्लांट द सीड्स ऑफ गुड हेल्थ', 'प्रीवेंट कैंसर एंड प्रिजर्व लाइफ' थीम पर निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल का यह प्रयास है कि लोग तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को जानें, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाएं तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करें। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा इस बात पर जोर दिया कि सच्चे सुख और शांति की प्राप्ति एक स्वस्थ जीवनशैली को अपना कर ही किया जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिला प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन के नेतृत्व में बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण से मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान क्लब प्रतिनिधि ने ज्ञापन देकर पत्रकार हित में कुछ मांगे रखी। साथ ही, वर्तमान परिस्थितियों से राज्यपाल को अवगत कराया। क्लब ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड मंत्रालय में पत्रकारों के प्रवेश को लेकर कई कड़ी शर्तें रख दी गयी हैं, जिससे पत्रकारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। कोरोना काल से पूर्व की भांति रेलवे में पत्रकारों को मिलने वाली छूट को पुनर्बहाल करने व अन्य राज्यों के अनुरूप झारखंड के पत्रकारों के लिए सुविधा व सम्मान की मांग की गयी है। रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट के पार्किंग स्थल को पत्रकारों के लिए निशुल्क करने की मांग पर राज्यपाल ने तत्काल अधिकारियों को पत्राचार करने के निर्देश दिये हैं। मुलाकात करने वालों में अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन के साथ क्लब के सह-सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य विजय मिश्र व सौरव शुक्ला शामिल थे।

### नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान




**मांडर।** माण्डर महाविद्यालय माण्डर के एन सी सी कैडेटस एवं एन एस एस स्वयंसेवकों ने को नशा उन्मुलन जागरूकता अभियान चलाया। आरंभ में प्राचार्या डॉ० कुनूल कांदीर ने बच्चों को अभियान के लिए शुभकामनाए दी। विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर से राष्ट्रीय उच्च मार्ग तक नारे लगाते हुए मादक पदार्थों के सेवन के विरूद्ध स्थानीय लोगों में जागरूकता फैलाई। अभियान का संचालन ए० एन० ओ० डॉ० अनसेलम मिंज, सहायक अजित एक्का , डॉ० पवन कुमार दास ने किया। अभियान में 49 एन सी सी कैडेटस एवं 12 एन एस एस स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### विधायक प्रतिनिधि, जिप उपाध्यक्ष व प्रमुख ने श्मशानघाट पर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**सिल्ली।** प्रखंड के दोवाड्डु पंचायत के दोवाड्डु तुपीनसेरेंग बन सतिया श्मशान घाट पर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। श्मशानघाट शेड का निर्माण कार्य 15 वें वित्त निधि (जिला परिषद) से किया जाना है। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि शेड निर्माण होने से शव लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों को परेशानियों से निजात मिलेगी। धूप, बरसात जैसे मौसम में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को राहत मिलेगी। जयपाल सिंह ने लोगों को कार्य में सहयोग करने की आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की निर्देश दिया। इस मौके पर बुद्धदेव दत्त, महेश्वर हजाम, रतन सिंह मुंडा, रविंद्र नाथ मुंडा, मानिक दत्ता, कृष्ण सिंह मुंडा, भीम सिंह मुंडा, अघनु महतो, निरंजन सिंह मुंडा, महेश्वर सिंह मुंडा, बलराम मुंडा , धनंजय सिंह मुंडा आदि उपस्थिति थे।

### कई महीनों से बंद है वृद्धा पेंशन परेशानी में हैं खलारी के बुजुर्ग



**खलारी।** खलारी प्रखंड के सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों का वृद्धा पेंशन बंद हो गया है। पिछले कई महीनों से वृद्धावस्था सहित विकलांग व अन्य पेंशन लाभुकों को नहीं मिल रहा है। पेंशन नहीं मिलने बुजुर्ग परेशानी में हैं। ऐसे ही एक बुजुर्ग नंदकिशोर प्रसाद मंगलवार को खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाहर अपनी समस्या लेकर पहुंचे हुए थे। चलने में असमर्थ नंदकिशोर प्रसाद खलारी प्रखंड कार्यालय के बरामदे में अपनी व्हील चेयर पर थे। नंदकिशोर प्रसाद हेसालौंग गांव के रहने वाले हैं। अपनी परेशानी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 से उनका वृद्धा पेंशन बंद है। उनके तीन बेटे हैं। तीनों बेटे एक-एक महीना करके बारी बारी से खाना खिलाते हैं। परंतु केवल भोजन से तो जीवन नहीं चलता है। हाथ में कुछ नगदी भी चाहिए। वृद्धा पेंशन मिलता था तो काम चल जाता था। परंतु नौ महीनों से पेंशन बंद है, जिससे परेशानी में हैं। उन्होंने बताया कि नगद पैसे के लिए वे अपने जमीन का एक हिस्सा बेच देना चाह रहे हैं। परंतु जमीन में कुछ विवाद है। इसी के हल के लिए खलारी अंचल आए हुए हैं।

### सांसद संस्कृति महोत्सव को ले केंद्रीय संस्कृति मंत्री से मिले संजय सेठ

**रांची।** सांसद संस्कृति महोत्सव और राष्ट्रीय कथक महोत्सव के आयोजन को लेकर रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम में अगस्त के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष मुख्य आकर्षण का केंद्र कथक का आयोजन होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध कथक नृत्ययांगना अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे । रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में बहुत संभावनाएं हैं। बस सिर्फ वहां के लोगों प्रोत्साहित और निखारने की जरूरत है। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र हो ऐसी कई प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच नहीं मिल पाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसी प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच देना जहां वह अपनी कला को दिखा सके। सेठ ने बताया आज हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को जिंदा रखने के लिए इस तरह के आयोजन किए जाने की आवश्यकता है। ताकि, हमारे बच्चे कत्थक नृत्य को जानें और उन्हें समझें। हमारे बच्चे आज पश्चिमी सभ्यता की ओर भाग रहे हैं। इसलिए हमें बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में बताना होगा।

## नुकसान

## विश्व नशा मुक्ति दिवस सह कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

# नशे का सेवन कर खुद ही मौत को दावत दे रहा इंसान : राजश्री अपर्णा कुजूर



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में विश्व नशा मुक्ति दिवस सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है। इसकी शुरूआत 26 जून, 1989 को हुई। डालसा सचिव ने कहा कि आज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नशे के गुलाम बन चुके हैं। नशा आज स्टेटस सिबंल बन चुका है। कैसी विडंबना है कि मानव को नशे से होने वाली बीमारियों का पता है, फिर भी खुद ही मौत को दावत दे रहा है। महिलाएं भी नशे की गिरफ्त में आ चुकी हैं।

### नशापान से न सिर्फ परिवार बर्बाद होता है, बल्कि इंसान की मौत तक हो जाती है : विकास जायसवाल

**खूंटी।** रनिया थाना पुलिस ने बुधवार को रनिया प्रखंड के खटगा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशापान के विरुद्ध जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रनिया के थाना प्रभारी विकास जायसवाल ने कहा कि नशापान से परिवार के साथ ही समाज पर बहुत बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशापान से न सिर्फ परिवार बर्बाद होता है, बल्कि इंसान की मौत भी हो जाती है। यह जानते हुए भी लोग इसकी लत में फंसते जा रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ परिवार और समाज के लिए हमें नशापान का त्याग करना ही पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी हाल में अफीम की खेती न करें।

### राज्यस्तरीय सम्मेलन को लेकर इंटक की बैठक संपन्न

## मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर 7 जुलाई को नगर भवन हजारीबाग में राज्य स्तरीय सम्मेलन



**बरही ।** बुधवार को पूर्वी पंचायत भवन में इंटक नेताओ की एक बैठक हुई. जिसमें मजदूरों के हक व अधिकार को लेकर 7 जुलाई को आयोजित होने वाले बैठक पर चर्चा हुआ. जिसकी अध्यक्षता ओबीसी जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया. जिसमे मुख्य रूप से झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुजीत नागवाला कांग्रेसी नेता धीरज सिंह, रामविलास सिंह, सलिक सुभानी आदि मौजूद रहे. प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि कांग्रेस ने सदा ही मजदूरों के हित और अधिकार के लिए आवाज बुलंद किया है. इसी उद्देश्य से कांग्रेस जिला नगर भवन में सम्मेलन आयोजित कर रही है. इस सम्मेलन में अधिकाधिक मजदूर, किसान उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं. जिलाध्यक्ष ने बताया कि बरही एक इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में विकसित हो रहा है. यहां आधा दर्जन से अधिक फैक्ट्रियां कार्यरत है. जहां मजदूर को सुरक्षा और उचित परिश्रमिक नहीं मिल रहे हैं।




नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशीले पदार्थों के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में जागरूकता रैली निकाली। इसमें सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया। उपस्थित युवाओं ने समाज एवं देश से नशे को समाप्त करने का संकल्प लिया। एनसीबी के अधिकारियों और कर्मियों ने स्थानीय लोगों एवं मॉर्निंग वॉक करने आए सैकड़ों लोगों को जागरूक किया। साथ ही, नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई।

## रेलवे टिकट की कालाबाजारी करता एक दुकानदार गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी करते एक दुकानदार रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने अपराध शाखा रांची के साथ मिलकर लोकल पुलिस गोंदा थाना की सहायता से यह कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गोंदा थाना के कांके रोड स्थित चांदनी चौक के मरियम कंप्यूटर में छापेमारी की गई। जांच के दौरान दुकानदार रिजवान अहमद के पास से 14 ई-टिकट बरामद किए गए। बरामद टिकट का मूल्य 39 हजार रुपये था। पूछताछ में दुकानदार ने अपना जुर्म कबूल किया।

# माहेश्वरी महिला समिति का प्री मानसून मेला आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माहेश्वरी महिला समिति रांची ने प्री मानसून मेला कम एग्जीबिशन 2024 का आयोजन 27-29 जून तक माहेश्वरी भवन किया है। मेला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है।

संयोजिका विजयश्री साबू, विनीता बिहानी, ममता डागा, रश्मि मालपानी, रंजू मालपानी ने कहा कि स्वरोजगार के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना भी इस मेले का एक लक्ष्य है। उपाध्यक्षा अनीता साबू एवं सचिव बिमला फलोर ने बताया, मेला लगाने का मकसद यही है कि छोटे उद्यमी, जो घर बैठे कम पूंजी में काम करते हैं, उन्हें अपनी पहचान बनाने के लिए एक प्लेटफार्म मिले।

अध्यक्षा भारती चितलांगिया ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कहा, मेला में रांची के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों सहित कोलकाता, सूरत,




मुंबई, राजस्थान, वाराणसी, बेंगलुरु जैसे कई जगहों से 43 स्टॉल के लिए बुकिंग हुई है। एग्जीबिशन में रियल डायमंड ज्वेलरी, डिजाइनर साड़ी, लहंगा, कुर्ती, हैंडमेड ज्वेलरी, गिफ्ट आइटम, राखी, लड्डू गोपाल की पोशाक के साथ उनके श्रृंगार की सामग्री, बेडशीट, बैग, लजीज व्यंजन आदि का स्टॉल लग रहा है।

प्रेस कांफ्रेंस में रांची सभा अध्यक्ष किशन साबू, रांची सभा सचिव नरेंद्र लखोटिया के साथ महिला समिति की सभी सदस्य उपस्थित थीं। मेले को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए महिला समिति की सभी सदस्य जुटी हुई हैं।

### खादगढ़ा बस स्टैंड पर बने 'रैन बसेरे' पर नहीं है नगर निगम का ध्यान

# ना सुरक्षित, ना सुविधाओं का ख्याल

**मनोज मिश्रा। रांची**

एक आम आदमी की जरूरत क्या होती है - खाने के लिए रोटी, पहनने के लिए कपड़ा और रहने के लिए मकान। जेब में पैसा हो, तब सब कुछ आसानी से बहुतायत में उपलब्ध हो जाता है। लेकिन, गरीब या मध्यम वर्ग के व्यक्ति को सम्मानजनक स्थिति में रोटी, कपड़ा और मकान हासिल करने के लिए हर क्षण जद्दोजहद करनी पड़ती है। फिर भी वह नसीब नहीं हो पाता है, जो उसे और उसके परिवार को चाहिए। जब गरीब या मध्यम वर्ग का आदमी शहरों में किसी काम से आता है और उस शहर में उसका कोई परिचित नहीं हो, तो उसे ठहरने के लिए आवास की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन, उसके पास इतना पैसा नहीं होता है कि वह होटलों में ठहर सके। इस स्थिति में सरकारी 'रैन बसेरा' उसे भगवान का उपहार नजर आता है, जो उसे मुसीबतों से बचा सकता है। लेकिन, रांची में 'रैन बसेरा' स्वयं भगवान से उद्धार के लिए गुहार लगाता नजर आता है।

बस में यात्रा करता हुआ व्यक्ति जब रांची पहुंचता है, तो वह खादगढ़ा बसस्टैंड पर 'रैन बसेरा' देखकर संतोष का अनुभव करता है। खादगढ़ा स्थित बस स्टैंड पर पुरुष और महिला दोनों के रहने के लिए रैन बसरे हैं। दोनों रैन बसेरों में 50-50 बेड हैं। कभी झारखंड के नेता खादगढ़ा बस स्टैंड को 'आदर्श बस स्टैंड' कहते थे, लेकिन न केवल बस स्टैंड में, बल्कि यहां बने रैन बसेरे में भी मौलिक सुविधाओं का घोर अभाव है। रांची नगर निगम ने अभी तक पुरुष एवं महिला 'रैन बसेरा' में वैकल्पिक बिजली, यानी जेनरेटर की व्यवस्था नहीं की है। इस कारण बिजली गुल हो जाने पर लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है। सीलिंग फैन नहीं चलता है। इस भयंकर गर्मी में बिना बिजली, पंखा के रहना कठिन हो जाता है। बिजली नहीं रहने के कारण स्नानागर एवं शौचालय में पानी भी नहीं होता है। शौच जाना भी मुश्किल हो जाता है। टंकी होने के बावजूद पानी नहीं रहता है।




महिला 'रैन बसेरा' के चारों ओर नहीं की गई है बाउंड्री

जेनरेटर की नहीं है व्यवस्था, बिजली गई तो शौच जाना भी मुश्किल

## रैन बसेरों में नहीं लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

इस रैन बसेरे में समुचित सुरक्षा की व्यवस्था भी नहीं की गई है। नगर निगम ने अभी तक इन रैन बसेरों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए हैं। कभी किसी यात्री के मोबाइल की चोरी हो जाती है, तो कभी किसी का सामान। बाउंड्री नहीं होने के कारण महिला 'रैन बसेरा' के आसपास असामाजिक तत्वों का भी खतरा बना रहता है। लोग ग्रुप में खुलेआम शराब पीते नजर आते हैं। अगर बाउंड्री होती, तो गेट लगाने की व्यवस्था भी होती और इससे महिला 'रैन बसेरा' ज्यादा सुरक्षित हो जाता। रांची नगर निगम ने 'रैन बसेरा' में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी हो, ऐसा कहीं दिखाई नहीं देता है।




## नगर निगम क्षेत्र में जाम नालियों के कारण जल जमाव पर चैंबर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम क्षेत्र में बरसात के दौरान नालियों की वजह से होने वाले जल जमाव को लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफजेसीसीआई) की जल शक्ति उप समिति की बैठक चैंबर भवन में आयोजित हुई। इस अवसर पर रांची नगर निगम के पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने निगम क्षेत्र में आने वाले नालों को एक साथ जोड़ने की बात पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान तभी संभव है, जब रांची नगर निगम को नालियों के निर्माण करवाने का पूर्ण अधिकार राज्य सरकार द्वारा मिल जाए।

इस मुद्दे पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अपर बाजार से लेकर कांटा टोली, हरमू रोड, हजारीबाग रोड समेत सभी क्षेत्र में नालियों के जल जमाव की वजह से घरों और दुकानों में बरसात का पानी घुस जाता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर चैंबर जन आंदोलन करने को तैयार है। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव परेश गट्टानी ने इस विषय पर चैंबर द्वारा जागरण अभियान चलाने की बात कही। बैठक में जल शक्ति उप समिति के विजय शंकर ने नालियों में व्याप्त कूड़े-कचरे की साफ सफाई से जुड़े मुद्दे को उठाया। बैठक में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, रोहित पोद्दार, मुकेश पांडे, सुनील कारा, अमित तोसावर, ब्रजेश सिंह, गोपी कृष्णा, राजीव चौधरी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आरपीएफ ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या-1 से रौशन कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वह बिहार के जहानाबाद के काको का रहने वाला है। रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों तथा ट्रेनों मे शराब की धड़पकड़ के लिए




ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ और फ्लाइंग टीम ने बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर जांच के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में ट्रॉली बैग के साथ खड़ा देखा। ट्रॉली बैग की जांच करने पर रॉयल व्हिस्की की 36 शराब की बोतल बरामद की गई। इसके बाद रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया।रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने स्वीकार किया कि अपने निजी लाभ के लिए अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए गाड़ी संख्या 18624 से जहानाबाद (बिहार) जा रहा था। इसी दौरान वह पकड़ा गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य 25 हजार रुपये आंका गया है।

### रांची में ब्राउन शुगर और गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** कोतवाली थाने की पुलिस ने दो युवकों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चान्हो थाना निवासी बिक्की कुमार साव और नरकोपी थाना निवासी भीमा कुमार



साहू शामिल हैं। इनके पास से ग्यारह पुड़िया ब्राउन शुगर और 5.20 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कचहरी चौक के पास नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर दो लोगों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### हाई कोर्ट की गठित अधिवक्ताओं की कमेटी ने वाटर हार्वेस्टिंग पर दी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जल स्त्रोतों के संरक्षण और तीन डैमों की साफ-सफाई के साथ अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर अब 25 जुलाई को सुनवाई होगी। हाई कोर्ट द्वारा गठित छह अधिवक्ताओं की कमेटी ने बुधवार को रिपोर्ट सौंपी, जिसके बाद अदालत ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता को फाइनल रिपोर्ट 28 जून तक जमा करने का निर्देश दिया है।हाई कोर्ट ने छह वकीलों की एक टीम गठित की थी, जिसने शहर के अलग-अलग इलाकों में बनी बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण कर हाई कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी है। रांची के बड़ा तालाब और आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने के साथ इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। याचिका में कहा गया है कि शहर में तेजी से मल्टी स्टोरीड बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका खराब असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं, रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता प्रतियोगिता में कई छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व नशा निवारण दिवस पर झारखंड के सभी विद्यालयों में 'नशे के विरुद्ध एक युद्ध' नाम से अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतिन दिन बुधवार को संकल्प सह पुरस्कार वितरण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। रैली के बाद छात्रों ने नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध रोक लगाने की संकल्प लिया। इसके बाद छात्रों को पुरस्कृत किया गया। 18 से 22 जून तक अलग-अलग गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, 22 जून को झारखंड के सभी कूलों के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। 25 जून को साइकिल रैली निकाली गई। केंद्रीय स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी स्कूलों और उसके 100 मीटर के दायरे में तंबाकू निषेध परिसर बनाने का निर्देश दिया है। इसके तहत विद्यालय परिसर के 100 मीटर के दायरे में किसी प्रकार के नशा के उपयोग वाले समानों की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। तंबाकू निषेध वाले क्षेत्र में पान, गुटखा और अन्य समानों कि बिक्री पर रोक होगी। वर्जित परिसर या इसके दायरे में आने वाले क्षेत्रों के अंदर तंबाकू खाकर थूकने पर जुर्माना लगाने का प्रावधान भी होगा।



### रांची में मानसून का प्रवेश 29 जून को

**रांची।** राज्य में छह दिन की देरी के बाद 21 जून को मानसून प्रवेश कर गया, लेकिन 21 जिलों में अब भी मानसून की बारिश का इंतजार है। वैसे, राज्य के तीन जिलों पाकुड़, साहिबगंज और पश्चिमी सिंहभूम में मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 जून को रांची सहित राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की संभावना है। 30 जून और 1 जुलाई को पूरे झारखंड में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने पूरी संभावना है। कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। रांची मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार मानसून की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है। कई जिलों में बारिश कि संभावना के बावजूद बारिश नहीं हुई। रांची सहित शेष 21 जिलों में मानसून पहुंचने में तीन से चार दिनों का समय लग सकता है। इस दौरान अगले दो से तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

# कोचिंग संस्थानों की वेबसाइट पर शिक्षकों की योग्यता की जानकारी नहीं

*शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन में शिक्षकों की जानकारी देना अनिवार्य*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड अलग राज्य बने 24 साल हो गए हैं। इन 24 सालों में झारखंड में कई सरकारें बनीं, लेकिन एक भी सरकार ने कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगाने के लिए कानून नहीं बना पाई। यही कारण है कि हर गली चौराहे पर कई कोचिंग संस्थान मिल जाएंगे। इन कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षक योग्य है या नहीं, इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं होती है। केंद्र सरकार ने इस पर पहल की है। देश भर में संचालित कोचिंग संस्थानों की मनमानी को रोकने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी की थी, लेकिन राजधानी रांची में संचालित कोचिंग संस्थान गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। रांची के कोचिंग संस्थान नियमों को दरकिनार कर कोचिंग को चला रहे हैं। नियम का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जानकारी लेने वाला कोई नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रायल के जारी मानकों में यह कहा गया है कि सभी कोचिंग संस्थान को अपनी वेबसाइट डेवलप कर वेबसाइट में कोचिंग में पढ़ाने वाले शिक्षकों की पूरी जानकारी देनी है। शिक्षक की योग्यता कम से कम स्नातक होना अनिवार्य है। लेकिन, रांची संचालित कोचिंग संस्थानों की वेबसाइट पर किसी भी शिक्षक की जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, 16 वर्ष से कम उम्रवाले छात्रों का नामांकन या रजिस्ट्रेशन नहीं करना है। लेकिन, रांची की सड़कों पर अलग-अलग कोचिंग संस्थानों के ड्रेस में 16 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को कोचिंग जाते हुए देखा जा सकता है।

### मानकों का नहीं करते हैं पालन

कोचिंग संस्थान उन्हीं मानकों को मान रहे हैं, जिससे कोचिंग संस्थान को फायदा होता है। जिन मानकों से कोचिंग संस्थान को फायदा नहीं है, उसे दरकिनार कर के चल रहे हैं। इससे नियम की अवहेलना तो हो ही रही है, लोगों तक अधूरी जानकारी पहुचाई जा रही है। राजधानी रांची के चौक चोराहों पर कई ऐसे होर्डिंग और बैनर लगे हुए हैं, जो काफी भ्रामक हैं। कुछ कोचिंग संस्थान दूसरे संस्थान के छात्रों को भी अपना विद्यार्थी होने का दावा पेश करते हैं। रांची के कोचिंग संस्थान राजस्थान में रहने और पढ़ने वाले छात्रों को अपना बता चुके हैं।



## सिरमटोली फ्लाईओवर का काम सितंबर तक पूरा करें : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया। मंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ओर निर्माण कंपनी मेसर्स एल एंड टी लि. को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सितंबर महीने तक हर हाल में डोरंडा से सिरमटोली फ्लाईओवर का काम पूरा कराएं। विभागीय मंत्री ने सिरमटोली फ्लाईओवर में दो जगहों पर केबल ब्रिज निर्माण के लिए रेलवे से जो एनओसी लेना है, उस पर अधिकारियों से जानकारी ली। रेलवे के पदाधिकारियों को भी यथाशीध्र इस दिशा में कार्य करने को कहा। मंत्री ने दोपहर में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। राजधानी में और भी बनने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर पर भी विचार-विमर्श किया। निरीक्षण में विभागीय सचिव सुनील कुमार सहित विभाग के अभियंता मौजूद रहे।

# खेल से तनाव दूर होता है : अनूप बिरथरे

### दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे और सफेद कबूतर उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि तनाव भी कम होता है। डीआईजी ने कहा कि एक तरफ जहां तनाव पुलिसकर्मियों के लिए चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ इससे उबरने के लिए फिट रहना भी जरूरी है। यह खेल से ही संभव हो सकता है। खेल से तनाव दूर होता है। इस तरह के आयोजन की पुरानी परंपरा रही है। इसी के तहत पुलिस खेलकूद




प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ियों को पुलिस नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा।




## पीपीके कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददता। रांची**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू में बुधवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोज किया। इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों ने जनजागरण यात्रा भी निकाली। पंच परगना किसान (पीपीके) कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो मुकुल कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। समाज को नशा मुक्त करने के लिए उन्होंने युवाओं को आगे आने को कहा। इस दौरन कार्यक्रम प्रभारी डॉ आराधना तिवारी, डॉ तारकेश्वर कुमार, संगीता जायसवाल, डॉ अशोक शर्मा, डॉ दीप नारायण जायसवाल, डॉ रविकांत मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

### रांची सिविल कोर्ट में निपटाया गया 29 साल पुराना केस के माध्यम से सुलझा

**रांची।** सिविल कोर्ट के डालसा स्थित मध्यस्थता केंद्र में बुधवार को 28 साल पुराने लंबित मामले को बुधवार को सफलता पूर्वक सुलझा लिया गया है। मामला दुर्घटना मुआवजा से जुड़ा हुआ था। प्रथम पक्ष कन्हाई साहू और द्वितीय पक्ष प्रमिला देवी, शिशुपाल शर्मा एवं दुर्गा कुमारी के बीच में अधिवक्ता सह मध्यस्थ मनीषा रानी एवं अधिवक्ता रामनारायण साहू के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच 28 साल पुराने केस में समझौता हो सका। कन्हाई साहू ने मुआवजा की राशि एक लाख ऑन स्पॉट प्रमिला देवी और उनके परिवार को दिया। साल 1996 में ट्रक और कार की टक्कर में प्रमिला देवी के पति का निधन हो गया था। उस समय उनके बच्चे बहुत छोटे थे।

# छेड़खानी पर लोगों ने केसीसी कंपनी के कर्मचारी को पीटा, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सड़क निर्माण में लगी केसीसी कंपनी के एक कर्मचारी को छेड़खानी के मामले में रातू थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। मामला सिमलिया का है, जहां पर केसीसी कंपनी का कार्यालय है। कर्मचारी अक्सर शराब पीने के बाद आने-जाने के क्रम में वहीं अवस्थित बागलता कॉलोनी के नाबालिग लड़कियों के साथ लगातार छेड़छाड़ किया करता था। घटना की बात सामने आने के बाद बागलता मुहल्लावासियों का गुस्सा भड़क गया और लोगों की भीड़ ने एक कर्मचारी को पीट डाला। इस दौरान काफी हंगामा हुआ। साथ ही, केसीसी बिल्डकॉम के परिसर में स्थानीय लोगो ने घेराव कर दिया तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर सुखदेवनगर, पंडरा, रातू एवं पुनदाग थाने की पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराने में सफल रही। हालांकि, छेड़खानी में कंपनी के अन्य दो कर्मचारियों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। रातू पुलिस ने अन्य दो लोगों को थाना में हाजिर होने को कहा है। लेकिन, उन दोनों के फरार होने की बात सामने आ रही है। वहीं, कंपनी पुलिस को किसी भी तरह से अपराधी कर्मचारियों के बारे बताने में कोई मदद नहीं कर रही है।

## नाबालिग से यौन शोषण के दोषी को दस साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दो साल तक यौन शोषण करने के दोषी देवलाल बेदिया को बुधवार को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही देवलाल पर 20 हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पांच गवाह प्रस्तुत किया था। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया।

## ओम बिरला को लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर मारवाड़ी सम्मेलन ने दी बधाई

**रांची।** ओम बिरला जी को 18वीं लोकसभा मे दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बिरला को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने ओम बिरला को लोकसभा के स्पीकर चुने जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बिरला सरल स्वभाव, मिलनसार, मृदुभाषी, शालीनता, स्पष्टवादिता, एवं कुशल राजनीतिज्ञ हैं। बिरला को दूसरी बार 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुना जाना पूरे मारवाड़ी समाज के लिए गौरव की बात है।





राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए बुधवार को आयोजित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मैराथन एवं साइकिल रैली को रवाना किया।

# राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण : राज्यपाल

*बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 44वां स्थापना दिवस समारोह में बोले राज्यपाल*

*हमें बड़े पैमाने पर समुदाय की सेवा करने की कोशिश करनी चाहिए*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऐसे समावेशी विकास की बात कही, जिसमें हर वर्ग और समुदाय की जरूरतें पूर्ण हों। वे बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय( बीएयू) के 44वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्न की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं एवं कृषि-भूमि घट रही है। कृषि विश्वविद्यालय का खाद्यान्न की जरूरतों को पूर्ण करने की दिशा में अहम दायित्व है। इसके उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता है कि बीएयू पड़ोसी राज्यों की आवश्यकताओं को भी पूर्ण करने की दिशा में सक्रिय है। साथ ही कहा कि हमें बड़े पैमाने पर समुदाय की सेवा करने की कोशिश करनी चाहिए। सभी को अपना कार्य करना चाहिए तथा समाज को पूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा से ख्याति अर्जित कर राष्ट्र को गौरवान्वित कर रहा है। विश्वविद्यालय को युवाओं की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रगति के जरिये बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए बेहतर कार्य करने वाले को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र का चयन करने के लिए बधाई दी तथा बेहतर अनुसंधान पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सभी विश्वविद्यालय नई-नई उपलब्धियों से विकसित भारत-2047 को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर रहें।




## आरएलएस यादव महाविद्यालय में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के आरएलएस यादव महाविद्यालय में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत बुधवार को शपथ सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनीष चंद्र टुडू ने कहा कि नशा मनुष्य जीवन के लिए सबसे हानिकारक है। स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए इससे दूरी बनाए रखना ही समझदारी है। इस अवसर पर विशेषकर युवकों को नशा से दूर रहने के लिए आह्वान किया गया तथा अपने गांव समाज में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नशा से दूर रहने तथा लोगों को जागरूक करने संबंधी शपथ भी ली।

इस अवसर पर आरएलएस यादव महाविद्यालय के बर्सर डॉ विजय कुमार, डॉ पीपी आशुतोष, परीक्षा नियंत्रक डॉ शशि शेखर, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनीष चंद्र टुडू तथा डॉ कुमारी रीता, एएनओ डॉ भावना कुमारी, प्रधान सहायक सुनील कुमार, डॉ स्मिता किरण टोप्पो, नीतू कुमारी, डॉ नैंसी तिर्की, कामिल धान, भुवनेश्वर महतो, डॉ राम कुमार, संदीप कुमार तथा अन्य शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रांची उपायुक्त ने भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की

*योजनाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में बुधवार को भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने रांची जिले में चल रही सभी योजनाओं/परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में अपर समाहर्ता रांची, राम नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची, सुनील चंद्र, सभी कानूनगो, सभी लिपिक, सभी अमीन एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने आईटीआई बस स्टैंड से संत फ्रांसिस स्कूल तक पथ चौड़ीकरण परियोजना, मौजा - अरगोड़ा, बजरा, हेहल की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान कर शीघ्र कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। डीसी ने जुडिशियल एकेडमी से नयासराय रेलवे क्रॉसिंग तक पथ चौड़ीकरण परियोजना की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारी ने बताया कि मौजा- बालालौंग, कुदलौंग, हड़सेर के अधिग्रहण के लिए प्राप्त धारा-11 (अधिसूचना) की कार्रवाई की जा रही है। इस पर उपायुक्त ने जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लिंक लाइन बिटविन लोधिमा पिस्का बाई पासिंग हटिया रांची परियोजना की समीक्षा करते हुए कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक मेकॉन गोलचक्कर पर 4 लेन फ्लाईओवर निर्माण परियोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की।

## रात 12 बजे के बाद नहीं खुलें बार और रेस्टोरेंट : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि रात 12:00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है जो बार एवं रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को होगी। सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है।

# मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए भीषण गर्मी में भी करना पड़ रहा घंटों इंतजार

**अमित कुमार। रांची**

रिम्स में अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को घंटों लाइन में लग कर अपनी पारी का इंतजार करना पड़ रहा है। अत्यधिक गर्मी की वजह से मरीजों को अपने पारी का इंतजार करने में काफी परेशानी हो रही है। मरीज के साथ उनके परिजनों को भी इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीज को घंटों लाइन में लगे रहने से उनकी परेशानी और अधिक बढ़ जा रही है।

मंगलवार को रेडियोलॉजी में जांच के लिए काफी भीड़ थी। दरवाजे के बाहर ट्रॉली में लेटी हुई गर्भवती महिला कराहते हुए घंटों अपनी पारी का इंतजार किया। वहीं, दूसरी ओर कुछ वृद्ध लोग हांफते हुए अपने ट्रॉली या व्हीलचेयर पर बैठे हुए इंतजार करते रहे। जो मरीज चल नहीं सकता है, वे भी पानी पीने की वजह से ट्रॉली से उतर कर शौचालय जाना पड़ रहा है।लोगों की उम्मीदें रिम्स से काफी होती हैं। ऐसे में रोजाना हजारों की संख्या में दूर-दूर से मरीज अपना इलाज कराने के लिए यहां आते हैं। रिम्स में रोजाना 100 से अधिक मरीजो का अल्ट्रासाउंड होता है। डॉक्टर से इलाज के बाद मरीज को अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराने के लिए कहा जाता है। इसके लिए पर्ची कटाने के बाद रेडियोलॉजी में नंबर लगाना होता है, जिसके बाद उस मरीज को एक सप्ताह से लेकर 10 दिनों के अंतराल का नंबर दिया जाता है। नंबर देर से मिलने पर कई बार मरीज अपना जांच बाहर के किसी निजी संस्थानों में करा लेते हैं।

### कुल तीन अल्ट्रासाउंड मशीन है

रिम्स रेडियोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड के लिए कुल तीन मशीनें मौजूद हैं। इन मशीनों को चलाने की जिम्मेदारी कुल चार डॉक्टर के ऊपर है। जांच में मरीज की बीमारी के आधार में कम या जादा समय लगता है।

> रिम्स अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। चार डॉक्टर और तीन मशीन से सैंकड़ों मरीजों की जांच करना आसान नहीं होता। जिस मरीज को अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह के बाद दिखानी होती है, उसका अल्ट्रासाउंड का नंबर पांचवें या छठे दिन का दिया जाता है।
>
> **डॉ. सुनील टोप्पो, रेडियोलॉजी**
>
> रिम्स में डॉक्टरों की पढ़ाई के साथ इलाज होता है। वर्तमान में अनुभवी डॉक्टरों और मशीनों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसे दुरुस्त करते ही यह परिस्थिति सरल हो जाएगी। इसके लिए रिम्स मैनेजमेंट जल्द ही निर्णय लेगी।
>
> **हिरेन बिरुआ, सुप्रिटेंडेंट, रिम्स।**

# मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 383.70 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

*युवाओं को 25 लाख तक का लोन और 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बुधवार को धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कुल 383.70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले माह से मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का शुभारंभ होगा। इसके अलावा युवाओं को 25 लाख तक का लोन और 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। सोरेन ने कहा कि पूरे भारत की नजर धनबाद पर है। यहां का कोयला पूरे देश में प्रसिद्ध है। तीन माह तक आम चुनाव में रहने के कारण सारा काम रुक गया था। चुनाव समाप्त होते ही यहां की शिक्षा और सामाजिक स्थिति को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा कि यह धनी जिला है लेकिन यहां के विस्थापित और मजदूरों की हमारी सरकार पर नजर है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने हर विद्यार्थी को तीन गुना छात्रवृत्ति दिया। नौ लाख बेटियों को लाभ दिया ताकि कोई अनपढ़ न रहे। सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी। इसका लाभ सभी वर्ग को दिया। उन्होंने कहा कि हर खेत को पाइप लाइन से पानी देंगे। किसानों का दो लाख तक का ऋण माफ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विधवा पेंशन की सीमा 18 साल कर दी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने 5000 से अधिक स्कूल बंद कर दिया था ताकि आदिवासी और मूलवासी के बेटा-बेटी स्कूल ना जा सके लेकिन हमारी सरकार ने इसे चालू कर दिया है। इतना ही नहीं हमारी सरकार हर ब्लॉक में मॉडल स्कूल बनाने जा रही है, जो निजी स्कूल के स्कूलिंग को टक्कर देगी। उन्होंने कहा कि 125 यूनिट बिजली माफी के बाद अब सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री देगी। हर तरह के विसंगतियों को दूर किया जाएगा। पूरे झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है, ताकि हर गांव सड़क से जुड़ सके।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में दो प्रभुजी को रेस्क्यू कर लाया गया





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की शाखा श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम पुंदाग टीओपी के पीछे बुधवार को परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से दो प्रभु जी को एसके सिंह की सूचना के आधार पर संस्था के सेवाधारी सेवा साथियों की देखरेख में हटिया रेलवे-स्टेशन एवं हवाई नगर बिरसा चौक से रांची झारखंड रेस्क्यू कर लाया गया और सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम रांची झारखंड में सेवा एव पुनर्वास के लिए प्रवेश कराया गया।

रेस्क्यू करके लाने के बाद उनको नहलाया गया और उनके बाल-दाढ़ी बनाई गई। उनको नहला कर उनका समुचित इलाज कराया गया, ब्लड टेस्ट भी कराया गया है।यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष



रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की एवं झारखण्ड में 2008 में गठित जनजातीय परामर्शदात्री समिति के क्रियान्वित के लिए ज्ञापन सौंपा।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को जनजातीय उरांव/कुड़ुख समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज भवन में भेंट किया। उन्होंने राज्यपाल से उरांव/कुड़ुख भाषा की लिपि तोलोंग सिकि को विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया।

### मनोज कुमार साहू हत्या मामले में पांच आरोपित दोषी करार

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने व्यवसायी मनोज कुमार साहू की पत्थर से कूचकर हत्या करने के मामले में बुधवार को पांच आरोपित को दोषी करार दिया है। आरोपितों में मोहन उरांव, शनिचरवा उरांव, बबलू, रंजन फोगला सहित अन्य शामिल है। अदालत सजा के बिंदु पर 28 जून को सुनवाई करेगा। जमीन पर बाउंड्री वॉल के एवज में रंगदारी नहीं देने पर व्यवसायी मनोज कुमार साहू की हत्या 3 अप्रैल 2018 को कर दी गई थी।

### देवेंद्र नाथ महतो को मिली जमानत



**रांची ।** खतियान आंदोलनकारी सह जेबीकेएसएस केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो को बुधवार को एक मामले में अग्रिम जमानत दे दी गई। वरीय अधिवक्ता सृष्टि रंजन महतो ने बताया कि जुडिशियल मैजिस्ट्रट फर्स्ट क्लास अभिषेक श्रीवास्तव के कोर्ट ने उन्हें 21 फरवरी 2024 को 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर खेलगांव चौक से बूटी मोड़ होते हुए मेडिका हॉस्पिटल मैदान तक रैली निकालने और ट्रैफिक नियम तोड़ने के आरोप में जमानत दी है। उस दिन बड़गाई सीओ ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था।

### महुआ माजी ने ओम बिरला को दी बधाई

**रांची।** राज्य सभा सदस्य महुआ माजी ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि आईएनडीआईए ने मांग की थी कि डिप्टी स्पीकर विपक्ष का होना चाहिए। इसलिए आठ बार के सांसद के सुरेश का नाम प्रस्तावित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि स्पीकर पद के लिए चुनाव नहीं होता, अगर सरकार डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने पर सहमत होती।

### झारखंड हाई कोर्ट ने मेनहर्ट घोटाला मामले में खारिज की सरयू राय की क्रिमिनल रिट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय की उस क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मेनहर्ट घोटाला की जांच की मांग की थी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 22 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अलकतरा घोटाले के दोषी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**रांची।** प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को अलकतरा घोटाला के दोषी विजय कुमार तिवारी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने पक्ष रखा। ट्रायल के दौरान ईडी की ओर से 18 गवाह और कई साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए गए।

### सीसीएल में कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** निदेशक (कार्मिक) एचएन मिश्रा के नेतृत्व में, महाप्रबंधक (सीएमसी) और विभागाध्यक्ष (विधि) की पहल पर सीसीएल के खनन अधिकारियों के लिए 'खनन संविदा कार्यों के निष्पादन में सावधानियां' विषय पर बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला एचआरडी, सीसीएल, मुख्यालय में हाइब्रिड मोड से आयोजित की गई थी और सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के 60 अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।

### कोल वाशरी निविदाओं में भागीदारी को सीसीएल में स्टेकहोल्डर्स मीट अयोजित

**रांची।** कोल इंडिया के निर्देशन में बुधवार को कोल वाशरी निविदाओं में अधिकाधिक भागीदारी के लिए स्टेकहोल्डर्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम नागाराजु (अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार), पीएम प्रसाद (चेयरमैन, सीआईएल), बी वीरा रेड्डी (निदेशक तकनीकी, सीआईएल), समिरन दत्ता (सीएमडी बीसीसीएल व ईसीएल), मनोज कुमार (सीएमडी, सीएमपीडीआईएल), एनके सिंह (सीएमडी, सीसीएल) तथा सीसीएल, सीएमपीडीआई एवं बीसीसीएल के निदेशकगण एवं कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### वज्रपात में घायल युवक रांची रेफर

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखण्ड बांका के निवासी कृष्णा कुमार पिता दिलचंद साव उम्र 26 वर्ष मंगलवार को बज्रपात से जख्मी हो गया।आनन फानन में उसे शेख भिखारी मेडिकल हॉस्पिटल लाया गया जहां से उसे रांची रेफर किया गया।अभी वह मेडिका में भर्ती है और बेहोश है।बताया जाता है कि कुछ लोग खेत में काम करने गए थे। बारिश होने के कारण एक रूम के अंदर लगभग 10 लोग पानी से बच रहे थे कि अचानक बिजली कड़की जिससे वे उसकी चपेट में आ गए।

### हजारीबाग यूथ विंग ने विद्यालय को उपलब्ध कराए दो सीलिंग पंखे

**हजारीबाग।** सामाजिक सेवाओं से जुड़े हजारीबाग यूथ विंग ने बुधवार को शहर के देवांगन चौक स्थित राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय दो सीलिंग पंखे उपलब्ध कराया। पंखे विद्यालय की शिक्षिका विमल मरांडी, सरोज एक्का एवं मो तनवीरुल इस्लाम को प्रदान किया गया।मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी एवं प्रिंस कसेरा मौजूद रहे।

### श्राद्ध कार्यक्रम पर पौधा वितरण

**कटकमदाग।** प्रखंड के ग्राम सलगावां में पत्रकार लखन पासवान की माता स्व. बोधनी देवी के श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण सह पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रजातियों के करीब ढाई सौ पौधे वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा, सलगावां पंचायत के मुखिया मधु रानी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय राणा व वरिष्ठ पत्रकार केके सिंह ने दिवंगत बोधनी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में बाल संसद का हुआ गठन

**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में बुधवार को सत्र 2024-25 के लिए बाल संसद का गठन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को किया गया। बाल संसद के गठन के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि बाल संसद बच्चों का एक ऐसा मंच है जहां वे अपने विद्यालय समाज परिवार ,बेहतर शिक्षा और अपने अधिकारी की बात सुनकर विद्यालय के प्रति सकारात्मक विचार रखते हैं । साथ ही बाल संसद से बच्चों में जीवन कौशल का विकास होता है और नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है । इससे विद्यालय की गतिविधियों और प्रबंधन में बच्चों की भागीदारी बढ़ती है । बाल संसद में छात्र लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाते हैं और अपने प्रतिनिधियों के जरिए स्कूल प्रशासन और फैसले लेने में हिस्सा ले सकते हैं ।

---

विधायक सुनीता चौधरी ने पीसीसी पथ व कल्वर्ट निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा

# लोगों को समुचित सुविधा प्रदान करना हमारा लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** नगर परिषद के वार्ड नंबर 31 मुर्रामकला में बुधवार को रामबिहारी महतो के घर से लखनलाल महतो के खेत तक 21 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ एवं कल्वर्ट निर्माण कार्य का मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा का समुचित विकास करना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखकर मैं आगे बढ़ रही हूं। कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर गली और मुहल्ले में सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो। कहा कि मैं विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं। कहा कि लोग अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे मिल सकते हैं मैं उनकी मदद का पूरा प्रयास करूंगी। कहा कि रामगढ़ विधानसभा का समुचित विकास हो, सभी जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ मिले यही मेरा लक्ष्य है। विधायक ने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग खुशहाल हों और देशभर में रामगढ़ विधानसभा का नाम रौशन हो। सुरेश महतो, नुनूलाल महतो, शीतल महतो, धनेश्वर प्रसाद, जेठू महतो, मुकेश महतो, ललन महतो, नंदू महतो, बॉबी कुमार, भागीरथ कुमार, रिंकू, लाजवंती देवी, सीता देवी, तारा देवी आदि उपस्थित थे।

---

क्षेत्र में दया बहन के नाम से जानी जाती हैं कुमकुम, कहा

# मेहनत के बल पर बनाई हूं पहचान



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक खगेंद्र प्रसाद की बहू और बरकट्ठा से लगातार दो बार की जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए भाजपा की प्रबल दावेदार है। क्षेत्र में दया बहन की नाम से प्रसिद्ध कुमकुम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं महिलाओं के साथ-साथ हर वर्ग में मेहनत के बल पर अपनी पहचान बनाई हूँ। लोगों के सुख दुख में चौबीस घंटे तैयार रहती हूँ। क्षेत्र के लोग मुझे दुख की घड़ी में हमेशा याद करते हैं तथा उनका हर संभव निराकरण करती हूं। कहा विगत चुनाव में मैं जिला परिषद का चुनाव रिकार्ड वोटों से जीती हूँ। जनता मुझे विधायक के रूप में देखना चाहती है ताकि मैं और ज्यादा लोगों के बीच काम कर सकूँ। मैं राजनीतिक परिवार से हूँ जहां मुझे सेवा का ही पाठ पढाया गया है। विदित हो कि कुमकुम देवी 2010 से ही राजनीति में सक्रिय है। दो बार जिला परिषद सदस्य रहने के साथ साथ भाजपा संगठन में महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता और पिछड़ी जाति मोर्चा में मंत्री पद पर भी है। कहा कि बरकट्ठा में भाजपा दो बार से लगातार विधानसभा चुनाव हार रही है ऐसे में नए चेहरे की मांग बरकट्ठा विधानसभा में है। ऐसे में कुमकुम देवी भाजपा के लिए एक बेहतर उम्मीदवार हो सकती है। इनके पिता स्व यमुना प्रसाद भाजपा के एक कर्मठ कार्यकर्ता थे जो वनांचल राज्य की मॉग के आंदोलन में रोड एक्सीडेंट में शहीद हुए थे। विदित हो कि पूर्व विधायक खगेंद्र प्रसाद अब राजनीति से सन्यास लेकर ऋषिकेश में हैं।

---

गोरहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में निकाली गई नशा मुक्ति जागरुकता रैली

# नशा छोड़ो परिवार को जोड़ो : थाना प्रभारी



> नशा जीवन को तबाह करने वाली लत होती है, अगर इसमें जो लोग फंसा उसकी जिन्दी खत्म हो जाती है और वह कुछ नहीं कर सकता है

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गोरहर पुलिस ने गोरहर क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नशा मुक्ति रैली बड़ासिंगा मोड़, शिलाडीह, बेलकप्पी आदि स्थानों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि नशा छोड़ो और परिवार को जोड़ो। नशा छोड़ कर अपने बच्चों और परिवार के साथ जीवन यापन करें। उन्होंने बच्चे को बेहतर शिक्षा देने के लिए लोगों से अपील की। नशा जीवन को तबाह करने वाली लत होती है, अगर इसमें जो लोग फंसा उसकी जिन्दी खत्म हो जाती है और वह कुछ नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि नशा जहरीले पदार्थ के सेवन से होता है। जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाता है। इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। मौके पर उपेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, केसर चंद्र, रंजीत प्रसाद, जीवन मांझी, हेमंत ऐक्का, सुरेश कुमार पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, चितो नायक, शेषनाथ सिंह, रामाअवतार पाण्डेय, अशोक नायक, कैलाश रविदास, विनय तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, राकेश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित थे।

---

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली

# व्यक्ति के विकास में अवरोधक का कार्य करता है नशा : प्राचार्य

**विद्यालय का कर्तव्य केवल बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं होता बल्कि समय समय पर समाज को जागरूक करना भी होता है**




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरकट्ठा ब्रांच में 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर उपस्थित प्राचार्य कृष्णा चोपड़ा ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। इससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। नशा व्यक्ति के विकास में अवरोध का कार्य करती है। साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। ऐसा व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरुप हो जाता है। उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिया उपादेयता शून्य हो जाती है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। दुर्व्यसन से आज स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है ।वहीं विद्यालय के बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के लिए अपने हाथों से पोस्टर बनाया। साथ हीं बच्चों व शिक्षकों ने पैदल मार्च करते हुए नशा विरोधी नारे भी लगाए। आईलेक्स निदेशक शैलेश कुमार ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का कर्तव्य केवल बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं होता बल्कि समय समय पर समाज को जागरूक करना भी होता है। आज नशे के कारण युवा अपना भविष्य बिगाड़ रहे हैं, जरूरत है उन्हें सही राह दिखाने की।

---

### मजदूरों के हित में 1 जुलाई को होगा धरना प्रदर्शन : रमेश

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आउटसोर्सिंग आर ए माइनिंग में मजदूरों के शोषण के खिलाफ महाप्रबंधक सीसीएल बरका सयाल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 1 जुलाई 2024 जेबीकेएसएस रामगढ़ के द्वारा किया जाएगा। कहा कि संगठन की ओर से इसकी जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 26 जनवरी को आर ए माइनिंग में ओटी करने वाले मजदूरों द्वारा कार्य के बदले दुगुनी मजदूरी मांगी जा रही थी। जिसपर सीसीएल प्रबंधन ने उन्हें काम से हटा दिया। कहा कि पीड़ित मजदूरों ने पुनः नियोजित करने के लिए गुहार लगाया पर उनकी अभी तक नही सुनी गई। कहा कि यदि इस आंदोलन के बाद भी मजदूरों की मांग पूरी नही होगी तो जेबीकेएसएस सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल को विवश होगा।

---

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आईलेक्स का जागरूकता रैली

# नशा एक ऐसा दीमक है जो पूरे परिवार को खत्म कर देता है : एसडीपीओ सह एएसपी

**♦बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को नशे के दुरुपयोग और परिणाम को दिखाने का काम किया. एसडीपीओ ने आईलेक्स की इस पहल की तारीफ की**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जो करेगा नशे से प्यार, उसका उजड़ेगा घर संसार .... नशा छोड़ो, विकास से नाता जोड़ो आदि नारे आईलेक्स के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर बरही में जागरूकता रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया. इस दौरान नन्हे मुन्हें बच्चों ने अपने हाथों में नशे के खिलाफ स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर लोगों को नशा से दूर रहने की अपील की जा रही थी. रैली बरही थाना परिसर से निकलकर बरही के चारो रोड का भ्रमण किया. इस दौरान बरही थाना के कई सब इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे. जिसका शुभारंभ एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार और आईलेक्स के निदेशक शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया. इस दौरान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को नशे के दुरुपयोग और परिणाम को दिखाने का काम किया. एसडीपीओ ने आईलेक्स की इस पहल की तारीफ करते हुए लोगों से नशा से दूर रहने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि नशा ने कभी भी भला नहीं बल्कि घर बर्बाद किया है, यह एक दीमक है जो पूरे परिवार को खत्म कर देता है. इंस्पेक्टर श्री कुमार ने भी नशा के खिलाफ जागरूकता लाने और शराब बंदी को पूर्ण सफल करने की बात कही. उन्होंने युवाओं ने नशा के बढ़ते लत के लेकर चिंता जताई और अभिभावकों को सख्त और जागरूक रहने की बात कही. उन्होंने नशे के विभिन्न माध्यम तंबाकू, चरस, स्मैक, अफीम आदि की लतों से दूर रहने की अपील की.

---

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को आईआईटी धनबाद ने किया सम्मानित

**बरकट्ठा।** प्रखंड के जाने माने समाजसेवी शिक्षक व जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय, द पाणिनी आईएएस अकादमी हजारीबाग के डायरेक्टर सह हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ0 प्रकाश कुमार एवं मासीपीढ़ी निवासी विकास कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने सम्मानित किया है। सम्मान पाकर सी के पाण्डेय, डॉ प्रकाश चौधरी तथा विकास कुमार ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमें मिला है,बल्कि हजारीबाग जिले के तमाम शिक्षा प्रेमियों के उचित मार्गदर्शन ने शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों को इस मुकाम तक पहुंचाया है। इसलिए यह सम्मान हजारीबाग जिले के सभी शिक्षा प्रेमियों को समर्पित है। इस प्रकार के सम्मान से हमारा उत्साहवर्धन हुआ है तथा और अधिक बेहतर कार्य करने का हम लोग प्रयास करेंगे। इस सम्मान के लिए सुरेश पाण्डेय, रिंकू माली, जितेन्द्र पासवान, राजू पासवान, किशुन हांसदा, रामजी टुड्डू, अशोक दास, शमशाद अंसारी लोगों ने बधाई दी है।

---

## आक्रोश

मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बच्चों के बीच किया साईकिल का वितरण

# सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो वोट का करेंगे बहिष्कार : ग्रामीण



**ग्रामीणों का कहना है कि वोट के समय आते हुए जनप्रतिनिधि झुट बोलकर हमलोगों से काम ले लेते हैं और बाद में कोई ध्यान नहीं देते**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** चेचकप्पी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिजुआ में बच्चों के बीच मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने झारखंड सरकार के द्वारा प्रदत साईकिल का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गरीब बच्चों के लिए अच्छी योजना है। ताकि हर गरीब वर्ग के लोग पढ़ सके और उन्हें विद्यालय आने जाने में सहूलियत हो। कहा कि चेचकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिजुआ की सड़क काफी खराब होने के कारण यहां के बच्चों उच्च शिक्षा से वंचित हैं। यह गांव जंगल से घिरा हुआ है। सड़क निर्माण को लेकर उपायुक्त को जानकारी दी गयी है। सड़क नहीं रहने के कारण लोकसभा चुनाव को बहिष्कार किया गया था, लेकिन बीडीओ ने सिजुआ पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि चुनाव जैसे ही खत्म होगा तत्पश्चात सड़क का निर्माण और मूलभूत सुविधाएं दिलवाएंगे। चुनाव खत्म हो गया सरकार बन गई लेकिन सड़क निर्माण कब होगा इसका अभी तक कोई सूचना नहीं है। अगर जल्द निर्माण नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में यहां की जनता नाराजगी जताते हुए वोट का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। जब भी वोट का समय आता है तो हमलोगों जनप्रतिनिधि हमलोगों से झुठ बोलकर अपना काम ले लेते हैं और वोट खत्म होते ही वह यहां से लापता हो जाते हैं। इस बार आगामी विस चुनाव में वैसा नहीं होने देंगे। इसके जिम्मेवार इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन की होगी। मौके पर वार्ड सदस्य रिंकी देवी, सुखदेव सिंह, कालेश्वर सिंह, बालेश्वर सिंह, मोहन सिंह, खागीय देवी, सुनील सिंह, अशोक सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिले में हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो 23 जून से प्रारंभ होकर 25 जून को समाप्त हुआ। इस आयोजन में वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, हैंडबॉल,कबड्डी एवं कराटे खेल का आयोजन किया गया। यह खेल डीएवी पब्लिक स्कूल,संत कोलंबा कॉलेज, संत स्टीफन स्कूल एवं कर्जन ग्राउंड में आयोजित किया गया।कर्जन ग्राउंड में आयोजित समापन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपिक संघ हजारीबाग के अध्यक्ष सह युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा के साथ स्पेशल गेस्ट के रूप में ऋतिक आनंद वर्ल्ड स्कूल इंटरनेशनल गेम्स पार्टिसिपेशन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का पूर्व छात्र एवं शोभित यादव नेशनल रिकॉर्ड होल्डर पावर लिफ्टर शामिल रहे। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा ने ओलंपिक संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों को पौधा देकर सम्मानित किया।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विजेता टीमों में राइजिंग फुटबॉल क्लब,एस एस टीएस वॉलीबॉल अकैडमी विजेता हजारीबाग बास्केटबॉल, हर्ष वॉरियर, डिफेंड स्पॉटेन टीम, ओरिया टीम, स्टोन फिजिकल अकैडमी शामिल रही। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है।अनुशासन के साथ खेला गया खेल ही सराहनीय होता है।

---

## न्यूज बॉक्स

### सहायिका चयन को लेकर आम सभा में कुल 6 आवेदन हुए प्राप्त



**बरही।** सहायिका चयन को लेकर डपोक पंचायत के ओरपरता सेंटर में आम सभा का आयोजन किया गया. आम सभा बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ सी आर इंदीवार ली अध्यक्षता में हुई. जिसका संचालन पर्यवेक्षिका बीणा देवी ने किया. जानकारी देते हुए पर्यवेक्षिका ने बताया कि सहायिका के लिए कुल 6 आवेदन प्राप्त हुए थे. जिसमे उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर काजल देवी पति रंजीत यादव का चयन किया गया. उन्होंने बताया कि करीब पिछले 6 माह से इस सेंटर पर सहायिका नहीं थी. आम सभा में बीडीओ, पयार्वेक्षिका, स्थानीय मुखिया पति अर्जुन राम आदि सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

### धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी सीखती है अपने संस्कार और रीति रिवाज : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** समाजसेवी व भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को शहर के छोटा शिव मंदिर ओकनी में शिव पंचायतन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी में जुटे यज्ञ समिति के लोगों से मिलकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से संस्कृति रीति रिवाज व आस्था नई पीढ़ी को सीखने को मिलता है। इस क्रम में मोहल्ले की महिलाओं ने अपनी कई समस्याओं से प्रदीप प्रसाद कों अवगत कराया जिसके निराकरण का उन्होंने भरोसा दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद वासुदेव गोप, संतोष साव, सोनू यादव, राजेश यादव, रंजीत साव, किशन यादव, बिनोद राणा, शंकर सोनी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अपर समाहर्ता ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा प्रावधानों के प्रभावी अमल पर की चर्चा



**हजारीबाग।** सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन कराने के साथ ही आये दिनों हो रहे सड़क दुर्घटना के रोकथाम व बचाव हेतु कई आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।जिसमें जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसे में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सड़कों के कर्व (टेढ़ी सड़क) स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने, जिले के सभी मीडिल व हाई स्कूलों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं स्टंट करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के अलावा जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देने एवं कॉलेज व स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों को कार्यशाला के माध्यम से जागरूक करने, हिट एण्ड रन से जुड़े लंबित मामलों का ससमय निराकरण करने, गुड समारिटन का परिचय देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने को लेकर चर्चा की गई।

### यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गृह प्रखंड पहुंची मोनिका पटेल, हुआ जोरदार स्वागत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ की बेटी मोनिका पटेल को यूपीएससी सफलता हासिल करने पर प्रखंड के कई स्थानों पर पुष्प वर्षा, गुलदस्ता, हार पहना कर प्रखंडवासियों ने किया स्वागत। जैसे ही मोनिका बनासो चौक पहुंची स्कूली बच्चों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, उसके बाद सपरिवार मोनिका ने मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद बनासो के लेदी मोड स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल गई जहां बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बताते हुए, बच्चों के उत्साह एवं मनोबल को बढ़ाया । इसके बाद मोनिका अपने माता डा. नीलम पटेल, पिता व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के वरीय अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल और पति उत्तम कुमारके साथ पैतृक आवास चानो के लिए निकली जहां ग्रामवासी ने ढोल नगाड़े के सहित पूरे हर्ष के साथ स्वागत किया।

### झारखंड आंदोलनकारी गिरिजा साव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**विष्णुगढ़।** सात मील मोड कॉलेज रोड स्थित गिरजा नायक मेमोरियल स्कूल में बुधवार को पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी नेता गिरजा साव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। समारोह की शुरूआत नायक परिवार तथा अतिथियों के द्वारा गिरजा साव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा साव का सफर राजनीतिक जीवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद तथा मांडू के विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के ड्राइवर से लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष तक का सफरनामा रहा। गिरिजा साव एक सुलझे हुए सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा समाज के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। यही कारण था कि तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष से जिला उपाध्यक्ष तक पद देकर उन्हे सुशोभित किया गया था।

### डीसीए के प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के गणमान्य शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**बिष्णुगढ़।** डीसीए द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ) धनबाद में हजारीबाग जिले के पाणिनी आईएएस अकैडमी के निदेशक प्रकाश कुमार, कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रितेश कुमार सिंह, श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक सि० के० पांडे, अमेरिकन इंग्लिश एकेडमी के निदेशक सुदेश कुमार, फिजिक्स प्वाइंट के निदेशक विकास कुमार, दि एम्बिशन कोचिंग सेंटर विष्णुगढ़ के निदेशक विवेक कुमार, एसबी एग्जाम के शिक्षक अजीत मिश्रा आदि गणमान्य शिक्षकों को विद्याथीर्यों को बेहतर शिक्षा देने के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान पाकर शिक्षकों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमें मिला है,बल्कि हजारीबाग जिले के तमाम शिक्षा प्रेमियों के उचित मार्गदर्शन एव शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों को इस मुकाम तक पहुंचाया है। इसलिए यह सम्मान हजारीबाग जिले के सभी शिक्षा प्रेमियों को समर्पित है।

## एक नजर

### भीजरीबारी गांव में झापा नेत्री आइरीन एक्का ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**कुरडेग।** प्रखंड के भीजरीबारी गांव में झापा नेत्री आइरीन एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक की और गांव के लोगों का हाल चाल एवं समस्याओं के बारे जानी।झापा नेत्री ने कहा कि गांव तक पहूंचने के लिए ठीक से सड़क नहीं है।आजतक गांव के लोगों को विकास का इंतजार है।भाजपा एवं कांग्रेस के विधायक हमेशा इस सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से जीतते रहे हैं लेकिन कहीं कोई विकास नहीं किया। केवल सदान एवं ईसाई के नाम पर राजनीति करते रहे।क्षेत्र के विकास केवल झापा ही कर सकती है।पहले भी झापा के विधायक एनोस एक्का ने सिमडेगा जिला में काफी विकास करके दिखाया है।बीरू बिजली ग्रीड एनोस एक्का की देन है।उन्होंने कहा कि झापा झारखंड की पुरानी पार्टी है।जयपाल सिंह मुंडा की पार्टी है।आदिवासियों की पार्टी है। एक बार झापा से जुड़ें।

### विधायक अकेला ने तीन स्थानों पर किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बिरही ।** स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को बरही विधानसभा के तीन अलग-अलग स्थान पर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ कर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ किया. सर्वप्रथम उन्होंने चौपारण प्रखंड के डुमरी और रामपुर के दर्जीचक में 100 केवीए तथा बरही प्रखंड के धनवार पंचायत अंतर्गत अंबाटोला में फीता काटकर ट्रांसफार्मर का शुरूआत किया. विधायक ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को कहा कि उनके विस का कोई भी क्षेत्र अंधेरे में नहीं रहे, यह उनका प्रयास रहा है. परंतु बिजली का दुरुपयोग नहीं हो यह आप सबों का प्रयास होना अनिवार्य है. बिजली का उपयोग करे और नियमित बिजली बिल भी जमा करे. ट्रांसफार्मर चालू हो जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल थे. सबों ने विधायक का अभार जताते हुए बिजली के दुरुपयोग नहीं करने का वचन भी दिया. मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, राजदेव यादव, मो सरताज, मो जसीम, महेश प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय 14वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 26 जून को अटूट भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे से पूर्व पुजारी राजेश पांडे द्वारा साईं बाबा की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आनंद साईं दरबार के 14वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल दिखा। समारोह के तहत 24 जून को आयोजित साईं बाबा की पालकी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

---

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मिलन समारोह का किया गया आयोजन

# आदिवासी समाज को तोड़ने और बांटने के काम पर लगे हैं एनोस : नमन विक्सल



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगदी में बुधवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक विक्सल कोंगाडी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आदिवासी समाज के विरुद्ध लगातार साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के पांचवीं अनुसूची में किये प्रावधानों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए पूर्व में कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने पेसा कानून 1996 बना कर दिया जिसमें आदिवासिंयों एवं मुलनिवासियों का संरक्षण एवं विकास के लिए उनके पारंपरिक आजीवीका अस्तित्व एवं पहचान के लिए जल, जंगल, जमीन, खनीज व सम्पदा, नौकरी में आरक्षण और जनप्रनिधित्व के पदों में आरक्षण का अधिकार दिया है। भाजपा आदिवासी समुदायों में से कुछ को धर्म के नाम पर अनुसूचित जनजाति सूची से हटा कर आदिवासी समुदाय की संख्या में कमी कर अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करने की साजिश कर रही है। पूर्व विधायक एनोस एक्का को आदिवासी समाज को तोड़ने और बांटने के काम पर लगा रखी है। हमें वैसे समाज के दलालों से सावधान रहने की आवश्यकता है साथ ही कांग्रेस पार्टी को एकजुट एवं मजबूत रखना है। लोकसभा चुनाव की समीक्षा करते हुए विधायक ने बोलबा प्रखंड के समस्त मतदाताओं को धन्यवाद दिया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, विधायक प्रतिनिधि सह 20 सुत्री अध्यक्ष संजय कुजूर, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक जमीर अहमद, राजबासा सहित सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे। झारखंड में आदिवासियों का जनसंख्य अनुपात 26.6 है जिसमें आदिवासी समुदाय के लोग कइ धर्मों को मानते हैं। 2011 के जनगणना आंकड़ा के अनुसार आदिवासी जो सरना धर्म को मानते हैं ,आंकड़ों मे 44.2 % दिखा रहा है। कुछ आदिवासी जो हिन्दू धर्म को मानते है आंकड़ों में 39.7% है आदिवासी जो ईसाई धर्म को मानते हैं 14.4 % एवं कुछ आदिवासी जो अन्य धर्म भरे हैं 1.7% है।

## कुरडेग में बच्चों ने जागरुकता रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** सिमडेगा पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की संयुक्त पहल के तहत बुधवार को निर्मला उच्च विद्यालय खाली जोर कुरडेग के छात्र - छात्राओं ने रैली निकालकर आम जनता के बीच जागरुकता फैलाया इस रैली में स्कूली छात्र - छात्राओं ने नारों के माध्यम से लोगों से नशामुक्त समाज बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की रैली में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी कुरडेग बिनायक कुमार पाण्डेय ने स्कूली बच्चों को बताया कि आपके परिवार के जो लोग नशा करते हैं उन्हें नशा छोड़ने के लिए मनाएं और उन्हें नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं जिस प्रकार आप अपने घर में कोई जिद करते हैं, उसी प्रकार आप अपने परिवार के लोगों से जिद करें कि वो हमारे भविष्य के लिए नशा छोड़ दें वहीं एस आई संतोष कुमार राय ने कहा कि नशा मुक्त अभियान में अधिक से अधिक लोग जुड़े ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके शुरू में व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरूआत करता है लेकिन बाद में यह शौक आदत में बदल जाता है इससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है मौके पर थाना के जवान , शिक्षक, क्षेत्र के समाजसेवी व प्रबुद्ध जन मौजूद रहे ।

## न्यूज बॉक्स

### स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा की ओर से निकाली गई नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली



**सिमडेगा।** स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा की ओर से बुधवार की सुबह नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया ।जागरूकता रैली की शुरूआत सिविल सर्जन डॉक्टर अजित खलखो,डॉ आनंद खाखा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित रही, रैली सदर अस्पताल सिमडेगा से निकलकर सिमडेगा झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, कचहरी सहित आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों को मादक पदार्थों का सेवन को पूरी तरह से रोकने और अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने से संबंधित स्लोगन एवं नारे लगाए। वहीं इस मौके पर एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की प्रिंसिपल सुषमा एक्का, ट्यूटर सीनि रवि प्रोमिला एवं सदर अस्पताल की कर्मी उपस्थित रहे।

### जनता उच्च विद्यालय जितुटोली के छात्र-छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति अभियान पर रैली



**बानो।** प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय जितुटोली के छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी. महाबुआंग पुलिस के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से आरंभ होकर विभिन्न मार्ग होते पुनः विधालय परिसर पहुंची. जागरूकता रैली में लोगों को नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया इस अवसर पर बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति को लेकर नारे भी लगाए गए तथा लोगों को नशापान से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर अजित पॉल केरकेट्टा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार आशीष कुमार ,स्वर्ण लता,सुभाष भेंगरा के अलावा अन्य लोगों पर स्थित थे थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के बारे जानकारी दिया तथा छात्र-छात्राओं को अपने गांव समाज में नशापन से दूर रहने के लिए लोगों को प्रेरित करने की बात कही।

### सिमडेगा पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में दो लोगों को भेजा जेल



**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ हुए सिमडेगा में हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए शशि डुंगडुंग करंगागुड़ी निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति इंडियन आर्मी का जवान है जो राजस्थान तैनात था। नहीं बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग का बड़ा भाई है। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना को मैनेज करने के नाम पर आरोपी जवान से पैसे की मांग करते हुए मामले को दबाने का प्रयास करने वाला आरोपी नानेसेरा निवासी अभय कुजूर को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेजा। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य लोग शामिल है इस पर भी जांच चल रही है। विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार पूर्व में भी कई दुष्कर्म की घटनाओं में आरोपी व्यक्ति के द्वारा पैसे का लेनदेन करने का प्रयास किया गया है एसडीपीओ ने कहा कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी वहीं पीड़िता का मेडिकल टेस्ट करने के लिए उसे सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया और इस मामले के दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### आंगनबाड़ी सेविका की चयन में अनियमितता का आरोप, बहाली रद्द करने की मांग

**जलडेगा।** प्रखंड के केलुगा में मंगलवार को हुई आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को गांव की महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर नियमानुसार सेविका की चयन प्रक्रिया पुनः कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के नाम पर लिखित आवेदन भी दिया है। आवेदन देने वालों में संगीता लुगुन, बेरोनिका कंडुलना, जुनाथन पूर्ति, संगीता लुगुन, मोयलेन पूर्ति, प्रकाश केरकेट्टा, बिनीता पूर्ति सहित ग्राम सभा अध्यक्ष, सचिव के अलावा कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस आवेदिका का चयन हुआ है उसके पर जाती और स्थानीय प्रमाण पत्र नही था।

---

### हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि ने किया उपायुक्त से मुलाकात

**सिमडेगा।** सिमडेगा भूषण बाड़ा के द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर समाज के तमाम जनता को एक समान न्याय दिलाने एव उनके समस्याओं के निराकरण हेतु जारी हेल्पलाइन से सिमडेगा विधानसभा के जनता के द्वारा जिला एवम प्रखण्ड स्तर में कई तरह की समस्याओं से जनता ने अपना पक्ष रखा।अबुवा आवास में एनजीटी की रोक एवम बालू का भण्डारण नहीं होने के कारण अबुवा आवास बनाने में हो रही दिक्कत, कुरडेग रोड की जर्जर हालत, थाना टोली चापाकल एवम कई गांवों में खराब पड़े हुए जलमीनार, जले हुए ट्रांसफार्मर बिजली जैसे कई समस्याओं को लेकर विधायक भूषण बाड़ा के निर्देश पर बीससूत्री जिला उपाध्यक्ष एवम विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने सिमडेगा उपायुक्त से मिल कर जल्द से जल्द इन समस्याओं को निराकरण करते हुए जनता को राहत प्रदान करने के लिए आग्रह किया ।

# क्रांतिकारी परिवर्तन के वाहक होते हैं युवा : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** युवा किसी भी देश और समाज में बदलाव ला सकते हैं। आजतक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, उसके मुख्य आधार युवा ही हैं। युवाओं को राजनीति में जागरुक होना चाहिए। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है और युवा ही आधुनिक समाज की उर्जा, उत्साह और नवाचार का प्रतीक है। उन्होंने झापा के द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करने की बात कहते हुए कहा कि जिले के हर एक युवा को रोजगार से जोड़ने का संकल्प झापा ने लिया है। अगर युवा सक्रिय रूप से राजनीतिक में आ जायें तो फिर देश व राज्य को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। युवाओं में एक नई शक्ति होती है जो आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होती है। वर्तमान में समय में युवओं को राजनीतिक में लाना समय की पुकार है और इन्हें आना भी चाहिए तभी समाज से लेकर देश तक आगे बढ़ सकता है। आग हमारा समाज शिक्षा के प्रति काफी पीछे हैं, उसे भी आगे बढ़ावा युवाओं का ही दायित्व ज्यादा होता है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से जिले की राजनीतिक स्थिति को बदलने के लिए युवा नेता संदेश एक्का का समर्थन करने की बात कही। इधर बैठक में युवाओं ने भी एनोस एक्का के समक्ष हाइटेक लाईब्रेरी, आईटी शिक्षा आदि की मांग रखी। मौके पर आर्यण कुमार, संदीप गोस्वामी, विनोद कुल्लू, बसंत समद, अंकित सुरीन, बबीता केरकेटटा, आसरेन डांग, नवीन कंडुलना, दीपू पंडा सहित सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित थे।

### राजनीतिक तराजू को निर्णायक रुप से झुकाने की ताकत रखते हैं युवा : संदेश

युवा नेता संदेश एक्का ने अपने संबोधन में युवाओं को राजनीतिक रुप से जागरुक होने के लिए प्रेरित किया। संदेश ने कहा कि युवाओं में देश के राजनीतिक तराजू को निर्णायक रुप से झुकाने की ताकत होती है। अगर युवा चाहे तो अपने राजनीतिक पसंद का विवेकपुर्ण इस्तमाल करते हुए देश की राजनीतिक दशा को बदल सकते है। उन्होंने युवा शक्ति को देश की सम्पदा बताते हुए कहा कि युवा वर्तमान और भविष्य का चेहरा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्कूल और कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थान, खेल के मैदान में जाति धर्म का कोई भेदभाव नहीं होता है उसी तरह राजनीति में भी जाति धर्म का बोलबाला नहीं होना चाहिए।

## काटासारू में अखरा संस्कृति को बचाए रखने का लिया गया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** प्रखंड के कुरुसकेला पंचायत के कटासारू बाजारटाड़ में बुधवार को भाषा संस्कृति को बचाए रखने के लिए इसराइल बाः के अगुवाई में अखरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा के निर्देशक सह चक्रीय विकास संस्थान द्वारा पंजीकृत इकाई झारखंडी भाषा संस्कृति रक्षा मंच के सचिव सत्यव्रत ठाकुर उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित कलाकारों को विलुप्त हो रही पारंपरिक अखरा संस्कृति को बचाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा आदिवासी संस्कृति की पहचान पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी है।हमारी संस्कृति लाखों में एक है,इसे बचाकर रखना हम सभों की जिम्मेवारी है। आज हमारे युवा पाश्चात्य संगीत और डीजे से प्रभावित होकर हमारी पारंपरिक गीत संगीत से दूर हो रहे हैं। जिसके लिए हम अभिभावक हो जिम्मेदार हैं। नृत्य प्रतियोगिता में कटासारू नवाटोली मारिया मार्ग के टीम को प्रथम पुरस्कार, टाटीपानी नृत्य मंडली को द्वितीय स्थान, गोंदली पानी नृत्य मंडली को तृतीय स्थान, एवं सिरूपरिधिया नृत्य मंडली, कटासारू गिरजाटोली खास, धूमाडाड़ नृत्य मंडली को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में बिमल बाः सिलास कुल्लू, अंजुलस बाः,मार्टिन कुल्लू, ललिता बा, सुषमा कुल्लू, तरकेलेन बा,सिलबिना कुल्लू, सामेल बा, लोतेम बा, दशरथ महली, उत्तम सोरेंग, गिप्सन मुंडू, बिलियम बा, अनूप सोरेंग की अहम भूमिका रही।

### जहरीले सांप काटने से पांच लोग ईलाजरत एक की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार जहरीले सांप के काटने के मामले सामने आ रहे हैं और बारिश के मौसम की वजह से लोगों की जान जा रही है। बीती रात जहरीले सांप के काटने से पांच लोगों की हालत बिगड़ गई ,जिसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया वहीं एक व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत हो गई। पहला मामला पिथरा गांव की है जहां की एक सुधा रानी केरकेट्टा नामक महिला को सांप काटा, वहीं दूसरा मामला बनाबिरा का जहा पर आकाश सोरेंग को सांप ने काटा तथा तीसरा मामला पाकरबहार का है जहाँ अरविंद बाड़ा नामक व्यक्ति को सांप ने काटा चौथा मामला कुरकुरा कुसुम टोली गांव की है जहां की जयमत प्रधान नामक महिला को जंगल में सांप ने काटा इसके बाद बेटे ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पांचवा मामला रुसु कोनोसकेली गांव की है। जहां पर 11 वर्ष के सरवन मांझी नामक बच्चों को नाग सांप ने काटा इसके बाद परिवार वाले अंजान बने रहे और बाद में बिगड़ती तबियत देख उसे सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

ग्राम रक्षा दल के दलपति से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक

## डीसी ने सेवा संपुष्टि मामले में दिया आवश्यक निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायती राज विभाग अंतर्गत ग्राम रक्षा दल के दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति एवं पंचायत सचिवों को एसीपी./ एमएसीपी का लाभ प्रदान करने संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने ग्राम रक्षा दल के दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु 01 मामले एवं पंचायत सचिवों को एसीपी./ एमएसीपी. का लाभ देने संबंधी 05 मामलों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिस के तहत उन्होंने एसीपी./एमएसीपी का लाभ देने संबंधी 04 मामलों पर अनुमोदन दिया गया तथा 01 सेवा संपुष्टि संबंधित मामलों पर आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी उपस्थित थे।

---

**आक्रोश**

सेविका चयन की बैठक में पूर्व में चयनित सेविका पर बनी सहमति

# नया चुनाव होने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखण्ड के बडकी विउरा पंचायत के उरूमकेला गांव के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को पदाधिकारी और ग्रामीणों द्वारा आंगनवाड़ी सेविका चयन के लिये ग्राम सभा किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से जिला परिषद् उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा , सीओ सह सीडीपीओ किरण डांग उप प्रमुख अजय जयसवाल उपस्थित थे। चयन समिति द्वारा सेविका चयन प्रक्रिया के नियम एवं शर्ते ग्रामिणों को सुनाया। ततपश्चात आगे की कार्रवाई शुरू की गई । कार्रवाई शुरू होते ही ग्रामीणों द्वारा एक सुर में चयन समिति से पूछा गया कि ज्ञापन 878 स० क० 26/11/2022 के विज्ञापन का चयन हेतू उरूमकेला गाँव में प्रसंगाधीन पत्र के आदेश के अनुपालन में 19/12/22 को उरूमकेला आंगनवाड़ी सेविका की चयन प्रक्रिया ग्रामीण और पदाधिकारी , जन प्रतिनिधियों द्वारा शांति पूर्ण तरीके से ग्रामिणों के सहयोग से किया गया था और प्रार्थी उम्मीदवार को चयन की औपबंधिक प्रमाण पत्र दिया गया था एवं पूर्व में चयनित प्रार्थी को कार्य करने की मौखिक आदेश भी दिया गया था । जो विगत एक वर्ष से सेविका का कार्य की। वहीं जिला प्रशासन द्वारा प्रार्थी को लगातार अश्वासन देते रहे और आज फिर से उरूमकेला गाँव में सेविका चयन की प्रक्रिया की जा रही है। इस विषय को लेकर ग्रामिणों द्वारा जोर दार विरोध कर कहा की जो चयन 2022 में किया गया था। वही प्रार्थी को चयन किया जाना चाहिए प्रार्थी विगत एक वर्ष से कार्यरत रही ।जिसे लेकर पदाधिकारीयों को ग्रामीणो द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा। इधर ग्रामिणों द्वारा विरोध करने पर चयन प्रक्रिया स्थागित कर दी गई। ग्रामिणों द्वारा मांग किया गया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में चयनित प्रार्थी को ही सेविका बहाल किया जाए।

### नशा मुक्ति को लेकर केरसई में चला जागरुकता अभियान

**केरसई।** नशा मुक्ति अभियान के तत्वाधान में केरसई पुलिस प्रशासन व प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय केरसई ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली का आयोजन किया। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान रैली का नेतृत्व करते हुए केरसई थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि युवा वर्ग ही देश का अग्रिम भविष्य है और आज के वर्तमान दौर में युवा वर्ग ही सबसे ज्यादा नशा से ग्रसित है। हमें अपने समाज और राष्ट्र को सशक्त, दृढ़ बनाने के लिए युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करना होगा। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में विद्यार्थियो की जागरूकता एवं भूमिका को अहम बताया। साथ ही स्वच्छ और समृद्ध समाज की स्थापना हेतु विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचने की सलाह दी।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के तहत रन फॉर ड्रग फ्री सिमडेगा का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिला को नशे एवं मादक पदार्थों से मुक्त करने के लिए मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर ड्रग्स फ्री सिमडेगा का आयोजन किया गया। इस दौरान मादक पदार्थों के विरूद्ध लोगों को जागरूकता किया गया।रन फॉर ड्रग्स फ्री सिमडेगा की शुरूवात केलाघाघ मोड़ से उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अगुवाई किया गया और यह कार्यक्रम गांधी मैदान सिमडेगा मे महात्मा गांधी स्मारक स्थल तक पहुंच कर समाप्त किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व उपायुक्त ने सभी लोगों को जिले को नशे मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाया। जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारी, छात्र और शहरवासी शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित सभी पदाधिकारी गण के द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सुमत तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, सदर अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### टीएलएम मेला सह प्रदर्शनी का किया आयोजन, डीडीसी ने किया उद्घाटन



**गिरिडीह।** नगर भवन गिरिडीह में निपुण समागम के तहत टीएलएम मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बताया गया कि 19 से 22 जून तक प्राथमिक कक्षा में शिक्षण कार्य करने वाले 100 शिक्षकों के साथ शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाषा शिक्षण के अंतर्गत हिंदी तथा अंग्रेजी विषय में तथा जनजातीय भाषा अंतर्गत संथाली भाषा में एवं अंकगणित से संबंधित प्रदर्श, 3डी मॉडल, फ़्लैश कार्ड, राइमिंग वर्ड्स, चकरी, योग चकरी, बहु उपयोगी शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित कृतियों को बनाकर प्रदर्शित किया गया। बता दें कि मेले में जिले के कई विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया साथ ही इस प्रकार की शिक्षण सामग्री बनाने एवं कक्षा कक्ष में बच्चों को सिखाने में उसके उपयोग करने हेतु प्रेरित हुए। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त द्वारा भाग लिया गया। जबकि मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं समग्र शिक्षा अभियान के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी एवं विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा भाग लिया गया। भाषा एवं गणित शिक्षण के अंतर्गत जीएलएन कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कॉम्पोनेंट्स पर चर्चा की गई।

### बच्ची को अगवा कर बेचने की तैयारी कर रहे साधु वेषधारी तीन बदमाश गिरफ्तार



**गिरिडीह।** साधु के वेश में एक बच्ची को अगवा कर उसे बेचने की तैयारी कर रहे तीन बदमाशों को गिरिडीह नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को मुक्त कराकर डुमरी में उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि हरियाणा राज्य के नम्बर प्लेट के वाहन से साधु के वेश में तीनों अपराधी डुमरी थाना इलाके से एक बच्ची को अगवा कर गिरिडीह शहर में बेचने की तैयारी में थे। इसी दौरान एसपी को मिली गुप्त सूचना पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और तकनीकी टीम के सहयोग से बस पड़ाव पहुंचे, जहां तीनों साधु के वेश में अपने साथ बच्ची को रखे हुए थे। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो चारों उसी गाड़ी में मिले। आरोपितों ने पुलिस की पूछताछ में कबूला कि वे बच्ची को बेचने की तैयारी में थे। सारा डील फाइनल हो चुका था लेकिन इससे पहले पकड़ लिए गए। आरोपितों में सरोज लाल देव, सुनील लाल देव और त्रिपुरारी लाल देव शामिल हैं। नगर थाना पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता

**साहिबगंज।** मादक द्रव्यों के खिलाफ जनजागरुकता अभियान को लेकर स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। इसे लेकर शहर के पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय व कस्तुरबा गांधी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय साहिबगंज के बच्चियों के बीच प्रतियोगिता हुई थी। उसके सफल अभ्यर्थियों को बुधवार को टाउन हॉल में आयोजित टीएलएम प्रदर्शनी सह मेला के दौरान पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में पोखरिया सीएमएस से पेंटिंग में पल्लवी कुमारी, सुसुम कुमारी व रूत कुमारी, केजीबी से शीतल टुडू, आर्या राज व काजल कुमारी,निबंध लेखन में पोखरिया से प्रीति कुमारी, सुहानी कुमारी व सृष्टि कुमारी, केजीबी स्कूल से निबंध लेखन में निराली कुमारी, शीला व निशा खातून, स्लोगन लेखन में वर्षा कुमारी, निराली कुमारी व नाईसा कुमारी,भाषण प्रतियोगिता में सोनी कुमारी, जागृति कुमारी व नाईसा खातून एवं क्विज में निराली कुमारी, वर्षा कुमारी व गायत्री कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेता रही। जिन्हें डीईओ कुमार हर्ष, एडीपीओ आशीष कुमार, बालिका शिक्षा प्रभारी अनिमा सिंह, बीईईओ प्रफुल्ल सिंह आदि ने पुरस्कृत किया। मौके पर सभी को मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ शपथ भी दिलाया गया।

### बोकारो : नशा मुक्त समाज निर्माण में भूमिका निभाएंगे छात्र-छात्राएं



**कथारा।** केबी कॉलेज बेरमो में बुधवार को एनएसएस इकाई, मादक द्रव्य बहिष्कार अभियान कोषांग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैद्य तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त समाज निर्माण को शपथ दिलाई। छात्र-छात्राएं मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाएंगे। प्रो इंचार्ज गोपाल प्रजापति ने कहा जागरूकता से समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकेगा। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने छात्र-छात्राओं से एंटी ड्रग्स स्क्वायड टीम बनाने हेतु विभागवार नाम की मांग की, जो नशा मुक्त भारत पखवाड़ा में अपनी भूमिका निभाएंगे। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने ऑनलाइन ई प्रतिज्ञा लेने की विधि की जानकारी दी। कॉलेज के छात्र-छात्राएं नशीली दवाओं के दुरुपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से ई प्रतिज्ञा लेंगे और अपना प्रमाण पत्र भी डाउनलोड करेंगे। प्रो अमित कुमार रवि, डा व्यास कुमार, प्रो पीपी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद कुमार दास, हरीश नाग, नंदलाल राम आदि उपस्थित रहे।

### जलमीनारों की जांच के लिए जिला परिषद सचिव को सौंपा ज्ञापन

**चाईबासा।** झींकपनी प्रखंड से जिला परिषद सदस्य जॉन मिरन मुंडा ने पेयजल के लिए झींकपानी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए जलमीनारों की जांच के लिए जिला परिषद सचिव को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि प्रखंड में लगे सोलर सिस्टम जलमीनर के अधिष्ठापन में बड़ा घोटाला हुआ है। इसमें घटिया सोलर प्लेट, पानी टंकी एवं एंगल को लगाया गया है, जिसके कारण अधिकतर जलमीनर खराब हो गए हैं। इससे आम लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने जांच के लिए एक कमेटी गणित करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रति मुख्य सचिव झारखंड सरकार तथा सचिव पंचायती राज विभाग को भी भेजा है।

### झारखंड आंदोलनकारियों का लंबित आवेदन निष्पादित करने की मांग

**गोमिया।** झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितकारण आयोग में पिछले 7-8 साल से आंदोलनकारी के लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता सह झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद, पार्टी के बोकारो जिला सचिव पंचानन महतो एवं राज्य परिषद सदस्य मो शाहजहां के नेतृत्व में कई झारखंड आंदोलनकारी रांची स्थित आयोग मुख्यालय में आयोग के सदस्य भुनेश्वर महतो से मिले। महमूद ने आयोग को बतलाया कि सैकड़ों आंदोलनकारी जिनके आवेदनों की जिला नोडल पदाधिकारीयों के द्वारा जांच हो चुकी है और जांच प्रतिवेदन 8 वर्ष पूर्व आयोग को प्राप्त हो चुकी है किंतु फिर भी निष्पादन के अभाव में आयोग में आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। कहा कि गरीब 95 वर्षीया पेटरवार के चरगी निवासी जगदम्बा महतो का भी आवेदन लंबित पड़ा हुआ है और वे आर्थिक लाचारी काजीवन बिता रहे हैं। महमूद ने सभी लंबित आवेदनों का अविलंब निष्पादन करने पर जोर दिया।

# दुल्हनिया लाने निकला दूल्हा, अचानक चलती कार में लगी आग


मामूली रूप से झुलसा दूल्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी।** सेहरा बांधकर नई कार से दुल्हनिया लाने निकले दूल्हे व बारात में शामिल लोग बेहद ही खुशनुमें माहौल में दुल्हन की घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक ऐसी घटना हो गयी कि सारे लोग सहम गए। दरअसल दूल्हे की फूलों से सजी कार अचानक से धधक उठी। घटना गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके की है। बताया जाता है कि मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के सठनाल निवासी मो। अयूब के पुत्र मो। गुलाम की बारात घोड़थम्बा ओपी क्षेत्र के कुबरी गांव जा रही थी। दूल्हा पूरी बारात लेकर अपनी दुल्हनिया को लाने के लिए निकला ही था कि इसी बीच बारातियों के काफिले के बीच दूल्हे की कार धू-धूकर जलने लगी। हालांकि कार में सवार लोग आग लगने की घटना से अंजान थे। तभी दूसरे वाहन में सवार लोगों आग देखा तो हो हल्ला किया और कार को तिसरी पुल के पास रुकवाया। कार रुकने के बाद अंदर बैठे लोगों को भी आग लगने का एहसास हुआ। जिसके बाद सभी ने दौड़ कर कार में बैठे लोगों को निकाला। मिली जानकारी के अनुसार कार में ड्राइवर और दूल्हा समेत कुल पांच लोग सवार थे। जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं लोगों के निकलने के दौरान आग ने विकराल रूप ले लिया कार के अंदर रखे पटाखे उड़ने लगे। इसकी आवाज सुनकर आस - पड़ोस के लोगों को लगा कि कोई बारात जा रही है, लेकिन धीरे - धीरे कार के पुर्जे, टायर वगैरह भी ब्लास्ट होने लगा। जिसके बाद आस - पास के लोग घरों से निकल गए। घटना में दूल्हा और एक बच्ची के मामूली रूप से झूलसने की बात सामने आई है।

## अवैध रूप से चल रहे लॉटरी धंधे का भंडाफोड़

# रैकेट से जुड़े 5 गिरफ्तार

▶ *14 लाख से अधिक मूल्य के टिकट बरामद*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में अवैध रूप से लॉटरी का धंधा संचालित कर आम लोगों को ठगने के एक बड़े गिरोह पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के द्वारा धंधे में संलिप्त 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही करीब 14 से 15 लाख मूल्य के लॉटरी के टिकट को बरामद किया गया है। इस बाबत बुधवार को पपरवाटांड स्थित अपने कार्यालय से एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में अवैध रूप से लॉटरी टिकट की खरीद बिक्री होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर नगर थाना और मुफस्सिल थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गयी। इस दौरान मदन बरनवाल के आवास से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों में पंजाबी मोहल्ला निवासी अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, आदित्य दास, झरियागादी निवासी मोहम्मद इम्तियाज अंसारी और डरियाडीह निवासी तालिब खान शामिल है। एसपी ने बताया कि छापेमारी के दरम्यान मौके से काफी संख्या में लॉटरी के बंडल बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब्त टिकट का मूल्य 14 लाख से अधिक है। छापेमारी दल में नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पुलिस अवर निरीक्षक गोविंद कुमार, सत्येंद्र पाल, विक्रम कुमार सिंह, नरेश उरांव, मो। शाहिद अंसारी, आरक्षी बच्चन कुमार आदि शामिल थे।

## रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान को लेकर बुधवार को गिरिडीह झंडा मैदान से रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए। साथ ही संकल्प लिया गया कि नशा करने से रोकने व स्वयं को रोकने एवं अन्य को भी रोक में प्रोत्साहन करने का काम किया जायेगा। इस दौरान आमजनों से नशा मुक्ति अभियान में जिला प्रशासन की सहयोग की बात कही गई। लोगों से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से अवगत करवाएं। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सर जे सी बोस उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज का यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है ताकि इस अभियान के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाय और लोगों को नशे की चपेट में आने से बचाया जा सके।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा से सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होते हैं। समाज में फैल रहे नशे को हमसभी को मिलकर रोकना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को नशा के सेवन से दूर किया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान में समाज के हर वर्ग की भूमिका अहम है।

### मनरेगा जनसुनवाई के दौरान जमकर हंगामा

## प्रमुख व मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष के बीच हुई जमकर बहसबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड सभागार में बुधवार को आयोजित मनरेगा जनसुनवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रमुख पूनम देवी और मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष भागीरथ मंडल के बीच जमकर बहस बाजी हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को देख लेने तक की बात कह डाली। हालांकि बाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करवाया और जनसुनवाई कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2020 से लेकर 2023 तक 3 वर्षों के कार्यकाल का लेखा-जोखा जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान देखा गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में पंचायत में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन और उसके उपयोगिता पर चर्चा की गई। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने कहा कि सभी योजनाओं के बारे में जनसुनवाई कार्यक्रम दौरान चर्चा की जाएगी।

## राशन कटौती मामले में डीएसओ ने डीलर से मांगा स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के बरमसिया में जन वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा राशन वितरण में किए जा रहे मनमानी से जुड़ी खबर को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने अपने कार्यालय से पत्र जारी कर जन वितरण प्रणाली विक्रेता प्रशांत कुमार चौधरी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं स्पष्टीकरण नहीं देने पर अनुज्ञप्ति को निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई का भी जिक्र पत्र में किया गया है। गौरतलब है कि इससे जुडी खबर का कल प्रकाशन किया था। जिसमें कार्डधारियों ने डीलर प्रशांत कुमार पर आरोप लगाया था कि पहले वह 2 किलो अनाज की कटोती करता था, लेकिन पिछले कुछ महीनें से वह मनमाने ढ़ंग से हरेक कार्ड पर 3 से लेकर 5 किलों तक अनाज की कटौती कर रहा है। इतना ही नहीं वर्तमान में एक आवास से डीलर अनाज का वितरण कर रहा है, जो लगभग बंद ही रहता है। इसको लेकर जब कार्ड धारकों ने सवाल उठाया तो राशन नहीं देने की धमकी दी और कहा कि जिस अधिकारी के पास शिकायत करना है करें उसे किसी से कोई भय नहीं है। डीलर के इस मनमानी पर कार्ड धारकों ने नाराजगी जताई थी। वहीं पत्रकारों के पहुंचने के बाद डीलर मशीन खराब होने की बात कहकर वितरण दुकान बंद मौके से निकल गया था।

**डीलर की मनमानी को लेकर बीडीओ के पास पहुंचे दर्जनों कार्डधारी**

राशन डीलर की मनमानी के विरुद्ध बुधवार को गिरिडीह सदर प्रखंड के शीतलपुर के दर्जनों कार्डधारी सिरसिया स्थित प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्डधारियों ने बीडीओ से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि अनुराधा महिला विकास समिति शीतलपुर में संचालित है। यहां डीलर द्वारा हर बार राशन देने में आनाकानी किया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर कभी मशीन खराब रहने का बहाना, तो कभी दुकान ही बंद रखता है। इतना ही नहीं कई बार गेहूं का फिंगर लगाकर गेहूं नहीं देता है। साथ ही सभी के कार्ड से राशन की कटौती भी किया जाता है। मौके पर कार्डधारियों ने डीलर के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए डीलर बदलने की मांग है। ग्रामीणों की सभी समस्याओं को सुनने के बाद बीडीओ गणेश रजक ने जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच कर गलत पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय), झारखण्ड, राँची**

**-:आम – सूचना:-**

**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए जलनिधि की योजना।**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची के स्वीकृत्यादेश संख्या 22 दिनांक 18.06.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास मानसुन पर सिमडेगा जिला के कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतू "जलनिधि" एक महत्वाकांक्षी योजना है। उक्त योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से अच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत तक अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

योजना का स्वरूप

(i) डीप बोरिंग की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank – 120ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank–12ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

कृषक/संस्था का चयन

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन मे त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं की ही चयन किया जायेगा साथ ही माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्ति :–

1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा, द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
3. **आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.07.2024 तक कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन् तक जमा कर सकते है।**

- ➢ संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
- ➢ पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
- ➢ पानी पंचायत का बैंक में बचत खाता खोलकर कृशक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
- ➢ लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
- ➢ गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
- ➢ जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।
- ➢ प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0) अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत।
- ➢ राजस्व ग्राम का नक्शा।
- ➢ आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
- ➢ स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**

**द्वितीय तल, कृषि भवन, सिमडेगा 835223**

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**

**PR 327822 Simdega(24-25)#D**



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी।**

–:आवश्यक सूचना:–

खूँटी जिला के किसानों सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री कुसुम (कृषक ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) Component- B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन अनुदानित दर पर ज्रेडा, राँची के द्वारा किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत 2 एच०पी० **(AC&DC),** 3 एच०पी० **(AC&DC)** एवं 5 एच०पी० **(AC&DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट (Submersible/Surface Mounted) उपलब्ध करायी जाएगी।

वैसे लघु एवं सीमांत किसान जिनके खेतों **Grid Connectivity** उपलब्ध नहीं है, वह योजना के Online website Portal **http://pmkusum.jharkhand.gov.in** पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2 एच०पी० **(AC&DC),** 3 एच०पी० **(AC&DC)** एवं 5 एच०पी० **(AC&DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए Online आवेदन स्वयं से करेंगे। जिसमें से पम्प के क्षमता अनुसार निर्धारित लाभुक अशंदान का भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। तथा **AC** एवं **DC** का चयन किसान/लाभुक के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्पसेट क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का Online भुगतान होगा। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | क्षमता | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 एच०पी० (AC&DC) | 5000.00 | खूँटी जिला के किसानों के लिए लक्ष्य 430 प्राप्त है। |
| 2 | 3 एच०पी० (AC&DC) | 7000.00 | |
| 3 | 5 एच०पी० (AC&DC) | 10000.00 | |

लाभुकों के चयन की प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी :–

1. वैसे कृषक या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना लाभ पूर्व में मिल चुका है उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिसका स्वयं का सिंचाई कूप या 4''/6''/8''/10'' व्यास का डीप बोरिंग उपलब्ध हो जिसमें जल जमाव वर्ष भर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जाएगा। जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में समक्ष नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जाएगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व में न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु ही आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
6. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुड़े हुए किसान है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेजों को आवेदन पत्रों के साथ Online Portal पर अपलोड करना आवश्यक होगा :–

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशन कार्ड/वोटर आई०डी०/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदन द्वारा विहित प्रपत्र में घोषाण पत्र नोटरी के माध्यम से बनवाकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी कार्यालय में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

अन्य शर्तें :–

- वैसे आवेदन डाटा/जांच के दौरान गलत पाये जाते है तो उस रद्द कर दी जाएगी।
- यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दी जायेंगे तो उन्हें एक जगह दूसरी जगह हस्तांरित नहीं किया जाएगा और न ही विभाग द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जाएगी।
- ज्रेडा, राँची द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जाएगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
- समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों में–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हाल की फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों के प्राप्त Online आवेदनों (वाछित अनुलग्नक के साथ) की जांच की जाएगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ज्रेडा कार्यालय, रांची को अग्रसारित कर दी जाएगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्ति एवं अधिष्टापन हेतु Online आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.07.2024 समय अपराह्न 05:00 बजे तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये Online आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाएगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

नोट :–

1. Online आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्पसेट की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
2. सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा के दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो विभाग द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
3. उपरोक्त सोलर पम्पसेट के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजाना फोन कॉल या अन्य कोई Online Portal पर की जाने वाली धोखाधड़ी से हमेशा सावधान रहे अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखाधड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

ह०/–

उप विकास आयुक्त, खूँटी।

PR 327726 District(24-25)D

## जान बचाने के बजाय वीडियो बनाते लोग

***हाल*** ही में सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें लू से तड़पते एक पुलिसकर्मी की मृत्यु हो जाती है और उसका सीनियर वीडियो बनाता रहता है। न्यूज चैनलों पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सुबह-सुबह एक युवती को एक ऐसे व्यक्ति ने मार डाला, जिसे उसका पूर्व प्रेमी बताया जा रहा था। यह मामला प्रेम प्रसंग में आई कड़वाहट का लग रहा था। पीठ पर बैग लटकाए हुए उस लड़के ने युवती पर लगातार हमला किया, जबकि वहां खड़े अन्य लोग, खासकर उससे काफी बड़े लोग यह सब देख रहे थे। यह कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसमें कोई खतरनाक अपराधी बंदूक या किसी घातक हथियार से लोगों को डरा रहा हो, बल्कि यह एक छोटे कद का लड़का था, जो युवती पर हमला कर रहा था। ऐसी हिंसा के सामने लोगों की यह निष्क्रियता क्या बताती है? पिछले वर्ष एक अन्य लड़के को पत्थर से एक लड़की के सिर को कुचलते हुए देखा गया था, जबकि आसपास खड़े कई लोग मूकदर्शक बने हुए थे। शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरे इन भयावह घटनाओं को कैद करने का बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन वे यह भी दिखाते हैं कि लोगों की नैतिकता कितनी गिर चुकी है। इन सभी मामलों में और अन्य मामलों में भी तथ्य यह है कि असहाय और असुरक्षित पीड़ित को क्रूरता का सामना करना पड़ता है और लोग हस्तक्षेप नहीं करते हैं। यह हमें न केवल हैरान करता है, बल्कि यह भी बताता है कि एक बार घर से निकलने के बाद आप बिल्कुल अकेले होते हैं। दूसरी तरफ ऐसे भी उदाहरण हैं, जब भले लोगों ने मामले में हस्तक्षेप किया और उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। कुछ साल पहले मुंबई में रुबेन और कीनन नामक दो लड़कों को तब अपनी जान गंवानी पड़ी, जब वे अपने समूह की दो लड़कियों को छेड़खानी करने वालों से बचा रहे थे। उस समय भी काफी सारे लोग अपराधियों को उन्हें पीटते और चाकू घोंपते देख रहे थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। कीनन तो वहीं मर गया, लेकिन रुबेन 11 दिनों तक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ता रहा। एक बार फिर यह घटना राष्ट्रीय समाचार बनी। ऐसी घटनाओं पर बाद में आक्रोश जताना और नैतिक रूप से निंदा करना एक नियमित अभ्यास हो गया है, लेकिन वास्तव में कुछ नहीं बदलता है। कीनन और रुबेन की घटना 2011 में हुई थी और अब 2024 में भी हम इन स्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसा लगता है कि ये घटनाएं बहुत दूर नहीं, बल्कि हमारे पड़ोस में हो रही हैं, जैसा कि मेरी घरेलू सहायिका ने बताया। बहुत संभव है कि हममें से कोई भी ऐसी किसी घटना में फंस जाए और बहुत कम मदद मिले। समाज के लोगों के बीच एक अघोषित अनुबंध होता है कि हम एक-दूसरे का ख्याल रखेंगे और खतरों का सामना करते हुए एक-दूसरे के प्रति दयालुता दिखाएंगे। यह एक मानवीय अनुबंध है, जो उन मानवीय मूल्यों और अनुभवों पर आधारित होते हैं, जिन्हें एक समाज के रूप में हम साझा करते हैं। हालांकि अक्सर इस अनुबंध का उल्लंघन होता है। यह बेहद आम है और निर्मम तरीके से होता है, जैसे ट्रैफिक में एंबुलेंस को रास्ता देने या जानलेवा खतरे में पड़े किसी व्यक्ति की मदद करने से इन्कार करना। इस तरह की निष्क्रियता का क्या मतलब है? यह एक मनोवैज्ञानिक स्थिति है, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' कहा जाता है, जो कुछ हद तक इसके बारे में खुलासा करता है। वर्ष 1964 में किट्टी जेनोविस नामक एक महिला बारटेंडर की न्यूयॉर्क में बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी गई। मीडिया में छपे एक लेख में दावा किया गया कि 38 लोगों ने कुछ अप्रिय घटना सुनी या देखी, लेकिन किसी ने भी पुलिस को नहीं बुलाया। इससे व्यापक स्तर पर लोगों में दहशत फैली और एक अध्ययन शुरू हुआ, जिसे 'बाईस्टैंडर प्रभाव' के नाम से जाना जाता है। पाया गया कि जब किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अपराध होता है, तो वहां मौजूद लोगों में जिम्मेदारी की भावना बिखर जाती है। हर कोई मानता है कि कोई दूसरा आगे बढ़कर हस्तक्षेप करेगा, हर व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत भागीदारी से जुड़े जोखिम का हिसाब लगा रहा होता है। यह व्यक्तिगत सोच सामूहिक निष्क्रियता की ओर ले जाती है।

इन दिनों

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में



ललित गर्ग

***ओम*** बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई



**ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है।**

बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं। हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है। बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा-सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना-प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरूआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

### हे आधुनिक अन्नदाता

एक बेटी से दूसरे को पिटवा दिया चार साल बाद गुस्से में ये क्या किया? शरण में दुश्मन के लिए भी ढाल जो बना उस भारत की हंसी दुनिया में उड़ा दिया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? आंदोलन और वर्दी में भेद बहुत बड़ा है, विरोध अलग है अनुशासन उससे भी बड़ा वर्दी में हमले को भगत सिंह जैसा बताया मर्यादा तोड़ने वाली को शेरनी बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? वर्दी और आंदोलन का भेद गर मिटाया संतरी ने जब पीएम को निशाना बनाया लाखों मारे गए निदोर्षों को जब जलाया पेड़ बड़े गिरने से धरती का हिलना बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? इतिहास आज जो यहाँ काला रचा गया, बयान गलत पर तरीका गलत चुना गया खेल हुआ सत्ता का सात समुंदर पार से जहर खेतों खलिहानों में रंगता चला गया, हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया ?

**वर्दी और आंदोलन का भेद गर मिटाया संतरी ने जब पीएम को निशाना बनाया लाखों मारे गए निदोर्षों को जब जलाया पेड़ बड़े गिरने से धरती का हिलना बताया हे आधुनिक अन्नदाता ये तूने क्या किया? इतिहास आज जो यहाँ काला रचा गया, बयान गलत पर तरीका गलत चुना गया खेल हुआ सत्ता का सात समुंदर पार से जहर खेतों खलिहानों में रंगता चला गया**

■ **सुनील बादल, रांची**

राजनीति

# नेता विपक्ष की कार्यशैली से देश परखेगा राहुल गांधी का सियासी ज्ञान



डॉ. रमेश ठाकुर

***सोलहवीं*** और 17वीं लोकसभा में नंबरों के लिहाज से कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी पिछड़ गई थी कि उसे नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे कब बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दारोमदार जनता के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा। हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृत्ति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है। जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे। 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि लच्छेदार बातों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला। बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

**भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

बोधि वृक्ष

## दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर



***हर*** साल चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी से यहां तीन दिवसीय शीतलाष्टमी मेला लगता है। मंदिर के पुजारी रवीन्द्र पांडेय और पंकज पांडेय ने बताया कि प्राचीन काल से चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी के दिन बसिऔरा मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस कारण मघड़ा, पचौड़ी, राणा बिगहा, जोरारपुर, वियावानी, जमालीचक, कथौली समेत आसपास के कई गांवों में चूल्हे नहीं जलते है। इन गांवों में एक दिन पूर्व शाम में ही खाना बना लिया जाता है। अष्टमी के दिन रात में लोग बनाये गये खाने को बसिऔरा (बासी भोजन) के रूप में ग्रहण करते है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



Biswambher Jha
5 d ·
#कांग्रेस_की_वैक्सीन_गर्ल... See more

देश-समाज | रिपोर्ट | संपादक की पसंद

**NEET पर जिस आयुषी पटेल के दावों को प्रियंका गाँधी ने दी हवा, उसके खुद के दस्तावेज फर्जी: कहा था- NTA ने रिजल्ट नहीं दिया, हाई कोर्ट में झूठी साबित हुई**

19 June, 2024 ऑपइंडिया स्टाफ़

आयुषी पटेल (बाएँ) का वीडियो प्रियंका गाँधी ने भी साझा किया था (चित्र

20 2 comments 7 shares

Like Comment Send Share

## X - से



__missionupsc
Mahin 31 · Charlie
Follow

**"खुद पर इतना यकीन रखो की,उड़ान देर से ही सही लेकिन सबसे ऊंची होगी"...**

विकास दिव्यकीर्ति
हिंदी लेखक

Liked by tajinderkour123 and others
__missionupsc हमारी उड़ान सबसे ऊंची होगी... more
View all 47 comments
Add a comment...
1 day ago

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड



योगेश कुमार गोयल

***योग*** का भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है। यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरूआत भारतीय संस्कृति के साथ जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्ष में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर कई रिकॉर्ड बने हैं। 2015 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुल 35,985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की शृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

टेक वर्ल्ड

## वॉट्सऐप पर आपको किसने किया है ब्लॉक? इस आसान से प्रॉसेस से जानें




**डीपी न दिखना-** अगर किसी यूजर की डीपी नहीं दिख रही है तो इसका मतलब हो सकता है कि आपको ब्लॉक किया गया हो। इसके अलावा स्टेटस भी नहीं दिखता है।

**मैसेज रीड न होना-** जो मैसेज भेजा जाता है उस पर डबल चेक निशान आता है और अगर मैसेज सीन कर लिया जाता है तो वह ब्लू हो जाता है। लेकिन, अगर ऐसा कुछ नहीं हो रहा है तो समझ लें कि सामने वाले यूजर ने आपको ब्लॉक किया हुआ है।

**लास्ट सीन-** वहीं अगर आप लास्ट सीन नहीं दिख पा रहे हैं तो इससे भी संकेत मिलता है कि आपको ब्लॉक किया गया हो। हालांकि, कई बार सामने वाला यूजर लास्ट सीन बंद करके भी रखता है।

**वॉट्सऐप ग्रुप-** कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किसी व्यक्ति को अगर आप ग्रुप में शामिल नहीं कर पा रहे हैं तो ऐसे में सामने वाले ने आपको व्हॉट्सऐप पर ब्लॉक किया हुआ है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भूमि विवाद में एसिड अटैक, 3 गंभीर रूप से झुलसे

**नवादा।** जिले में नेमदारगंज थाना क्षेत्र के भनैल लोदीपुर गांव में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के तीन लोगों पर एसिड से हमला किया गया है। इलाज कर रहे चिकित्सक एसिड की पुष्टि करते हुए हालत गम्भीरर बताया है। घटना में एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हुए हैं। झुलसे लोगों में सुगिया देवी, राजीव कुमार एवं अरविंद कुमार शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग जख्मी हुए थे। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभी एक पक्ष के लोग सदर अस्पताल से इलाज करा कर घर लौटे ही थे। तभी दूसरे पक्ष ने उनके उपर तेजाब से हमला कर दिया।

### बिहार में मीडियाकर्मी की चाकू गोदकर हत्या पुलिस जांच में जुटी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने सोशल मीडिया (यूट्यूब) से जुड़े एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, मनियारी थाना क्षेत्र के मरीपुर गांव निवासी शिव शंकर झा अपनी बाइक से मंगलवार की देर रात घर जा रहे थे, तभी गांव के शिव मंदिर के पास अज्ञात अपराधियों ने उनकी बाइक रोक कर चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। फिलहाल घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मनियारी थाना के सब इंस्पेक्टर जय शंकर राम ने बुधवार को बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आनन फानन में झा को एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# नीट मामले की जांच के बाद सब दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा : जेडीयू

एजेंसी

**पटना।** देश में नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों में आक्रोश है। जांच के दौरान इसके तार बिहार से जुड़े होने के बाद सियासत भी जमकर हो रही है। जेडीयू और आरजेडी के नेता एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस मामले में नालंदा के संजीव मुखिया का नाम सामने आया है। उसकी पत्नी ममता कुमारी की जेडीयू नेताओं के साथ फोटो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। आरजेडी के नेता इसे लेकर जेडीयू को जमकर घेर रहे हैं, जिस पर बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, जब हम लोग सार्वजनिक कार्यक्रम में होते



हैं तो कई लोग फोटो खिंचवाने आते हैं। मेरे साथ भी उनकी तस्वीर है, तो इसका मतलब क्या है ? मामले की निष्पक्ष जांच होने के बाद सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। हमारी सरकार सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कारवाई करेगी।

दरअसल नीट पेपर मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की पत्नी ममता देवी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें उनके साथ चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समेत कई जेडीयू नेता नजर आए। इसे लेकर आरजेडी की प्रवक्ता कंचन यादव ने भाजपा और जेडीयू पर हमला किया। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, नीट पेपर के आरोपी संजीव मुखिया की पत्नी के साथ प्रशांत किशोर। पेपर लीक मामले के तार जेडीयू और एनडीए से जुड़ रहे हैं इसकी जांच कब होगी ? गौरतलब है कि नीट मामले की प्रारंभिक जांच बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने की है। जांच के दौरान इसके तार नालंदा से जुडे. मिले, जिसके बाद कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ईओयू की टीम ने लगभग दो हजार पन्नों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। पूछताछ के लिए सीबीआई की टीम जेल में बंद आरोपियों को रिमांड में लेने की प्रक्रिया कर रही है।

### कोलकाता से जुड़े नीट पेपर लीक के तार, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** देश के चर्चित नीट पेपर लीक मामले के तार आखिरकार कोलकाता से भी जुड़ गए हैं। पुलिस ने बुधवार को कोलकाता स्थित एक शैक्षणिक संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेने और नीट मेरिट लिस्ट में जगह दिलाने का वादा करने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने कहा, शेक्सपियर सरणी पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर हमने मंगलवार रात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि वह किसी रैकेट में शामिल है या नहीं। आरोपित ने छात्र को कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल उसके नाम का खुलासा नहीं किया है। अधिकारी ने बताया कि छात्र के पिता ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्होंने सौदे के लिए आरोपित को 12 लाख रुपये में से पांच लाख रुपये का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# उप्र : विस उपचुनाव में होगी 'इंडिया' ब्लॉक और एनडीए की अग्निपरीक्षा

*चुनाव आयोग ने अब तक उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों गठबंधनों के प्रमुख दलों भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं*

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में होने वाला विधानसभा उपचुनाव 'इंडिया' ब्लॉक और एनडीए के लिए किसी अग्निपरीक्षा की तरह होगा। चुनाव आयोग ने अब तक उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों गठबंधनों के प्रमुख दलों भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोकसभा चुनाव में वर्तमान विधायकों के सांसद बनने से विधानसभा की नौ सीटें रिक्त हो गई हैं। एक सीट सपा विधायक



को सजा होने से भी खाली हुई है। जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर शामिल हैं। चुनावी आंकड़ों को देखें तो 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इनमें से पांच सीटें समाजवादी पार्टी ने और एक सीट राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने जीती थी। उस समय रालोद का गठबंधन सपा के साथ था। इसके अलावा, तीन सीटें भाजपा को मिली थीं। एक सीट भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के खाते में गई थी। सियासी जानकार कहते हैं कि इस बार उपचुनाव भले ही मात्र 10 सीटों पर हो रहा हो, इनके नतीजों का असर पक्ष और विपक्ष दोनों के मनोबल पर जरूर पड़ेगा। भाजपा के प्रवक्ता अवनीश त्यागी का कहना है कि पार्टी ने उपचुनाव की पूरी तैयारी पहले से ही कर रखी है। जो कोर-कसर होगी उसे भी पूरा कर लेंगे। उनका दावा है कि जनता भाजपा के साथ है। गठबंधन के सभी साथी पूरी ताकत से चुनाव अभियान में जुटे हैं। इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से विजय हासिल करेगा। सहयोगियों को सीट देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद का कहना है कि उनकी पार्टी की विधानसभा चुनाव में जो सीट थी उस पर वह उपचुनाव भी लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा बहुत अच्छे से गठबंधन धर्म निभाना जानती है। वह जो कहती है, वही करती है। इससे अच्छा गठबंधन धर्म कोई नहीं निभा सकता। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि उपचुनाव को लेकर पार्टी की पूरी तैयारी है।

## पीएचईडी की 350 निविदा रद्द किए जाने के मामले में मंत्री और पूर्व मंत्री आमने-सामने

एजेंसी

**पटना।** बिहार में पिछली महागठबंधन की सरकार के दौरान ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजनाओं की करीब 350 निविदाएं रद्द करने के मामले को लेकर वर्तमान मंत्री नीरज कुमार सिंह और पूर्व पीएचईडी मंत्री ललित यादव आमने-सामने आ गए हैं। दरअसल, एनडीए की मौजूदा सरकार ने पिछली सरकार के 350 अनुबंध रद्द कर दिए। पीएचईडी मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि पिछली सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) में हुए 826 करोड़ रुपये के 350 निविदा रद्द किए गए हैं। ग्रामीण जलापूर्ति की इन योजनाओं के लिए अब नई निविदा निकाली जाएगी। विभागीय जांच के दौरान प्रक्रिया में अनियमितता पाई गई है। गौरतलब है कि 17 महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में सरकार ने 4,600 करोड़ रुपए की 1,160 निविदा किए थे। उस समय पीएचईडी विभाग के मंत्री ललित यादव थे।



पूर्व पीएचईडी मंत्री ललित यादव कहते हैं कि निविदा में मंत्री की कोई भूमिका नहीं होती है। यह विभागीय अधिकारियों का काम है। उन्होंने कहा कि निविदा तो निकाला ही गया था, जिसका निष्पादन भी नहीं हुआ है तो फिर गड़बड़ी का सवाल कहां है। जब अब तक कार्य ही नहीं हुआ है, तो गड़बड़ी कैसे हो गई। निविदा में अगर गड़बड़ी हुई है तो इसकी जांच सीबीआई से कराएं। निविदा विभागीय अधिकारी निकालते हैं और अगर गड़बड़ी हुई तो वही जांच करेंगे? पहले ही उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा कह चुके थे कि विभागों के कार्यों की जांच कराई जाएगी। अगर गड़बड़ी हुई है तो सीबीआई से जांच कराएं।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमाचल प्रदेश में 10 जुलाई को उपचुनाव, 13 उम्मीदवार मैदान में



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीट-- देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ पर 10 जुलाई को उपचुनाव होगा। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी के बाद 13 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। हमीरपुर में निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार के नामांकन वापस लेने के बाद अब केवल तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। नालागढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार गुरनाम सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। अब पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। देहरा में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। पांच उम्मीदवार उपचुनाव लड़ेंगे। कांगड़ा जिले की देहरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की कमलेश कुमारी (53), भाजपा के होशियार सिंह (57) और निर्दलीय उम्मीदवार सुलेखा देवी (59), अरुण अंकेश स्याल (34) और संजय शर्मा (56) चुनाव लड़ रहे हैं। हमीरपुर से भाजपा के आशीष शर्मा (37), कांग्रेस के पुष्पेंद्र वर्मा (48) और निर्दलीय उम्मीदवार नंद लाल शर्मा (64) मैदान में हैं। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा (44), भाजपा के केएल ठाकुर (64), स्वाभिमान पार्टी के किशोरी लाल शर्मा (46) और निर्दलीय हरप्रीत सिंह (36) और विजय सिंह (36) मैदान में हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की शिष्टाचार भेंट



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। धामी ने उन्हें राज्य की जनता की ओर से पुनः रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नैनीताल में पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने रक्षामंत्री से पर्यटन नगरी नैनीताल में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए नैनीताल स्थित रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि को राज्य सरकार को उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद नैनीताल में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का आश्रम श्री कैंची धाम है। वहां श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोतरी हो रही है। कैंची धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नैनीताल अथवा नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्रों में ही रुकते हैं। नैनीताल में नैनी झील से 02 कि.मी. की दूरी पर रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि है। उसका क्षेत्रफल 03 एकड़ है। यदि इस भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है तो नैनीताल में एक सीमा तक पार्किंग व्यवस्था की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस स्थल को यदि बहुमंजिला पार्किंग के रूप में विकसित किया जाता है तो इसमें लगभग 1500-2000 तक वाहन पार्क हो पायेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यथासंभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।

### गोपालगंज में 11 शिक्षकों के सर्टिफिकेट में फजीर्वाड़ा

**पटना।** गोपालगंज के 11 शिक्षकों के सर्टिफिकेट में फजीवार्ड़ा सामने आया है। यह सभी शिक्षक बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से ली गई परीक्षा पास कर बहाल हुए थे। इससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। इन सभी शिक्षकों को उनके मूल प्रमाण पत्र के साथ गोपालगंज जिला शिक्षा कार्यालय में सशरीर उपस्थित होने के लिए कहा गया है। प्रथम द्रष्टया 11 शिक्षकों के प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए हैं। डीपीओ स्थापना मो जमालुद्दीन की ओर से इस फजीवाड़ें को गंभीरता से लेकर संबंधित शिक्षकों से जवाब-तलब करते हुए मूल प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

### पुणे में जीका वायरस से संक्रमित मिले डॉक्टर व उनकी बेटी, प्रशासन सतर्क



**मुंबई।** पुणे जिले के कोथरुड में एरंडवणे इलाके में जीका वायरस से पीड़ित दो मरीज मिले हैं, जिनमें 43 वर्षीय डॉक्टर और उनकी 13 वर्षीय बेटी हैं। पुणे नगर निगम की टीम इन दोनों के संपर्क आए लोगों की भी मेडिकल जांच कर रही है। साथ ही आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। कोथरुड इलाके में रहने वाले डॉक्टर को बुखार के साथ लाल चकत्ते के लक्षण दिखे थे। इसी वजह से उनके रक्त का नमूना 18 जून को परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया था। 20 जून को उनके रक्त नमूनों में जीका वायरस से संक्रमित होने की रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद डॉक्टर की बेटी में भी जीका वायरस के हल्के लक्षण दिखे। उसके रक्त के नमूने भी परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजे गए थे। रिपोर्ट के बाद वह भी जीका से संक्रमित पाई गईं। उनके संपर्क में आए अन्य लोगों में अभी तक संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग उन पर कड़ी निगरानी रख रहा है।

### बंगाल के बिराती स्टेशन पर बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही महिला पकड़ी गई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिराती रेलवे स्टेशन पर अपने बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही एक महिला को पकड़ा गया है, जिसके बाद स्टेशन पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इस मामले में इलाके के लोगों और यात्रियों ने महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने उत्तर 24 परगना के बनगांव डिवीजन के दत्तपुकुर से सियालदह जा रही लोकल ट्रेन में महिला के बैग में बच्चे को छिपा हुआ देखा। ट्रेन के बिराती स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने महिला को पकड़ लिया और उसे बच्चे के साथ रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। यात्रियों ने पुलिस और मीडिया को बताया कि महिला की बॉडी लैंग्वेज संदिग्ध लग रही थी, जिससे उनका शक और भी बढ़ गया। वहीं महिला ने डिब्बे में यात्रा कर रहे यात्रियों के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया और भागने की कोशिश की। एक यात्री ने बताया, जैसे ही ट्रेन बिराती स्टेशन पहुंची, उसने बच्चे को छोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन हमने उसे काबू में कर लिया और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया।

### तेलंगाना : तेंदुए को बचाने के चक्कर में कार पलटी, महिला की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक तेंदुए को बचाने के चक्कर में एक कार पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि हादसा येल्लम्माकुंटा में हुआ। मृतका की पहचान ललिता के रूप में हुई है। वह कामरेड्डी जिले के याचरम गांव की रहने वाली थी। उसके पति प्रभाकर को भी गंभीर चोटें आई हैं। वह अस्पताल में भर्ती है। संयुक्त निजामाबाद जिले में पहले भी तेंदुओं के कारण सड़क हादसे हो चुके हैं। फरवरी 2023 में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर चंद्रयन्नापल्ली के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक तेंदुए की मौत हो गई थी। सितंबर 2022 में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर दग्गी के वन क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक तेंदुआ मर गया था। वन अधिकारियों का कहना है कि सड़क और रेल हादसों में तेंदुओं के मरने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृषभ** — स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह** — शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु** — जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुम्भ** — किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**मीन** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

### म.प्र के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा 'आपातकाल का संघर्ष' : मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'आपातकाल के संघर्ष' को स्कूलों में पढ़ाने का ऐलान किया है। राजधानी भोपाल में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आपातकाल के दौरान किए गए लोगों के संघर्षों को याद किया। साथ ही ऐलान किया कि आपातकाल को राज्य के स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में 50 प्रतिशत किराए पर तीन दिन तक रुकने की सुविधा का लाभ मिलेगा। गंभीर रूप से बीमार होने पर मध्य प्रदेश सरकार की एयर एंबुलेंस की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहीं, एयर टैक्सी में 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

## नेपाल से निकलने वाली नदियों का जलस्तर बढ़ा

# सभी जगह पानी ही पानी





एजेंसी

**अररिया।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नेपाल से निकलने वाली नदी सहित पहाड़ी नदियों के जलस्तर में इजाफा हो गया है। अचानक अररिया जिले की परमान, बकरा, रतुआ, नुनायनादी सहित अन्य पहाड़ी नदियों के जलस्तर में इजाफा हो गया है।सीमा क्षेत्र से जुड़े कई निचले इलाके में नदी का जलस्तर फैल गया है, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सीमा पार नेपाल की औद्योगिक नगरी विराटनगर के कई इलाकों में अचानक नदी के पानी के गांव और सड़क पर पसर जाने के कारण लोग सुरक्षित ठिकानों की ओर निकलने लगे है।

# बिहार : आषाढ़ में झमाझम बारिश का इंतजार

## धान का बीज गिराने के लिए आसमान निहार रहे किसान

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मानसून की बेरुखी अब किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। आषाढ़ महीना चल रहा है लेकिन किसानों को अब भी झमाझम बारिश का इंतजार है। थोड़ी बहुत बारिश जरूर हुई है लेकिन वह खेती की गतिविधियों को शुरू करने के लिए नाकाफी है। किसान अब तक धान के बिचड़े खेतों में नहीं डाल पाए हैं, जिससे धान की खेती के पिछड़ने की संभावना बढ़ गयी है।

इस साल कृषि विभाग ने 36.56 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा है। बताया जाता है कि अभी तक 40 से 45 प्रतिशत ही बिचड़े खेतों में गिराए गए हैं। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है।



कृषि वैज्ञानिकों का भी मानना है कि अब तक बिचड़े खेतों में पड़ जाने चाहिए थे। राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबी अवधि की प्रजाति को देर से डालने वाले किसानों के लिए रबी तक पहुंच कम हो जाएगी। लंबी अवधि का बिचड़ा अब तक खेतों में पड़ जाना चाहिए था। हालांकि शॉर्ट टाइम वाले प्रभेद के लिए अभी एक सप्ताह का टाइम और है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ अखिलेश ने कहा कि किसान 110 से 135 दिनों के कम और मध्यम अवधि वाले धान लगा सकते हैं। बारिश नहीं हो रही है, ऐसे में उत्पादन घटेगा। हाइब्रिड धान की वैरायटी भी लगाना ठीक होगा। इस बीच, मानसून की बेरुखी के बाद कृषि विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग सूखे की स्थिति में फसलों की सिंचाई के लिए डीजल अनुदान देगा। इसके लिए राशि भी स्वीकृत कर ली गई है। बताया गया है कि मौसम पूर्वानुमान में राज्य में कई इलाकों में सामान्य तो कई इलाकों में सामान्य से कम बारिश की आशंका जताई गई है। ऐसे में सूखे की भी संभावना प्रबल है। इस कारण संभावित अनियमित मानसून, सूखा और अल्पवृष्टि जैसी स्थिति में सिंचाई के लिए डीजल अनुदान दिया जायेगा जिससे धान के बिचड़ों और खेतों में लगी फसल बचाई जा सके। किसान बताते हैं कि जिन खेतों में अभी दलदल होनी चाहिए, वहां लंबी और गहरी दरारें दिख रही हैं। खेतों में दूर-दूर तक कहीं भी बिचड़ा डालने के हालात नहीं है। वर्षा में और देरी हुई तो सबसे अधिक नुकसान धान की फसल को हो सकता है।

बिहार कृषि प्रधान राज्य है और धान यहां की मुख्य फसल है। बिहार का 'धान का कटोरा' कहा जाने वाला शाहबाद अभी तक पूरी तरह सूखा है। किसानों का मानना है कि अभी भी मानसून की गति धीमी बनी हुई है। जल्द बारिश नहीं हुई तो जिन इलाकों में रोपाई के लिए बिचड़ा तैयार किया गया है, वह भी सूख जाएगा। हालांकि, जिनके पास सिंचाई के अपने साधन हैं, वे इस स्थिति को कुछ हद तक झेल सकते हैं।



**टी-20 वर्ल्ड कप 2024**

साउथ अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान
प्रातः 06.00 बजे से, **स्टेडियम :** ब्रायन लारा

भारत बनाम इंग्लैंड
शाम 08.00 बजे से, **स्टेडियम :** प्रोविडेंस

**यूरो कप-2024**

1 जॉर्जिया बनाम पुर्तगाल
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियमः** एरिना औफशाल्के, स्टेडियम

2 टर्की बनाम चेक गणराज्य
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियमः** वोल्क्सपार्कस्टेडियन

## एक नजर

### कपिल सर्वसम्मति से पीजीटीआई के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में 1983 में पहली बार विश्व कप जीत दिलाने वाले महान क्रिकेटर कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। कपिल 2021 में बोर्ड सदस्य बने थे और पीजीटीआई के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। वह एच आर श्रीनिवासन से यह जिम्मेदारी संभालेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है।
65 वर्षीय कपिल ने कहा,"भारतीय प्रो गोल्फर्स पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमारे पास सभी बड़े टूर में भारतीय प्रो शामिल हैं और लगातार तीसरी बार ओलंपिक में हमारे दो गोल्फर उतरेंगे।

### आईसीसी ने फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति के सह-निमार्ता फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर दुख व्यक्त किया है। इस पद्धति का उपयोग मौसम से प्रभावित सीमित ओवरों के खेलों में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए किया जाता है। 84 वर्षीय डकवर्थ, जो 2014 तक आईसीसी के सलाहकार सांख्यिकीविद् थे, का शुक्रवार को निधन हो गया था। आईसीसी के महाप्रबंधक - क्रिकेट संचालन, वसीम खान ने डकवर्थ के निधन पर शोक व्यक्त किया और खेल में उनके योगदान को स्वीकार किया।

### भारत और इंग्लैंड के बीच प्रोविडेंस में खेला जाएगा आज का सेमीफाइनल

# भारत के पास बदला लेने का मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**
टी20 विश्व कप 2024 अब अपने चरम की तरफ बढ़ रहा है। सुपर-8 के मुकाबले खत्म हो चुके हैं और अब 27 जून को सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रात आठ बजे भारत और इंग्लैंड के बीच प्रोविडेंस में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास इंग्लैंड से बदला लेने का सुनहरा मौका है।



**टी20 में भारत का इंग्लैंड पर दबदबा**

| 23 | 12 | 12 |
|---|---|---|
| कुल मुकाबले | भारत जीता | इंग्लैंड जीता |

**पिछले सेमीफाइनल में भारत को मिली थी हार**
टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड ने भारत को सेमीफाइनल में 10 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को करारी शिकस्त दी थी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11**

**भारत**
रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

**इंग्लैंड**
फिल सॉल्ट, जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, मोइन अली, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, क्रिस जॉर्डन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, रीस टॉप्ली।

**सुपर आठ में शीर्ष पर रहकर भारत ने किया क्वालिफाई**
भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही है और उसने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत इस टूनार्मेंट में अब तक अजेय चल रही है और उसने ग्रुप चरण के बाद सुपर आठ में भी शीर्ष पर रहकर इस चरण का समापन किया। दूसरी तरफ, इंग्लैंड ने अमेरिका को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इससे पहले भी 2022 में दोनों टीमों का सामना अंतिम चार में हुआ था जहां इंग्लैंड की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

## इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा भारी : रॉबिन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत ने टी20 विश्व कप 2024 के नॉकआउट स्टेज में जगह बना ली है। टीम 27 जून को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में खेलेगी। इस मैच में भारत की संभावना और दोनों टीमों में किसका पलड़ा भारी है, इन तमाम सवालों को लेकर आईएएनएस ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन सिंह से खास बातचीत की है।



सुपर-8 के अपने आखिरी मैच में रोहित ब्रिगेड ने ऑस्ट्रेलिया को हरा कर लगातार दूसरे विश्व कप में सेमीफाइनल में एंट्री मारी है। इस जीत के साथ भारत ने कंगारुओं से वनडे विश्व कप फाइनल की हार का बदला भी चुका लिया।
टीम इंडिया अपने ग्रुप-1 की टेबल टॉपर रही और अब उसका सामना सेमीफाइनल के मंच पर इंग्लैंड से होगा। ऑस्ट्रेलिया को सबक सिखाने के बाद टीम इंडिया के पास अब दो साल पुरानी हार का बदला लेने का भी मौका होगा।
टी20 विश्व कप 2022 में भी सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से था, जहां अंग्रेजों ने एडीलेड में खेले गए उस मैच में भारत को 10 विकेट से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी और खिताब जीता था। अब करीब दो साल बाद भारतीय टीम वही हिसाब पूरा करने 27 जून को मैदान पर उतरेगी। ध्यान रहे कि इस बार टीम इंडिया के पास जसप्रीत बुमराह का साथ भी है, जो चोटिल होने के कारण पिछले टी20 विश्व कप से बाहर थे।
इस टक्कर को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन सिंह ने भी मौजूदा टीम इंडिया का पलड़ा हावी बताया है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में उन्होंने कहा कि टूनार्मेंट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम का प्रदर्शन शानदार रहा और सेमीफाइनल में वो इंग्लैंड के खिलाफ फेवरेट माने जा रहे हैं।

### 19 जुलाई से महिला टी20 एशिया कप 2024

## पहले दिन भारत का सामना पाकिस्तान से

**एजेंसी। दांबुला**
महिला टी20 एशिया कप 2024 की शुरूआत 19 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच धमाकेदार मुकाबले से होगी। मंगलवार को एशियन क्रिकेट काउंसील (एसीसी) ने टूनार्मेंट के कार्यक्रम की घोषणा की।
भारत और पाकिस्तान दिन के दूसरे मैच के लिए मैदान में उतरेंगे, जबकि पहले दिन टूनार्मेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का सामना नेपाल से होगा। आठ टीमों के इस टूनार्मेंट में भारत को यूएई और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं।
एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा तैयार और घोषित कार्यक्रम के अनुसार, प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 26 जुलाई को खेला जाएगा जबकि फाइनल 28 जुलाई को होगा।
अपने अन्य मैचों में, भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगा।
प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे, जो 24 जुलाई तक जारी रहेंगे।



**कार्यक्रम**

- 19 जुलाई : यूएई बनाम नेपाल; भारत बनाम पाकिस्तान
- 20 जुलाई : मलेशिया बनाम थाईलैंड; श्रीलंका बनाम बांग्लादेश
- 21 जुलाई : भारत बनाम यूएई; पाकिस्तान बनाम नेपाल
- 22 जुलाई : श्रीलंका बनाम मलेशिया; बांग्लादेश बनाम थाईलैंड
- 23 जुलाई : पाकिस्तान बनाम यूएई; भारत बनाम नेपाल
- 24 जुलाई : बांग्लादेश बनाम मलेशिया; श्रीलंका बनाम थाईलैंड
- 26 जुलाई : सेमीफाइनल 1; सेमीफाइनल 2
- 28 जुलाई : फाइनल

**मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे खेले जाएंगे।**

### राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की पांच हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित




**रांची।** साई सेंटर, बैंगलोर में आठ जुलाई से 31 अगस्त तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आयोजित है। इसमें झारखंड के पांच खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ी नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की रहने वाली हैं तथा एक खिलाड़ी बिनीमा धान खूंटी जिला की रहने वाली है। राष्ट्रीय हॉकी कैंप में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

## यूरो 2024 : ऑस्ट्रिया ने नीदरलैंड को हराया, पोलैंड और फ्रांस का मैच 1-1 से ड्रॉ

**एजेंसी। डॉर्टमुंड**
ऑस्ट्रिया ने यूरो 2024 में मंगलवार को ग्रुप डी में नीदरलैंड को 3-2 से हराया, जबकि पोलैंड ने ग्रुप प्ले के अंतिम मैच में फ्रांस के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। बर्लिन ओलंपिया स्टेडियम में नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही। डोनियल मालेन ने अलेक्जेंडर्स प्रैस के स्क्वायर पास को गोल में तब्दील किया, जिससे ऑस्ट्रिया को छठे मिनट में 1-0 की बढ़त मिल गई। यहां से नीदरलैंड ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम ने कई मौके गंवा दिए। हालांकि ऑस्ट्रिया ने आक्रामक रवैया अपनाया रखा। पहले हाफ में ऑस्ट्रिया ने अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर नीदरलैंड को 1-1 से बराबरी दिला दी। लेकिन रोनाल्ड कोमैन की टीम के लिए यह खुशी क्षणिक थी। फ़्लोरियन ग्रिलिट्श के सटीक क्रॉस से रोमानो शिमड ने 59वें मिनट पर गोल कर ऑस्ट्रिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। नीदरलैंड की टीम ने भी हार नहीं मानी और 75वें मिनट में मेम्फिस डेपे ने हेडर से वाउट वेगॉर्ट की सहायता से गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। यहां से मुकाबला काफी रोमांचक हो गया, लेकिन ऑस्ट्रिया ने 80वें मिनट में मार्केल सबित्जर की गोल की बदौलत मैच में 3-2 से बढ़त हासिल की और अंत में यह गोल निर्णायक साबित हुआ। ऑस्ट्रिया के मुख्य कोच राल्फ रंगनिक ने कहा, टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वे हमेशा वापसी करते हैं और वह भी एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ, जो सराहनीय है। हमने यहां एक उत्कृष्ट जीत हासिल की। ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में फ्रांस को पोलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### नेशनल पेंशन स्कीम से अप्रैल में जुड़े 1.1 लाख नए सब्सक्राइबर

**नई दिल्ली।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से अप्रैल में 1,10,655 नए सब्सक्राइबर जुड़े हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी किए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। डेटा के मुताबिक, नए सब्सक्राइबर में दो तिहाई राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। अप्रैल में नेशनल पेंशन स्कीम में करीब 79,876 राज्य सरकार के कर्मचारियों ने पंजीकरण किया है। वहीं, केंद्र सरकार के 20,000 कर्मचारियों ने इस योजना को सब्सक्राइब किया है। 10,250 सब्सक्राइबर्स कॉरपोरेट सेक्टर से थे। डेटा के अनुसार 43.8 प्रतिशत नए सब्सक्राइबर्स 18 से 28 वर्ष की आयु वर्ग के थे, जिन्हें पहली बार नई नौकरी मिली है, जो कि दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

### ग्लोबल फिनटेक इंडस्ट्री की आय 14 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**नई दिल्ली।** फंडिंग और वैल्यूएशन में बदलाव के बाद भी ग्लोबल फिनटेक इंडस्ट्री ने 2021 से 2023 तक 14 प्रतिशत की वार्षिक ग्रोथ दर्ज की है। बुधवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में निवेश करने का फायदा मिल रहा है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और क्यूईडी इन्वेस्टर्स द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि ब्राजील और भारत को डीपीआई में निवेश करने का फायदा मिल रहा है।

## वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक बैंकों से गांवों में ज्यादा शाखाएं खोलने को कहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
वित्त मंत्रालय ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से गांवों में और शाखाएं खोलने के काम में तेजी लाने के लिए कहा ताकि सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन की पहल को मजबूती प्रदान की जा सके। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने यहां एक समीक्षा बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से कहा कि सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के माध्यम से देश में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार किया गया है और वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाया गया है। बैंकों को सरकार की वित्तीय समावेशन पहलों को और मजबूत करने के लिए अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने के उद्देश्य से पुरजोर प्रयास करने चाहिए। बैठक में सीकेवाईसी, जन समर्थ पोर्टल और आधार सीडिंग से जुड़े मसलों पर भी चर्चा की गई।
जिन गांवों में अब तक बैंकिंग की सुविधा नहीं है, वहां शाखाएं खोलने की दिशा में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम सूर्य घर योजना, इथेनॉल ब्लेंडिंग इन पेट्रोल और कॉम्प्रेस्ड बायोगैस जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा की गई। सचिव ने बैंकों से अनुरोध किया कि वे हर तरह की बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर जोर दें।
समीक्षा बैठक में यूआईडीएआई, नाबार्ड, सिडबी, मुद्रा लिमिटेड, सीईआरएसएआई और एनसीजीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। यूआईडीएआई के सीईओ ने नये उत्पादों के बारे में जानकारी दी जो आधार ऑथेंटिकेशन के दौरान बैंकों के लिए लाभकारी हो सकते हैं।



### भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसत 8.3 प्रतिशत रही

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत की जीडीपी स्थिर रूप से 8 प्रतिशत की विकास दर की तरफ बढ़ रही है। इसकी वजह अहम आर्थिक सुधार जैसे जीएसटी का होना है। बॉम्बे चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 188वीं एजीएम (एनुअल जनरल मीटिंग) में दास ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रही है। इस वर्ष जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आगे कहा कि भारत के आर्थिक विकास की गति मजबूत बनी हुई है और यह आने वाले महीनों में और मजबूत होगी और देश 8 प्रतिशत की विकास दर पाने के रास्ते पर स्थिर गति से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर ने कहा कि निजी सेक्टर की ओर से पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है और आगे इसके और तेज होने की उम्मीद है।

## सैमसंग अगले महीने लाएगा एआई फीचर्स के साथ फोल्डेबल स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अगले महीने गैलेक्सी सीरीज में फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च कर सकता है। सैमसंग ने कहा कि 'गैलेक्सी अनपैक्ड 2024' इवेंट पेरिस में 10 जुलाई को होगा, जो पेरिस समर ओलंपिक के उद्घाटन से लगभग दो सप्ताह पहले है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। लेकिन बाजार पर नजर रखने वालों को उम्मीद है कि सैमसंग अपनी नई गैलेक्सी जेड फोल्ड सीरीज और गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 को बिल्ट-इन जेनरेटिव एआई के साथ पेश करेगा। अनपैक्ड इवेंट में सैमसंग अपने पहले गैलेक्सी रिंग स्मार्ट डिवाइस और गैलेक्सी वॉच 7 सीरीज से भी पर्दा उठा सकता है। इस महीने की शुरूआत में कंपनी ने गैलेक्सी एआई सुविधाओं को अपने स्वयं के मूल कॉलिंग ऐप से परे विस्तारित करने और आगामी फोल्डेबल डिवाइस के लिए गैलेक्सी एआई अनुभव को पेश करने की घोषणा की थी। कंपनी जल्द ही वॉयस कॉल का समर्थन करने के लिए अन्य थर्ड-पार्टी मैसेज ऐप में 'लाइव ट्रांसलेट' टूल का विस्तार करेगी। सैमसंग ने कहा कि जैसे-जैसे मोबाइल एआई युग तेजी से आगे बढ़ रहा है, वह न केवल आज, बल्कि कल की जरूरतों को पूरा करने के लिए मोबाइल एआई नवाचारों पर काम कर रहा है।



## ऑल टाइम हाई पर बाजार, सेंसेक्स पहली बार 78,500 के पार बंद

**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 78,759 और 23,889 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 620 अंक या 0.80 प्रतिशत बढ़कर 78,674 और निफ्टी 147 अंक या 0.62 प्रतिशत बढ़कर 23,868 पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों ने कारोबारी सत्र में बाजार को लीड किया। निफ्टी बैंक 264 अंक या 0.50 प्रतिशत बढ़कर 52,870 पर बंद हुआ। लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सुस्त था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 122 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 55,245 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45 अंक या 0.25 प्रतिशत बढ़कर 18,288 पर बंद हुआ है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, एनर्जी, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, मेटल, रियल्टी और आईटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि लार्जकैप शेयरों में वैल्यूएशन सही है। इस कारण से घरेलू बाजार ने नया ऑल टाइम हाई बनाया है।



### एफएमसीजी सेक्टर की वृद्धि दर 7 से 9 प्रतिशत रह सकती है

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से खपत बढ़ाने और नई नौकरियां पैदा करने के प्रयासों के कारण एफएमसीजी सेक्टर की वृद्धि दर 2024 में 7 से लेकर 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।
आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आने वाले समय में एफएमसीजी सेक्टर में मजबूत ग्रोथ देखने को मिल सकती है। 2024 में यह सेक्टर 7 से 9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि एफएमसीजी सेक्टर की ग्रोथ बढ़ रही है और इसका आकार 9.1 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का है।

## 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में लगी 11,000 करोड़ रुपये की बोली

**एजेंसी। नई दिल्ली**
5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में बुधवार को 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगी। इसमें भारती एयरटेल सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरी है। सरकार की ओर से किए जा रहे 96,000 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग 900 मेगाहट्र्ज और 1800 मेगाहट्र्ज के स्पेक्ट्रम की रही।
टेलीकॉम एनालिस्ट पराग कर के मुताबिक 900 मेगाहट्र्ज के स्पेक्ट्रम के लिए 6,985 करोड़ रुपये की बोली लगी है और वहीं 1800 मेगाहट्र्ज के लिए 3,579 करोड़ रुपये की बोली लगी है। पराग कर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 2,100 मेगाहट्र्ज में भारती एयरटेल द्वारा 545 करोड़ रुपये की एकमात्र बोली लगाई गई है। वहीं, वोडाफोन आइडिया (वीआई) 2500 मेगाहट्र्ज में बोली लगाने वाली एकमात्र कंपनी थी। टेलीकॉम डिपार्टमेंट द्वारा इस नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज के बैंड नीलामी के लिए रखे गए थे।



## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर अमझरिया घाटी के समीप मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिसमे बाइक सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक सूरज यादव पिता शिवचरण यादव चेतर सुकलकट्टा गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी, जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को चंदवा सीएचसी लाया गया, जहां डॉ मनोज कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। युवक के दाएं पैर में गंभीर चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाई की शादी का कार्ड बाटने कुडू गया था।

### भाजपा नेता की पहल पर पीड़ित परिवार को मिली सहायता

बरवाडीह । बरवाडीह प्रखंड के मोरवाईकला पंचायत अंतर्गत ग्राम मंडल के कोरवा टोली में सोमवार की रात जंगली हांथी ने सुनेश्वर कोरवा का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसकी जानकारी मिलते ही बरवाडीह जिप सदस्य सह भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने मंगलवार की शाम पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पता चला की सोमवार की रात जंगली हाथी द्वारा घर को ध्वस्त किया गया था और मंगलवार की शाम तक वन विभाग का कोई भी अधिकारी गरीब का क्षतिग्रत आशियाना का सुध लेने नही आया है। जिसके बाद भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने घटना स्थल से ही छिपादोहर पश्चिमी क्षेत्र के रेंजर अजय टोप्पो से दूरभाष के माध्यम से बात की और घटना की पूरी जानकारी देते हुवे कहा की आपका जंगल का हांथी यहां गांव में आकर किसी गरीब का घर ध्वस्त कर दिया है।

### अंचलकर्मियों की मिलीभगत से गलत तरीके से बन रहे एलपीसी

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज (नीलांबर-पीतांबरपुर) के अंचलकर्मियों की मिलीभगत से गलत तरीके से बनाये जा रहे एलपीसी (लैंड पोसेशन सर्टिफिकेट) के कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। ताजा मामला अंचल के ढेला गांव का है। जहां एक दलित भुइयां परिवार की जमीन सामान्य परिवार के पास बिक्री के लिए नियम विरुद्ध जाकर अंचल द्वारा एलपीसी निर्गत कर रजिस्ट्री करा दी गयी है। फिर इस जमीन का म्यूटेशन कर रसीद भी निर्गत कर दिया गया है। मामला प्रकाश में आने के बाद जब अंचल निरीक्षक महेंद्र राम से पूछा गया तो उनका कहना था कि यह जांच का विषय है। हम मूल खतियान और रजिस्टर पंजी देखने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

### सड़क की दुर्दशा के खिलाफ रोड पर उतरे आआपा के नेता

**पलामू।** जिले के पांकी प्रखंड के भरी-हूरलौंग-गोगाड़ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य महीनों से बंद होने से आम लोगों की परेशानी को देखते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने बुधवार को सड़क पर बैठकर पूर्व और वर्तमान विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि पूर्व और वर्तमान विधायक की आपस लड़ाई में पांकी विधानसभा क्षेत्र में करीब सौ करोड़ से की अधिक की योजनाएं बंद पड़ी हैं। पूर्व और वर्तमान विधायक ठेकदारी और कमीशन के लिए आपस में लड़ रहे हैं जबकि आम जनता समस्या से जूझ रही है। पूर्व और वर्तमान विधायक की लड़ाई के कारण ही भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क की स्थिति ज्यों के त्यों बनी हुई है। जायसवाल ने कहा कि वर्तमान विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य कराना शुरू किया तो पूर्व विधायक ने कोर्ट में रिट याचिका दायर कर सड़क का निर्माण कार्य रोकवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का पांकी विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ से अधिक की योजना है लेकिन ठप पड़ी है।

# मंडल मध्य विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा दिलाएं डीसी : जिप सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** जिप सदस्य संतोषी शेखर ने मंडल मध्य विद्यालय को हाई स्कूल दर्जा देने को लेकर जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को पत्र लिखा है। जहां पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोरवाईकला के मंडल में पूर्व में सिंचाई विभाग के भवन में हाईस्कूल संचालित हो रहा था जिसमें कई हाईस्कूल के शिक्षक कार्यरत थे पर शिक्षकों की सेवानिवृत्ति के बाद पुनः उक्त विद्यालय मध्य विद्यालय का रुप ले लिया। पत्र से कहा गया कि मंडल गढ़वा और लातेहार जिले के सीवाने पर है जहां गढ़वा जिले के गरीब बच्चे भी पढ़ाई करते हैं। हाईस्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को पढ़ाई के लिए 15 किलोमीटर दूर मोरवाईकला या 28 किलोमीटर दूर प्रखंड मुख्यालय बरवाडीह आना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करने एवं आर्थिक बोझ का भी वहन करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिप सदस्य ने मंडल मध्य विद्यालय को हाईस्कूल का शिक्षक योगदान करने के साथ दर्जा देने की मांग जिले के उपायुक्त से की है।

### सुब्रतो कप का बीडीओ ने किया उद्घाटन



**चंदवा।** बुधवार को खीस्त राजा विद्यालय खेल मैदान में सुब्रतो कप अंडर 15 व अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद खिलाड़ियों एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर खिलाड़ियों व मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों में छिपी प्रतिभा की खोज की जाए इस उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। प्रखण्ड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम जिला में प्रतिनिधित्व करेगी, जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा, इसलिए आप सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रौशन करें। अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला खीस्त राजा उच्च विद्यालय चंदवा व प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवा के बीच खेला गया जिसमें खीस्त राजा की टीम प्लस 2 हाई स्कूल को 1-0 से पराजित कर विजेता बनी जबकि बालिका वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल चंदवा ने खीस्त राजा विद्यालय चंदवा को 2-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं सुब्रतो कप अंडर 15 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। फाइनल के पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व अन्य अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

### बढ़ा चोरों का आतंक पांच लाख के जेवर सहित लैपटॉप की हुई चोरी

**नावाबाजार / पलामू ।** नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में अवस्थित दुकानों में लगातार चोरी घटनाएं हो रही है। जिससे व्यवसाईयों में दहशत का माहौल कायम है। थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ गया है। इस पर रोक लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार कि दोपहर में नव्या श्रृंगार स्टोर एंड फोटो डिजिटल से लैपटॉप व फल दुकान फल खरीदारी कर रहे मिस्टी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर राकेश सोनी के मोटरसाइकिल में टंगा आभूषण से भरा झोला अज्ञात चोर देखते हीं देखते लेकर भाग गए। आभूषण व्यवसाई राकेश सोनी का दुकान नावाबाजार में अवस्थित है। प्रत्येक दिन की भांति शाम को दुकान बंद कर स्टैंड में फल खरीदने गया था। जहां लगभग पांच लाख रुपए के आभूषण से भरा झोला को अज्ञात चोरो के द्वारा गायब कर दिया गया। इधर प्रखंड के स्वर्णकार संघ लगातार चोरी की हो रही घटना से आहत है। चोरी की ऐसी घटना नावा बाजार के लिए कोई पहली बार नहीं। थाना क्षेत्र के ब्रहमोरिया मोड़ पर दो स्वर्ण आभूषण दुकान में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। लेकिन पुलिस अभी तक घटना का उद्भेदन या संदिग्ध की पहचान नहीं कर सकी।

## न्यूज बॉक्स

### मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन के छह लिफ्ट बेकार

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन के सभी 6 लिफ्ट बेकार हो गए हैं। पांच लिफ्ट तो पहले से ही खराब थे। छठा लिफ्ट के खराब होते ही मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन में काम कार्य करने में मुश्किल हो गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन 4 तल्ला है। चौथे तल्ला पर ही सामुदायिक औषधि विभाग है। फैकल्टी और लड़के लड़कियों को चार तल्ला पर सीढ़ि से जाना उतरना एक कठिन काम हो कर रह गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने 6 लिफ्ट बेकार होने की पुष्टि की है। प्राचार्य ने बताया कि लिफ्ट की रखरखाव और खराब होने पर मरामाती के लिए लिफ्ट लगाने वाली कंपनी 32 लाख रुपया प्रतिवर्ष की मांग करते हैं जो यह मेडिकल कॉलेज को देने संभव नहीं है। डॉ कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार को राशि के लिए पत्र भेजा गया है ताकि लिफ्ट के संचालन किया जा सके।




### पलामू में पिस्टल और गोली के साथ तीन गिरफ्तार



**पलामू।** नेशनल हाईवे-39 पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोखराहा में मंगलवार शाम बाइक सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पिस्टल, गोली के अलावा बाइक और मोबाइल बरामद हुआ। सभी को न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपितों की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज के रहने वाले रिशु कुमार पांडे (22), शशि रंजन उर्फ पंचम कुमार (19), अखिलेश कुमार उर्फ छोटू भुइयां (19) शामिल हैं। तीनों ने मिलकर 22 जून को पोखराहा में फायरिंग करते हुए अवधेश यादव के साथ लूटपाट की थी। मोबाइल छीन लिया था। इस संबंध में सतबरवा थाना में मामला दर्ज किया गया था।

### प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव ने किया दौरा

# विकास के नाम पर जनता से हो रहा है ठगी का कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू ।** युवा कांग्रेसी नेता प्रभात कुमार दुबे उर्फ बडू दुबे बुधवार को नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा किया। जहां ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। वहीं भ्रमण के क्रम में लोगों से कहा कि क्षेत्र का विकास कार्य ठहर गया है। विधानसभा क्षेत्र का विकास प्रभावित हैं। लोगों ने बताया छोटी मोटी कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। प्रखंड स्तरीय छोटे-बड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं। किसी का कोई सुनने वाला नहीं है। श्री दुबे ने जनता की समस्या को सुनते हुए हर समस्या से निजात दिलाने की बात कही। साथ हीं कहा कि कांग्रेस हीं एक मात्र ऐसा पार्टी है जो आम जनता के हित में फैसला लेती रही है। हर जाति-धर्म को एक साथ लेकर चलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चारो तरफ लुट, आतंक व भ्रष्टाचार का बोल बाला है। जिससे जनता त्रस्त हो गई है। कहा जो भी विकास कार्य हुआ है, वह पूर्व कांग्रेस विधायक चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के कार्यकाल में की गई है। प्रखंड व अंचल कार्यालय में दलाली चरम पर है। ददई दुबे के कार्यकाल में जनता को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ता था। कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व की भाति आज भी हर चुनौतियों को स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा की जनता जात-धर्म से उपर उठ कर अगामी चुनाव मे अपने शोषक व पोषक दोनो को पहचान कर फैसला ले ताकि हमारे युवा पीढ़ी को एक बेहतर, विकसित व भय मुक्त विश्रामपुर-मझीआव विधानसभा मिल सके।



# करमा डैम के खराब फाटक की मरम्मत करवाई जाए : सुरेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर/ पलामू ।** नगर पंचायत अंतर्गत करमाकला गांव में सूर्य मंदिर के निकट करीब 45 साल पहले एक डैम बनाया गया था। इस डैम का उद्देश्य था कि करमाकला, खाटीन और लोहराही गांव में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो। शुरूआत में सैकड़ो एकड़ खेतों में नहर के माध्यम से इन गांव में पानी जाता था लेकिन डैम बनाने के कुछ ही सालों के बाद इस डैम का फाटक (गेट) खराब हो जाने के कारण करोड़ों लीटर पानी हरेक साल बरसात में ही बह जा रहा है। सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस डैम का फाटक बन जाने से छतरपुर नगर पंचायत के लोगों को बहुत सारे फायदे हो सकते हैं। करमा कला, लोहरही और खाटीन के लोगों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकता है, जिससे कि किसान भाइयों को आमदनी बढ़ेगी। डैम में पानी भरा रहने से मत्स्य पालन बृहद स्केल में हो सकता है, जिससे की यहां के लोगों की आमदनी बढ़ सकती है। पर्यटक स्थल के रूप में इस क्षेत्र का विकास हो सकता है। इस डैम के बगल में ही भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, इस जगह को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। बोटिंग की व्यवस्था की जा सकती है।छतरपुर के लोगों के लिए पार्क की व्यवस्था नहीं है, इस जगह पर घूमने / टहलने के लिए आ सकते हैं क्योंकि यह जगह प्रकृति के गोद में बसा हुआ बहुत ही रमणीक और सुंदर स्थल है। छतरपुर नगर पंचायत में पानी की भीष्म समस्या है। पानी का लेयर दिन प्रतिदिन नीचे चला जा रहा है। डैम में पानी भरा रहने से पानी का लेयर ऊपर होगा और जो पानी की भयंकर समस्या उत्पन्न हो गई है उससे निजात मिल सकती है।

> *डैम का फाटक खराब हो जाने के कारण करोड़ों लीटर पानी बरसात में ही बह जा रहा है।*

### बांबे हाईकोर्ट से मुस्लिम छात्राओं की याचिका खारिज

# कॉलेज में नकाब, बुर्का और हिजाब पर जारी रहेगा बैन

**एजेंसी। मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई के कॉलेज परिसर में हिजाब पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज की नौ छात्राओं की याचिका को खारिज कर दिया। दरअसल, कॉलेज ने अपने एक फैसले में कॉलेज परिसर में नकाब, बुर्का और हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगाया था। कॉलेज के फैसले को चुनौती देते हुए नौ मुस्लिम छात्राओं ने इस महीने की शुरूआत में हाईकोर्ट का रूख किया था। छात्राओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हम उक्त निर्णय में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। इसलिए रिट याचिका खारिज की जाती है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि शैक्षणिक संस्थानों में नियमों का पालन सर्वोपरि है। हाईकोर्ट के फैसले पर समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी की प्रतिक्रिया सामने आई है।

# 1296 लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 112 छात्रों को अब तक मिली साइकिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के छात्रों को लंबी प्रतिक्षा के बाद बुधवार को 112 विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्रों को साइकिल दिया गया है। इस कार्यक्रम में को प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत इमामनगर बरेवा मुखिया अशोक यादव व जीतेन्द्र सिंह, बीईईओ नरेश राम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ज्योति रंजन की उपस्थिति में वितरण कार्यक्रम को सफल बनाया गया। साथ ही बताया गया कि इस प्रखंड के कुल 1296 साइकिल का वितरण बीआरसी केन्द्र ईंटवा में करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में आठवीं कक्षा के छात्र - छात्राओं को इस लाभ से आच्छादित करना है। इसमें अजा, अजजा,ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग से विभिन्न विद्यालयों के छात्र व छात्रा सूचीबद्ध हैं।

# झारखंड की 22 सीटों पर चुनाव लड़ेगा राजद : संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राजद पदाधिकारी व कार्यकताओं की बैरिया स्थित चंद्रा रेजिडेंसी में बैठक हुई। इसमें प्रदेश में होनेवाले विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव व संचालन रामनाथ चंद्रवंशी ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव जनबल व धनबल के बीच था। राजद के साथ जनबल था जबकि भाजपा के साथ धन बल। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण धनबल की जीत और जनबल की हार हुई है। उन्होंने कहा कि पलामू के सभी राजद कार्यकताओं ने ईमानदारीपूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन किया है। जिसका परिणाम 5 लाख से अधिक मत राजद प्रत्याशी को मिला है। समीक्षा बैठक में रखी गई कमियों को दूर करने की बात कही गई ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में आधिकाधिक सीट पर राजद प्रत्याशी की जीत हो सके। संजय यादव ने कहा कि झारखंड में राजद पलामू प्रमंडल व चतरा जिला के सभी सीटों समेत झारखंड में 22 सीट पर चुनाव लड़ेगी। यादव ने कहा कि सभी सीटों पर प्रत्याशी भी चयन कर लिया गया है, जिसे शीघ्र ही राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन होता है तो ठीक, नहीं होने पर भी वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। समीक्षा बैठक में प्रत्याशी चयन में भी जल्दबाजी की बात कही गई। कार्यकताओं ने कहा कि जिस जाति का प्रत्याशी बनाया गया था उस जाति के के 10 से 15 प्रतिशत लोगों ने राजद प्रत्याशी जबकि शेष ने भाजपा प्रत्याशी को मतदान किया है।



## पेज एक का शेष

### नीट पेपर लीक मामले...

ईओयू की जांच के दौरान कूरियर स्टाफ ने बताया कि प्रश्नपत्रों के बॉक्स तीन मई को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा एसबीआई बैंक (हजारीबाग) में पहुंचाए गए थे। प्रश्नपत्रों के बॉक्स रांची से हजारीबाग कार से लाए गए थे और उन बॉक्सों को ई-रिक्शा से बैंक भेजा गया था। डॉ एहसान उल हक ने कहा था कि पांच मई को हजारीबाग में पांच केंद्रों पर नीट यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी। पांच मई को आयोजित नीट प्रश्नपत्र की एक बुकलेट बिहार के पटना में आधी जली हुई मिली थी। इसकी जांच करने ईओयू की टीम 21 जून को हजारीबाग आयी थी। ईओयू जांच टीम के साथ वे नीट पेपर के कस्टोडियन एसबीआई बैंक भी गये थे। पांच मई को सुबह 7:30 बजे के बाद प्रश्नों के बॉक्स मिलने के बाद उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

### नशा मुक्त झारखंड बनाना...

ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा आदि मादक पदार्थों की रिकवरी भी हुई है। सैकड़ों की संख्या में आरोपितों को जेल भेजा गया है। जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया गया है तथा सप्लाई चेन को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है।

### युवा हमारे राज्य...

तो उनके जीवन के साथ राज्य और देश के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी हाल में राज्य के युवाओं को नशे की चपेट में नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोगों को यह संकल्प और प्रतिज्ञा लेने का दिन है कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार.. पुस्तक का अनावरण भी किया गया। मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों का मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला व बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी, डीआईजी रांची, उपायुक्त रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची सहित अन्य गणमान्य लोग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### दीपिका दिल्ली रवाना...

के बाद उनके क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि पिछले मंत्रिमंडल के गठन के समय ही विधायक दीपिका पांडेय सिंह के नाम की चर्चा थी, मगर उन्हें पार्टी का बड़ा दायित्व दिया गया। युवा व तेज-तर्रार होने के साथ ही संगठन को लेकर चलने वाली दीपिका पांडेय के बारे में संगठन में भी विरोध के मजबूत स्वर नहीं हैं।

# जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में नए छात्रों की मदद के लिए शुरू हुआ आजसू का हेल्प डेस्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हताश परेशान छात्र छात्रों के मसीहा बन रहे हैं अखिल झारखंड छात्र संघ। आज आजसू द्वारा जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में नए छात्रों के नामांकन में मदद के लिए हेल्प डेस्क विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन के नेतृत्व में शुरु की गई। हेल्प डेस्क का मुख्या उद्देश्य स्नातक में नामांकन ले रहे नए छात्र - छात्राओं को मदद पहुंचना है। हिमांशु रंजन का कहना है। की इंटर की पढाई पूरी करने के बाद महाविद्यालय में सभी कार्य पहले से बिलकुल बदल जाते है और नए छात्र - छात्राओं को इसे समझने में मुश्किल होती है जिसकी वजह से जो कार्य एक दिन में हो जाना चाहिए वो जानकारी नहीं होने के कारन छात्र - छात्राएं हफ्तों तक दौड़ते रहते है। उन्होंने यह भी बताया आजसू हमेशा छात्र छात्राओं के लिए आगे खड़ा होता है। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनका कार्य आसानी हो सके। इसी क्रम में आज से हेल्प डेस्क की शुरूआत की गयी है जो की नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंगीभूत सभी महाविद्यालयों में लगाने का प्रयास है। वहीं पर उपस्थित छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा की आजसू छात्र हित में सदैव छात्रों के साथ खड़ा है। छात्र - छात्राएं आए और हमसे जुड़े। हिमांशु रंजन ने कहा की हेल्प डेस्क पर आज हमने महसूस किया की छात्रो के लिए जानकारी देने वाला एक काउंटर होना चाहिए ताकि उन्हें मालूम चल सके की कौन सा कार्य कहा और कैसे आसानी से हो सके। बिपिन शुक्ला ने कहा की छात्र - छात्राओं को जानकारी का अभाव होने से कुछ लोग इसका फायदा उठा लेते है जिसपर महाविद्यालय प्रसाशन को संज्ञान लेते हुए वैसे लोगो को पर त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया कि आज हम लोगों ने सुबह 10:30 बजे से 2:30 बजे तक हेल्प डेस्क लगा कर 114 स्टूडेंट का मदद किए। मौके पर नीतेश दुबे ,अभय कुमार, आशीष कुमार,सुरज यादव, करण कुमार, नवीन कुमार आदि छात्र मौजूद थे जिनके द्वारा की छात्रों की मदद की गई।




# जमीन विवाद में दो पक्षों की मारपीट में चली गोली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी के माड़न में बुधवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान गोली भी चली। घटना पांकी थाना क्षेत्र के माड़न की है, जहां दोपहर में एक ही परिवार में जमीन विवाद को लेकर गोली चल गई। इससे घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी हयातुल अंसारी, उम्र लगभग 15 वर्ष, को बाएं पैर में गोली लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। गंभीर रूप से घायल हयातुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ शिव शंकर मुर्मू ने प्राथमिक इलाज कर उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल वासुदेव राम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि राजकुमार राम और वासुदेव राम के बीच जमीन विवाद चल रहा था। इसे लेकर झगड़ा हुआ। इसी क्रम में एक पक्ष ने लाठी डंडे से दूसरे पक्ष की पिटाई शुरू कर दी। तभी दूसरे पक्ष ने गोली चलानी शुरू कर दी। इसमें हयातुल को पैर में गोली लग गई। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# आपातकाल निंदा प्रस्ताव पर इंडी गठबंधन में दिखा बिखराव

## भाजपा का कांग्रेस पर वार कहा, डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकाल पर लाए गए निंदा प्रस्ताव पर पूरा इंडी गठबंधन बिखरा हुआ और असमंजस में दिखा। भाजपा ने कहा कि नेता विपक्ष और कांग्रेस के सांसद खुद राहुल गांधी असमंजस में थे क्योंकि उनके समर्थन में गठबंधन दलों का कोई नेता नहीं आया। बुधवार को भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि पूरा देश आपातकाल का आज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। आज से 49 साल पहले इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। करीब डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया गया था। भारत के संविधान में 42वां संशोधन लाया गया। संविधान बचाने की बात करने वाले, संविधान की प्रतियां लहराने वाले राहुल गांधी को आईना दिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जैसे ही आपातकाल के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाए, कांग्रेस सांसद विरोध में सदन के बीचोबीच आ गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसद बैठे रहे। राहुल गांधी असमंजस में थे कि अब क्या किया जाए।

आज सदन में संविधान की प्रतियां लिए कांग्रेस सांसद संविधान के रक्षक दिखने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से लोकसभा स्पीकर का निर्वाचन होता है। आज भी लोकसभा में ध्वनि मतों से ओम बिड़ला अध्यक्ष बनाए गए। अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निंदा प्रस्ताव रखा, इमजेंसी में जो दिक्कतें थीं, उसको उजागर किया। 1.40 लाख के करीब लोगों को जेल मे डाला गया। मुलायम यादव, लालू प्रसाद, एम करुणानिधि, एम के स्टालिन, शरद यादव, टीआर बालू भी आपातकाल में जेल गए थे।



### आपातकाल के विरोध में लाए गए प्रस्ताव का जेपी नड्डा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम बिरला ने बुधवार को आपातकाल के विरोध में प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को ट्वीट करके प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा निर्मित भारत के संविधान पर कांग्रेस द्वारा किए गए इस कुठाराघात की हम निंदा करते हैं। नड्डा ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेताओं ने 'तानाशाही बंद करो' जैसा नारा लगाकर लोकसभा अध्यक्ष के वक्तव्य में विघ्नडालने का काम किया, उसे इस प्रस्ताव के समर्थन की तरह स्वीकार करता हूं।



### लोकसभा अध्यक्ष का प्रस्ताव का सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1975 के आपातकाल पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे कांग्रेस सरकार के दमन और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान करार दिया। लोकसभा में आपातकाल के विरुद्ध प्रस्ताव रखकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम्बेडकर के संविधान को सम्मान दिया। शाह ने कहा कि संसद के इस प्रस्ताव ने ज्युडीशियरी, ब्यूरोक्रेसी और मीडिया जैसे प्रमुख स्तंभों को आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर किया है।



## ब्रिफ न्यूज

### अमेरिकी संघीय अदालत ने जूलियन असांजे को रिहा किया



**वाशिंगटन।** उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित एक अमेरिकी संघीय अदालत ने बुधवार को विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। उन्होंने जासूसी अधिनियम के उल्लंघन के एक मामले में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश रमोना मंगलोना ने कहा कि वह एक 'स्वतंत्र व्यक्ति' के रूप में अदालत से बाहर निकलेंगे। न्यायाधीश ने कहा कि पहले ही ब्रिटेन की एक जेल में उनके द्वारा बिताए गये 62 महीने को उनकी सजा के रूप में स्वीकार करना उचित है।

### पाकिस्तान के कराची में भीषण गर्मी का कहर, 36 की मौत

**कराची।** कराची में इस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है। स्थानीय लोग पिछले दो दिनों से लू से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी से मरने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। कराची शहर में अज्ञात शव मिल रहे हैं। शवों के मिलने की संख्या बढ़कर अब 36 हो गई है। इससे अधिकारी बहुत ज्यादा चिंतित हो गए हैं। दरअसल न तो किसी ने शवों का दावा किया है और न ही इन अज्ञात मौतों के लिए कोई कारण बताया गया है। सिंध प्रांत की सरकार ने अज्ञात शवों की बरामदगी के बाद कराची में कम से कम 77 हीट वेव राहत केंद्र बनाए हैं। बीते तीन दिनों में भीषण गर्मी में कम से कम 36 लोगों की मौत की खबर है।

### केन्या हिंसा के बाद भारत ने जारी किया एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** केन्या में सरकार की प्रस्तावित कर बढ़ोतरी के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। नैरोबी में कम से कम पांच लोगों की इस हिंसा में मौत हो गई है और 150 से अधिक लोग घायल हैं। ऐसे में भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत ने केन्या में अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सरकार द्वारा प्रस्तावित कर वृद्धि के खिलाफ पूर्वी अफ्रीकी देश में हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच अत्यधिक सावधानी बरतें और गैर-जरूरी आवाजाही को प्रतिबंधित करें।

### अमेरिकी सैनिक पर नाबालिग से यौन उत्पीड़न का लगा आरोप

**टोक्यो।** जापान के ओकिनावा द्वीप समूह में एक अमेरिकी सैनिक पर एक नाबालिग लड़की का कथित रूप से अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किया। इस पर अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को लेकर स्थानीय विरोध और भड़कने की संभावना है। अमेरिकी वायुसेना के सदस्य ने कथित तौर पर लड़की को 24 दिसंबर 2023 को योमितान के एक पार्क में अपनी कार में बात करने के लिए आमंत्रित किया और उसे अपने आवास पर ले गया। जहां उसने लड़की को चूमने और उसके शरीर के निचले हिस्से को छूने जैसे अभद्र कृत्य किए।

## पीएम कब तक इमरजेंसी का ढोल पीटते रहेंगे : प्रियंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओम बिरला को आज दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। सदन का स्पीकर बनते ही इमरजेंसी को लेकर उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। इसे लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एनडीए सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक इमरजेंसी का ढोल पीटते रहेंगे। क्या यह सत्य नहीं है कि जब इमरजेंसी लगी थी, उसके बाद इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा था।



लेकिन उन्होंने फिर से मेहनत करके जनता का दिल जीता और सत्ता पर काबिज हुईं। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में अघोषित आपातकाल देश में लगाया गया है। आज देश में एजुकेशन और मेडिकल इमरजेंसी है। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं और पेपर लीक किए जा रहे हैं। विपक्ष की सरकार गिराकर लोकतंत्र की आवाज दबाई गई।

## तीन दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआई रिमांड में भेज दिया है। हालांकि, सीबीआई ने पांच दिनों की हिरासत की मांग की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 29 जून को तय की गई है। बता दें कि बुधवार सुबह केजरीवाल को तिहाड़ जेल से सीबीआई ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आरोप लगाया कि जिस कैबिनेट ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, उसका ना महज अरविंद केजरीवाल हिस्सा थे, बल्कि उन्होंने इस घोटाले में अहम भूमिका भी निभाई थी। सीबीआई ने कहा कि वो केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का आमना-सामना कराकर पूछताछ करना चाहते हैं, जिसे देखते हुए उनकी हिरासत जरूरी है। इसके अलावा, सीबीआई ने दावा किया कि जांच जारी है, जुलाई तक पूरी हो जाएगी। वहीं, सीबीआई ने दावा किया कि केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया पर सारा दोष मढ़ा है, लेकिन केजरीवाल ने अदालत में कहा कि उन्होंने सिसोदिया को निर्दोष बताया है। उन्होंने सिसोदिया पर इस मामले में किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया। सीबीआई ने बुधवार सुबह अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, जिसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां उनका शुगर लेवल अचानक डाउन हो गया, जिसके बाद उन्हें अलग कमरे में ले जाकर चाय और बिस्कुट खिलाई गई।



## राहुल के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर कांग्रेसी नेताओं ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा में रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर बधाई देने के लिए कांग्रेस के नेता और सांसद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। इसके पहले बुधवार को सुबह सांसदों की कांग्रेस मुख्यालय में संसदीय दल की बैठक हुई। इसके बाद राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई दी गई। राहुल को बधाई देने के लिए कांग्रेस नेताओं की भीड़ उमड़ रही। सदन में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को बधाई देनेवालों में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ कांग्रेस के अन्य नेता और सांसद मौजूद रहे।

### पुणे में जीका वायरस से संक्रमित मिले डॉक्टर व उनकी बेटी

**मुंबई ।** पुणे जिले के कोथरुड में एरंडवणे इलाके में जीका वायरस से पीड़ित दो मरीज मिले हैं, जिनमें 43 वर्षीय डॉक्टर और उनकी 13 वर्षीय बेटी हैं। पुणे नगर निगम की टीम इन दोनों के संपर्क आए लोगों की भी मेडिकल जांच कर रही है। साथ ही आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। कोथरुड इलाके में रहने वाले डॉक्टर को बुखार के साथ लाल चकत्ते के लक्षण दिखे थे। इसी वजह से उनके रक्त का नमूना 18 जून को परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया था।

### जय फिलिस्तीन का नारा लगाने वाले ओवैसी पर हो कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) के अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायजादा ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की लोकसभा में जय फिलिस्तीन (फिलिस्तीन जिंदाबाद) का नारा लगाने पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने ओवैसी की शपथ रद्द करने की मांग की है। डॉ. रायजादा ने आज विज्ञप्ति में कहा है कि ओवैसी ने लोकसभा में शपथ ग्रहण करने की परंपरा तोड़ी है। संसद में जय भारत का नारा छोड़कर जय फिलिस्तीन का नारा लगाना खतरनाक चलन का आगाज जैसा है। ओवैसी की देशभक्ति पर संदेह करना अब लाजिमी है, क्योंकि उन्होंने संसद में एक विदेशी राष्ट्र के प्रति निष्ठा दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय लिबरल पार्टी का मानना है कि ओवैसी को इसके लिए संसद के निचले सदन से अयोग्य ठहराया जाना चाहिए।

## बच्चियों को प्यार और दुलार

### पीएम से मिलने दफ्तर पहुंचीं दो खास मेहमान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए दो खास मेहमान बुधवार को पीएमओ पहुंचे। ये खास मेहमान कोई और नहीं, बल्कि दो छोटी बच्चियों हैं, जिन्हें देखकर पीएम मोदी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान उन्होंने दोनों बच्चियों के साथ कुछ पल गुजारे और बच्चियों को खूब प्यार-दुलार भी किया। दोनों बच्चियों ने पीएम मोदी को कविता भी सुनाई। जिसे सुनकर वह बेहद खुश दिखाई देते हैं और उन्हें शाबासी भी देते हैं, फिर गले लगाते हैं। दोनों बच्चियां हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पोती हैं। उनकी पोती ने पीएम मोदी की तारीफ में कविता लिखी थी।

## निर्माण की परेशानी

### बिजली जंक्शन बॉक्स में पानी प्रवेश किया, वही पानी भूतल पर गिरा

# राम मंदिर में पानी टपकने के दावे का किया खंडन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राम मंदिर को लेकर मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दावा किया था कि पहली ही बारिश में मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। उनके इस दावे पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की तरफ बयान जारी किया गया है। उन्होंने साफ किया है कि एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही गर्भगृह में पानी पहुंचा है। अयोध्या में राम मंदिर में पानी टपकने के आरोपों को चंपत राय ने गलत ठहराते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से पानी टपकने के संदर्भ में कुछ तथ्य आपके सामने रख रहा हूं। पहली बात तो यह है कि गर्भगृह में जहां भगवान रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। उन्होंने आगे कहा, ''दूसरा यह कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है, इसे गूढ़ मंडप कहा जाता है, वहां मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊंचा) घुम्मट जुड़ेगा और मंडप की छत बंद हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है।



**35** फीट व्यास का है मंडप का क्षेत्र जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढककर दर्शन कराए जा रहे हैं।

### जहां रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका : चंपत

*चंपत राय ने लिखा, ''सामान्यतया पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्यूट एवं जंक्शन बॉक्स का कार्य पत्थर की छत के ऊपर होता है एवं कन्ड्युट को छत में छेद करके नीचे उतारा जाता है, जिससे मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। ये कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स ऊपर के फ्लोरिंग के दौरान वाटर टाइट करके सतह में छुपाईं जाती हैं। चूंकि प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है।*

# कामाख्या मंदिर की शुद्धि के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुले मंदिर के पट

एजेंसी

**गुवाहाटी।** विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला शुरू होने के बाद बुधवार को कामाख्या मंदिर की शुद्धि हो गई और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। कई दिनों से कतार में खड़े श्रद्धालुओं को मां कामाख्या पीठ को छूने का मौका भी मिला। गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या मंदिर में शनिवार से विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह 8.43 बजे मां कामाख्या मंदिर का पट बंद हो गया था।

25 जून यानी मंगलवार की शाम 9.07 बजे अंबुबासी की निवृत्ति हो गयी। इसके बाद रजस्वला हुईं मां कामाख्या की शुद्धि हो गई। मंदिर की साफ सफाई के बाद बुधवार की सुबह से मंदिर का दरवाजा फिर से दर्शन के लिए खोल दिया गया। मां कामाख्या के रजस्वला होने के उपलक्ष्य में यहां हर वर्ष 22 जून से अंबुबासी मेले का आयोजन होता है। इसी प्रथा के कारण असम में बच्चियां जब पहली बार रजस्वला होती हैं तो उसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसे तुलनी वियाह के नाम से जाना जाता है। इस अवधि में मंदिर की साफ-सफाई के अलावे कोई पूजा अर्चना नहीं की जाती है।



**25** जून की शाम 9.07 बजे अंबुबासी की निवृत्ति हो गयी। इसके बाद रजस्वला हुईं मां कामाख्या की शुद्धि हो गई।